RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 34
नई दिल्ली, मंगलवार, 6 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है सरकार : तोमर

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# गुजरात में फिर भाजपा सरकार के आसार

**एग्जिट पोल**

## ● हिमाचल में कड़ी टक्कर का अनुमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कई** एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में सोमवार को यह अनुमान जताया गया कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर से सरकार बना सकती है, तो हिमाचल प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर के आसार हैं। सभी सर्वेक्षणों में कहा गया है कि गुजरात में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिल सकता है, तो वहीं कई एग्जिट पोल में हिमाचल प्रदेश में उसे बढ़त दिखाई गई है। कुछ सर्वेक्षणों में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को बढ़त मिलने का अनुमान जताया गया है। इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में कहा गया है कि गुजरात में भाजपा को 129 से 151 सीट मिल सकती है, तो कांग्रेस को 16 से 30 सीट मिलने का अनुमान है। गुजरात में आम आदमी पार्टी को 9-11 सीट मिल सकती है। एबीपी-सी वोटर के सर्वेक्षण के अनुसार, गुजरात में भाजपा को 128 से 140 सीट प्राप्त हो सकती है, तो कांग्रेस को 31 से 43 सीट के साथ संतोष करना पड़ सकता है। आप को तीन से 11 सीट मिल सकती है।

न्यूज एक्स-जन की बात के एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया है कि गुजरात में भाजपा को 117 से 140 सीट मिल सकती है, तो कांग्रेस के खाते में 34 से 51 सीट आ सकती है। आप को 6-13 सीट मिलने का अनुमान है। रिपब्लिक टीवी-पीमार्क के एग्जिट पोल के मुताबिक, गुजरात में भाजपा को 128 से 148 सीट मिल सकती है, तो कांग्रेस को 30 से 42 सीट मिलने का अनुमान है। आम आदमी पार्टी को 2-10 सीट मिल सकती है। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 93 सीट के लिए सोमवार को मतदान हुआ। इससे पहले एक दिसंबर को 89 सीट पर मतदान हुआ था। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच कड़ी टक्कर के अनुमान जताए गए हैं। हालांकि, कई सर्वेक्षणों में कहा गया है कि भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

इंडिया टुडे- एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। इसके अनुसार, कांग्रेस को 44 प्रतिशत मतों के साथ 30 से 40 सीट मिल सकती है, तो सत्तारूढ़ भाजपा को 42 प्रतिशत मतों के साथ 24 से 34 सीट हासिल हो सकती है। न्यूज 24-टुडेज चाणक्य के सर्वेक्षण में कहा गया है कि हिमाचल में भाजपा और कांग्रेस को 33-33 सीट मिल सकती है। इंडिया टीवी-मैट्रिज के चुनाव बाद सर्वेक्षण में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा को 35 से 40 सीट मिल सकती है, जबकि कांग्रेस को 26 से 31 सीट पाकर एक बार फिर से विपक्ष में रहना पड़ सकता है। न्यूज एक्स-जन की बात के एग्जिट पोल में भी हिमाचल प्रदेश में भाजपा को बढ़त मिलने का अनुमान जताया गया है। इसमें कहा गया है कि भाजपा को 32 से 40 सीट मिल सकती है, तो कांग्रेस को 27 से 34 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। रिपब्लिक टीवी-पीमार्क के सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा को 34 से 39 सीट मिल सकती है, जबकि कांग्रेस को 28 से 33 सीट हासिल हो सकती है। हिमाचल प्रदेश की 68 सदस्ईय विधानसभा के लिए 12 नवंबर को मतदान हुआ था।



अहमदाबाद में मतदान के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल

**गुजरात : कुल सीट 182**

| सर्वे एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| टीवी9 ऑन द स्पॉट | 128 | 45 | 04 | 05 |
| इंडिया न्यूज-जन की बात | 117-140 | 51-34 | 13-6 | 1-2 |
| रिपब्लिक पी-मारक्यू | 128-148 | 30-42 | 2-10 | 0-3 |
| आजतक एक्सिस माय इंडिया | 129-151 | 16-30 | 9-21 | 2-6 |
| एबीपी सी-वोटर | 128-140 | 31-43 | 3-11 | 2-6 |
| टाइम्स नाऊ ईटीजी | 139 | 30 | 11 | 02 |
| जी न्यूज-बार्क | 110-125 | 45-60 | 1-5 | 0-4 |
| न्यूज 24-टुडेज चाणक्य | 150 | 19 | 11 | 02 |
| इंडिया टीवी | 112-121 | 51-61 | 4-7 | 1-3 |

**हिमाचल : कुल सीट 68**

| सर्वे एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| रिपब्लिक पी-मारक्यू | 34-39 | 28-33 | 0-1 | 1-4 |
| टाइम्स नाऊ ईटीजी | 38 | 28 | 0 | 2 |
| इंडिया टीवी | 35-40 | 26-31 | 0-0 | 0-3 |
| इंडिया न्यूज- जन की बात | 32-40 | 34-27 | 0-0 | 2-1 |
| जी न्यूज-बार्क | 35-40 | 20-25 | 0-3 | 1-5 |
| आजतक एक्सिस माय इंडिया | 24-34 | 30-40 | 0-0 | 4-8 |
| टीवी9 ऑन द स्पॉट | 33 | 31 | 0 | 4 |
| न्यूज 24-टुडेज चाणक्या | 33 | 33 | 0 | 2 |
| एबीपी सी-वोटर | 33-41 | 24-32 | 0-0 | 0-4 |

# एमसीडी में भी बनती दिख रही 'केजरीवाल की सरकार'

## ● सभी एग्जिट पोल दिखा रहे आम आदमी पार्टी की इकतरफा जीत, कांग्रेस व भाजपा ने कहा-मतगणना का करें इंतजार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** नगर निगम में भी 'केजरीवाल की सरकार' बनती दिख रही है। कई एग्जिट पोल के अनुमानों के मुताबिक आम आदमी पार्टी दुनिया के सबसे बड़े नगर निकायों में से एक एमसीडी में 15 साल से काबिज भाजपा को सत्ता की सीट से बाहर करने जा रही है। राजधानी में एमसीडी के लिए रविवार को वोट डाले गए थे और सोमवार शाम को आए एग्जिट पोल में आप की इकतरफा जीत की भविष्यवाणी की गई है। हालांकि, भाजपा और कांग्रेस दोनों ने एग्जिट पोल के अनुमानों को खारिज कर दिया है।

आजतक-एक्सिस माई इंडिया द्वारा किए गए एक एग्जिट पोल ने आप को 149 से 171 वार्डों में जीत मिलने की बात कही है, जबकि 69-91 वार्डों में भाजपा के पार्षद बनने की भविष्यवाणी की है। टाइम्स नाउ-ईटीजी के एक अन्य एग्जिट पोल में केजरीवाल की पार्टी को 146 से 156 तथा भाजपा को 89-94 वार्डों में जीत मिलने की बात कही गई है। न्यूज एक्स-जन की बात एग्जिट पोल में आप को 159-175 वार्ड मिल सकते हैं और भगवा दल 70-92 में जीत सकती है।

तीनों चैनलों के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 10 या उससे कम वार्ड मिलते दिख रहे हैं। एनडीटीवी के एग्जिट पोल के मुताबिक, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को 250 में से 155 वार्ड मिलने की संभावना है। भाजपा और कांग्रेस ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि हम अंतिम परिणामों की प्रतीक्षा करेंगे और हम राजधानी के लोगों द्वारा लिए गए निर्णय को स्वीकार करेंगे। हमारे हिसाब से यह बहुत कठिन लड़ाई है। हमें अंतिम नतीजे तक इंतजार करना चाहिए। कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि पार्टी ने मौन प्रचार अभियान चलाया और इसका फायदा मिलने की संभावना है। एग्जिट पोल में कांग्रेस को केवल तीन से सात सीटों तक सिमटने का अनुमान लगाया गया है। निर्दलीय उम्मीदवारों को भी पांच से नौ सीटें मिलती दिख रही हैं। आप नेता जस्मिन शाह ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में उनकी पार्टी की सरकार को देश की जनता का पूरा समर्थन प्राप्त है। एग्जिट पोल के निष्कर्षों से उत्साहित जस्मिन ने कहा कि एमसीडी चुनावों में पार्टी की जीत उस सरकार की जीत है जो नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम करती है। मतगणना वाले दिन यदि एग्जिट पोल सही साबित होते हैं तो यह 15 साल से एमसीडी में काबिज भाजपा के लिए बहुत तगड़ा झटका होंगे। केंद्र में सत्ताधारी पार्टी ने तमाम केंद्रीय मत्रियों-सांसदो, कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत अन्य दिग्गज नेताओं को दिल्ली की गली-गली प्रचार के लिए घुमाया था। दूसरी ओर, आप को बेहद कम संसाधनों और गिने-चुने नेताओं के साथ गुजरात और दिल्ली के चुनावी मोर्चे पर एक साथ दौड़ना पड़ रहा था। ( शेष पेज 8 )

**एमसीडी चुनावः कुल सीट 250**

| सर्वे एजेंसी | आप | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| आजतक एक्सिस माय इंडिया | 149-171 | 69-91 | 03-07 | 05-09 |
| टाइम्स नाऊ ईटीजी | 146-156 | 84-94 | 06-10 | 00-04 |
| इंडिया न्यूज जन की बात | 150-175 | 70-92 | 04-07 | 00-01 |
| टीवी9 ऑन द स्पॉट | 145 | 94 | 08 | 03 |
| जी न्यूज बार्क | 134-146 | 82-94 | 08-14 | 14-19 |

# मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन पर सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की

## ● कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** ने जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक की सोमवार को अध्यक्षता की। राष्ट्रपति भवन में हुई यह बैठक जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर सुझाव मांगने एवं रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। इस बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने लिया हिस्सा लिया जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, सिक्किम में मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी शामिल हैं। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, माकपा महासचिव सीताराम एचुरी, भाकपा महासचिव डी राजा, तेलगू देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू आदि शामिल हैं। इस बैठक में सरकार की ओर से गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल आदि मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में विदेश मंत्रालय की ओर से जी20 की भारत की अध्यक्षता को लेकर सरकार की योजनाओं एवं इससे जुड़े कार्यक्रमों के बारे में एक प्रस्तुति दी जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी की ओर से करीब 40 दलों के अध्यक्षों को बैठक में आमंत्रित किया गया है। भारत ने एक दिसंबर को आधिकारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की है। इस साल दिसंबर से देश के विभिन्न स्थानों पर 200 से अधिक जी20 बैठकों की मेजबानी किए जाने की उम्मीद है। अगले साल नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली में जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन होना है। ( शेष पेज 8 )



जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर बुलाई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# छावला दुष्कर्म व हत्या मामले में पुनर्विचार याचिका दाखिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दस साल** पहले दिल्ली के छावला इलाके में सामूहिक बलात्कार और हत्या की शिकार उत्तराखंड की 19 वर्षीय लड़की के माता-पिता ने तीनों आरोपियों को बरी करने के फैसले के खिलाफ सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है। उनकी याचिका को उत्तराखंड बचाओ आंदोलन ने भी समर्थन दिया था।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने लड़की की जघन्य हत्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर करने के लिए फाइलों को मंजूरी दे दी थी। इस लड़की का शव 2012 में छावला में मिला था। उसका अपहरण घर के पास से उस वक्त कर लिया गया था जब वह जॉब से वापस आ रही थी। अधिवक्ता प्रणव सचदेव ने पीड़ित पक्ष की ओर से दायर पुनर्विचयार याचिका में कहा कि आरोपियों को माननीय न्यायालय ने यह निर्णय देकर बरी कर दिया था कि अभियुक्तों की न तो बयानों में पहचान की गई और न ही अभियुक्तों की कोई पहचान परेड आयोजित की गई थी। यह कहा गया है कि यह तत्काल परिस्थितिजन्य साक्ष्य का मामला है न कि प्रत्यक्ष साक्ष्य का, और वर्तमान मामले की परिस्थितियां निर्णायक रूप से साबित करती हैं कि पीड़िता के अपहरण, बलात्कार और हत्या के अपराध केवल अभियुक्तों द्वारा किए गए थे। याचिका में कहा गया है कि अदालत ने इस निष्कर्ष पर पहुंचने में गलती की है कि बीट कॉन्स्टेबलों से पूछताछ न करने से उन परिस्थितियों के बारे में गंभीर संदेह पैदा होता है, जिसके तहत अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था और कार को जब्त कर लिया गया था। निचली अदालत और हाईकोर्ट ने आरोपी को मौत की सजा सुनाई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सबूतों की कमी और अभियोजन एवं जांच में स्पष्ट दोष का हवाला देते हुए उन्हें बरी कर दिया।

## द सिटी ऑफ जॉय जैसी चर्चित किताबों के लेखक रहे डॉमिनिक लैपियर का निधन

**लंदन ( भाषा )।** द सिटी ऑफ जॉय, फ्रीडम एट मिडनाइट जैसी कई चर्चित किताबों के फ्रांसीसी लेखक डॉमिनिक लैपियर का 91 साल की उम्र में निधन हो गया। भारत में वह कोलकाता पर केंद्रित द सिटी ऑफ जॉय किताब के लिए मशहूर थे। लैपियर की पत्नी ने उनके निधन की पुष्टि की। लैपियर को 2008 के गणतंत्र दिवस पर पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कोलकाता की मलिन बस्तियों से कुष्ठ रोग से पीड़ति बच्चों को बचाने के लिए अपनी पत्नी के साथ एक मानवीय संगठन की स्थापना की, जिसका नाम सिटी ऑफ जॉय फाउंडेशन था। लेखक की पत्नी डॉमिनिक कोंचोन-लैपियर के हवाले से फ्रांसीसी अखबार वार-मेटिन ने रविवार को कहा, 91 साल की उम्र में डॉमिनिक लैपियर का निधन हो गया। माना जाता है कि 1980 के दशक से दंपति के फाउंडेशन ने भारत में कुपोषण और गरीबी के बीच कुष्ठ रोग और अन्य बीमारियों से जूझ रहे 9,000 बच्चों को बचाया। परोपकारी फाउंडेशन की वेबसाइट पर कहा गया कि इसने 1,200 गांवों में तपेदिक से लड़ने में मदद की है। ( शेष पेज 8 )

# चैरिटी का उद्देश्य धर्मांतरण नहीं होना चाहिएः सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**धर्मार्थ** कार्य (चैरिटी) का उद्देश्य धर्मांतरण नहीं होने पर बल देते हुए उच्चतम न्यायालय ने एक बार फिर सोमवार को कहा कि जबरन धर्मांतरण एक गंभीर मुद्दा है और यह संविधान के विरुद्ध है। शीर्ष न्यायालय वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिकाकर्ता ने डरा-धमकाकर, उपहार या मौद्रिक लाभ का लालच देकर किए जाने वाले कपटपूर्ण धर्मांतरण को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने का केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया है। केंद्र ने न्यायालय से कहा कि वह ऐसे तरीकों से होने वाले धर्मांतरण पर राज्यों से सूचनाएं जुटा रहा है।

केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ से इस मुद्दे पर विस्तृत सूचना दाखिल करने के लिए समय मांगा। उन्होंने एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया, जिसे शीर्ष न्यायालय ने मंजूर कर लिया। न्यायालय ने कहा, चैरिटी का उद्देश्य धर्मांतरण नहीं होना चाहिए। लालच खतरनाक है। शीर्ष न्यायालय ने स्वीकार किया कि जबरन धर्मांतरण बहुत ही गंभीर मामला है। जब एक वकील ने इस याचिका की विचारणीयता पर सवाल उठाया तो पीठ ने कहा, इतना तकनीकी मत बनिए। हम यहां हल ढूंढने के लिए बैठे हैं। हम चीजों को सही करने के लिए बैठे हैं। यदि किसी चैरिटी (धर्मार्थ कार्य या धर्मार्थ संगठन) का उद्देश्य नेक है तो वह स्वागतयोग्य है लेकिन जिस बात की यहां जरूरत है, वह नीयत है। पीठ ने कहा, इसे विरोधात्मक रूप में मत लीजिए। ( शेष पेज 8 )



**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,835 | ↓ 34 | |
| निफ्टी | 18,701 | ↑ 5 | |
| सोना | 54,070 | ↑ 220 | /10g |
| चांदी | 66,762 | ↑ 313 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### लालू का गुर्दा प्रतिरोपण ऑपरेशन सफल रहा

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के पुत्र और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि उनके पिता का सिंगापुर में गुर्दा प्रतिरोपण का ऑपरेशन सफल रहा। तेजस्वी ने राजद प्रमुख (74) को ऑपरेशन थिएटर से आईसीयू (सघन चिकित्सा इकाई) ले जाए जाने का एक वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, पिता जी का गुर्दा प्रतिरोपण ऑपरेशन सफलतापूर्वक होने के बाद उन्हें ऑपरेशन थिएटर से आईसीयू स्थानांतरित किया गया। लालू की बड़ी बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने पिता को गुर्दा दिया है। तेजस्वी ने कहा, गुर्दा दान करने वाली बहन रोहिणी आचार्य और (पार्टी के) राष्ट्रीय अध्यक्ष जी दोनों स्वस्थ है। आपकी प्रार्थनाओं और दुआओं के लिए साधुवाद।

# केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्र में खोलेगी 500 सिनेमा हॉल

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

## ● अगले साल मार्च तक पूरी होगी परियोजना, मनोरंजन के साथ सरकारी की नीतियों की मिलेगी जानकारी

**देश** के ग्रामीण क्षेत्र में मनोरंजन के आधारभूत ढांचे को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार अगले साल मार्च तक 500 सिनेमा हॉल खोलने की तैयारी कर रही है। इन सभी सिनेमा हॉल में प्रत्येक की क्षमता करीब 150 दर्शकों की होगी। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के डिजिटल पहल के अंतर्गत दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों के दर्शकों के मनोरंजन के लिए लगभग एक लाख सिनेमा हॉल खोलने का लक्ष्य है। सूत्रों ने यह भी बताया कि इस मंच का उपयोग शासन, विकास और कई जागरूकता कार्यक्रमों के प्रचार के लिए भी किया जाएगा।

सीएससी ने सोमवार को घोषणा की कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार मार्च 2023 तक 500 सिनेमा हॉल और दिसंबर 2023 तक 1500 और 2024 के वित्तीय अंत तक 10,000 ऐसे ग्रामीण सिनेमा हॉल विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में, गत अक्टूबर में सीएससी और ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता ज्ञापन सीएससी और एसपीवी (इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत) के बीच किया गया, जिसका लक्ष्य अगले कुछ वर्षों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग एक लाख छोटे सिनेमा हॉल खोलना है। ( शेष पेज 8 )

# नोएडा में कुंवारे किराएदारों से कहा-मकान खाली करो

**रिंकू यादव।** नोएडा

## ● सेक्टर-93ए की पॉश सोसायटी एमराल्ड कोर्ट का मामला, छात्र-छात्राएं व प्रोफेशनल्स मुश्किल में

## ● उप्र महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान, कहा- एओए से बात कर मामला सुलझाएंगे

**राजधानी** दिल्ली से सटे नोएडा की एक सोसायटी में कुंवारे लड़के-लड़कियों के सामने अचानक एक बड़ी मुसीबत आ खड़ी हुई है। दरअसल, देश के हाईफाई और आधुनिक सुख-सुविधाओं वाले इस शहर के सेक्टर-93ए में स्थित ट्विन टावर वाली एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने फरमान सुनाया है कि यहां किराये पर रहने वाले गैर शादीशुदा युवक और युवतियां 31 दिसंबर तक सोसायटी छोड़ दें, उन्हें यहां नहीं रहने दिया जाएगा। इस अजीबो-गरीब आदेश से न केवल यहां रहने वाले छात्र-छात्राओं और विभिन्न कंपनियों में काम करने वाले प्रोफेशनल्स में हड़कंप मच गया है, बल्कि किराए पर मकान देने वाले कुछ लोगों ने भी इसका विरोध किया है।

नोएडा शहर में स्थित एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी के अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) अध्यक्ष उदयभान सिंह तेवतिया ने सोसायटी में रहने वाले सभी अविवाहित किराएदारों से 31 दिसंबर तक मकान खाली करने को कहा है। एसोसिशन ने यह आदेश बीते माह 15 नवंबर को जारी किया था। तेवतिया ने कहा कि यहां लड़के और लड़कियां सामूहिक रूप से फ्लैट में रहते हैं। वे नियमों का उल्लंघन करते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि किराये पर उठाए गए ऐसे कई मकानों से अनैतिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है, जिसका समाज पर बहुत ही खराब असर पड़ रहा है। इसलिए नोटिस जारी कर उन्हें सोसाइटी छोड़ने का आदेश दिया गया है। एनसीआर के महत्वपूर्ण शहर नोएडा में बड़ी संख्या में आईटी, एजुकेशन, इलेक्ट्रॉनिक, फैशन, मीडिया समेत तमाम क्षेत्रों में काम करने वाले प्रोफेशनल और छात्र रहते हैं। कंपनियों में चौबीसों घंटे काम होता है, इसलिए यह शहर हमेशा गुलजार रहता है। लेकिन, सोसायटी की एसोसिएशन की तरफ से जारी फरमान ने युवा प्रोफेशनल्स को सकते में डाल दिया है। यहां रहने वाले आईटी प्रोफेशनल्स ने कहा कि यदि अवैध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही हैं तो संबंधित फ्लैट को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, एक-दो अपराधी तत्वों की सजा अन्य जरूरतमंदों को नहीं दी जानी चाहिए।

सोसायटी में किराए पर रहने वाली छात्रा प्रिया ने बताया कि यहां के करीब 10 फ्लैट में 30 छात्राओं सहित करीब 40 विद्यार्थी रह रहे हैं, जो विभिन्न कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में पढ़ते हैं। अब अचानक मिले आदेश से वे कहां जाएं? कई छात्र-छात्राओं का आरोप है कि उनके अतिथियों के आने पर सुरक्षाकर्मी उन्हें सोसायटी में आने से रोक देते हैं। उनका कहना है कि कारण पूछने पर बोला जाता है कि बाहरी व्यक्ति का सोसायटी में आना मना है। उनका आरोप है कि कई बार छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी रोका गया है और इस संबंध में शिकायत करने पर एओए की तरफ से कार्रवाई नहीं की जाती। ( शेष पेज 8 )



प्रतीकात्मक चित्र

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 6 दिसंबर, 2022



# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर लगेंगे 250 कैमरे

## दुपहिया और तीन पहिया वाहनों के चालान ऑटोमेटिक कटेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट बनते ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की सुरक्षा का खाका खींचा गया है। यूपी गेट से लेकर भोजपुर तक 42 पॉइंट पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

ये कैमरे तीन तरह के होंगे। एक कैमरा सिर्फ हाईवे पर नजर रखने के लिए होगा। दूसरा कैमरा वाहनों की नंबर प्लेट रीड करेगा। तीसरे तरह का कैमरा जूम और रोटेशन वाला होगा, जिसे एक क्लिक पर किसी भी दिशा में घुमाया जा सकेगा।

इन कैमरों के लगते ही दुपहिया और तिपहिया वाहनों के चालान ऑटोमेटिक कटने शुरू हो जाएंगे, क्योंकि एक्सप्रेसवे पर इनका संचालन प्रतिबंधित है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र और टेक्निकल टीम के बीच इस मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसके बाद दोनों विभाग की टीमों ने यूपी गेट से लेकर मेरठ बॉर्डर तक सर्वेक्षण किया। इसके बाद विभिन्न पॉइंट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर सहमति बनी है। पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने बताया कि एक हफ्ते के भीतर ये काम शुरू होने की उम्मीद है। इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और अपराधियों को आसानी से पकड़ा जा सकेगा। भोजपुर से डासना के बीच 13 पॉइंट पर 36 वीडियो इंसीडेंट डिटेक्शन सिस्टम कैमरे, 22 ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरे लगेंगे।

रसूलपुर टोल प्लाजा पर 2 पेन टिल जूम कैमरे लगाए जाएंगे। डासना से यूपी गेट के बीच 29 स्थानों पर 54 वीडियो इंसीडेंट डिटेक्शन सिस्टम कैमरे,108 ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरे लगेंगे। डासना टोल प्लाजा पर 14 पेन टिल जूम कैमरे लगेंगे। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस.वे एवं इससे सटे राष्ट्रीय राजमार्ग.9 के सभी एंट्री-एग्जिट द्वार और अंडरपासों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे। एक्सप्रेसवे पर दुपहिया व तिपहिया वाहनों का संचालन प्रतिबंधित है। इसलिए पुलिस अभी तक इनके मैनुअली चालान काटती थी। एक्सप्रेसवे पर दुपहिया व तिपहिया वाहनों का संचालन प्रतिबंधित है। इसलिए पुलिस अभी तक इनके मैनुअली चालान काटती थी। एक्सप्रेसवे पर दुपहिया और तिपहिया वाहनों का संचालन पहले से प्रतिबंधित है, लेकिन कोई इसका पालन नहीं कर रहा। ये वाहन खूब दौड़ रहे हैं।

अभी तक एक्सप्रेसवे पर सिर्फ ओवर स्पीड वाहनों के चालान ऑटोमेटिक कट रहे थे। अब ये कैमरे लगने के बाद से दुपहिया व तिपहिया वाहनों के चालान भी ऑटोमेटिक कटने शुरू हो जाएंगे। यानि अब इन वाहनों को मेरठ से गाजियाबाद के बीच सफर करने के लिए वाया मोदीनगर रास्ते का ही इस्तेमाल करना पड़ेगा।

# हिंडन एयरबेस में जबरन घुसने की कोशिश, चार युवक पकड़े

● नशे में सुरक्षाकर्मी पर कार चढ़ाने का प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कार सवार चार युवकों ने रविवार रात हिंडन एयरबेस में मुख्य द्वार से जबरन घुसने की कोशिश की। चालक नशे में धुत्त था। उसने सुरक्षाकर्मी पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। दूसरे सुरक्षाकर्मी ने बैरिकेड की मदद से उन्हें रोक लिया और चारों को पकड़कर साहिबाबाद कोतवाली पुलिस को सौंप दिया।

रविवार रात करीब नौ बजे बलेनो कार सवार चार युवक हिंडन एयरबेस के मुख्य द्वार पर पहुंचेए जहां सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि चालक ने कार नहीं रोकी और सुरक्षाकर्मी पर चढ़ाने की कोशिश की।

दूसरे सुरक्षाकर्मी ने उन पर बंदूक तान दी और बैरिकेड लगाकर रास्ता बंद कर दियाए फिर चारों को पकड़ लिया गया। चालक की पहचान राजनगर के पृथ्वी चौधरी के रूप में हुई।

उसके साथ जागृति विहार संजय नगर के अभिषेक शर्मा, रहीशपुर के सचिन चौधरी और आदर्श नगर संजय नगर के अर्पित राठी कार में सवार थे। मौके पर उनकी जांच की गई। पृथ्वी चौधरी शराब के नशे में थे। चारों को पुलिस को सौंप दिया गया। हिंडन एयरबेस के कनिष्ठ वारंट अफि सर व सहायक सुरक्षा अधिकारी राजकुमार सिंह ने चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से छानबीन की जा रही है। अब तक की जांच में पता चला है कि शराब के नशे में आरोपियों ने हिंडन एयरबेस में घुसने की कोशिश की थी।

## संक्षिप्त समाचार



सोमवार को मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश को ले जाती पुलिस।

### पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

**नोएडा।** सोमवार की देर शाम पुलिस और एक लुटेरे के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में बदमाश घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में पुलिस ने भर्ती करवाया है। यह आरोपी रेसिंग बाइक से लूटपाट की घटना को अंजाम देता था। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी पुलिस ने बताया कि शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने के लिए सेक्टर-100 में टीम ने घेराबंदी की हुई थी। देर शाम पुलिस ने बदमाश को आता देख उसे रुकने का इशारा किया लेकिन बदमाश ने पुलिस की टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई है। इसके पास से पुलिस ने मोबाइल फोन, तमंचा 315 बोर, 4 जिन्दा कारतूस, मोटर साइकिल बरामद की है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि आरोपी की पहचान नौशाद के रूप में हुई है।

### लुटेरे को लोगों ने पीटकर पुलिस को सौंपा

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोनी तिराहे के पास एक व्यक्ति का मोबाइल लूटकर भाग रहे शातिर बदमाश को लोगों ने घेरकर पकड़ लिया। भीड़ ने बदमाश की बैल्ट व डंडों से जमकर पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये लुटेरे ने अपना नाम आमिर उर्फ अमीर निवासी लोनी बताया। उसने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में लूट, झपटमारी व चोरी की अनेक वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

### बीती रात चोरों ने उड़ाई लग्जरी कार

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाने की शालीमार गार्डन चौकी क्षेत्र में प्लॉट संख्या 717 में स्थित फ्लैट में रहने वाले लव सिरोही की एसेंट कार को वाहन चोर बीती रात चुराकर ले गये। इस वारदात की रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिये पीड़ित लव सिरोही ने तहरीर साहिबाबाद थाना पुलिस को दे दी है। इस वारदात के संदर्भ में एसीपी साहिबाबाद पूनम मिश्रा का कहना है कि पुलिस वाहन चोरों को पहचान करने के लिए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### शिक्षक ने छात्रा से दो साल तक किया दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र के एक स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा से शिक्षक दो साल से दुष्कर्म कर रहा था। रविवार को पीड़िता ने मां के साथ थाने में जाकर एफ आइआर दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित शिक्षक सौरभ गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता वर्तमान में 11वीं कक्षा की छात्रा है। उसने बताया कि दो साल पहले परीक्षा में नंबर बढ़वाने का झांसा देकर उसके साथ कंप्यूटर टीचर ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर वह फेल करने और जान से मारने की धमकी देता था। हाल ही में दिल्ली में हुए श्रद्धा हत्याकांड के बाद छात्रा को डर लगने लगाए उसे श्रद्धा की तरह अपनी हत्या का डर लगा तो परिवार को जानकारी दी।

### इस्कॉन मंदिर फेस्टिवल कमेटी होगी भंग

**गाजियाबाद।** इस्कॉन मंदिर फेस्टिवल कमेटी को भंग करने की तैयारी चल रही है। सूत्रों ने बताया कि अब तक की कमेटी में जो लोग शामिल रहे हैं उनको लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इसी पर विराम लगाने के लिये मंदिर हाईकमान की ओर से कमेटी को भंग करने की तैयारी है। सूत्रों ने बताया कि नई कमेटी में शहर के कई लोगों को शामिल किये जाने की संभावना है। आने वाले कुछ समय में अब नई कमेटी के लोग मंदिर की सेवा में लगेंगे। सूत्रों ने बताया कि मंदिर की ओर से एक भव्य कार्यक्रम 15 जनवरी को हिन्दी भवन में किया जा रहा है। वहीं 29 जनवरी को भव्य जगन्नाथ यात्रा निकाली जायेगी।

### गौतमबुद्ध नगर में दो लोगों ने की आत्महत्या

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में एक महिला सहित दो लोगों ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस दोनों मामलों में आगे की कार्वाई कर रही है। सेक्टर-58 थाने के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने सोमवार को बताया कि बिशनपुरा गांव में रहने वाली छोटी (23), पत्नी प्रिंस झा ने कल रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि परिजनों ने छोटी को फंदे से लटका देखा और उसे तत्काल नीचे उतारकर नोएडा जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, बादलपुर थाना क्षेत्र में एक प्रौढ़ व्यक्ति ने मानसिक तनाव के कारण जहरीला पदार्थ खाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पप्पू (50) ने मानसिक तनाव के कारण जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी व इंजीनियर से ठगी

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने एक सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी से 1.84 लाख रुपए और एक इंजीनियर से 1.05 लाख रुपए ठग लिए। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 19 में रहने वाले सेवानिवृत्त कर्नल बृजेश कुमार सती ने शिकायत दर्ज कराई कि 30 नवंबर को उनके फोन पर एक संदेश आया था, जिसके बाद उनके खाते से अचानक पैसे कटने लगे। उन्होंने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत तत्काल संबंधित बैंक से की। बालियान ने बताया कि प्रकाश के फोन पर संदेश बैंक के नाम से आया था और जैसे ही उसने लिंक को खोला, उसके खाते से।,05,000 रुपए निकाल गए। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर लिए हैं और वह जांच कर रही है।

# नोएडा में 16 स्थानों पर एक साथ छापेमारी

● बड़ी टैक्स चोरी के संकेत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में टैक्स चोरी कर राजस्व को नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर स्टेट जीएसटी ने नोएडा समेत पूरे यूपी में बड़ी कार्यवाही की है।

प्रदेश के 71 जिलों में एक साथ छापेमारी की जा रही है। अकेले नोएडा में 16 स्थानों पर 10 टीमें छापेमारी कर रही है, जिन फर्म पर छापेमारी की गई है वे अधिकांशत: फर्नीचर से जुड़े व्यापारी है। बताया गया कि जीएसटी पोर्टल के जरिए लगातार इन फर्म पर नजर रखी जा रही थी। जीएसटी रिटर्न फाइल करने और फर्जी बिलिंग के संकेत भी मिले थे। जिससे ये फर्म बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी कर रही थी।

डाटा मिलने के बाद दोपहर बाद जीएसटी की टीमों ने पूरे प्रदेश में एक साथ छापेमारी अभियान शुरुआत की गई। नोएडा में सेक्टर-9, 10 फेज-2, दनकौर और शाहबेरी में जीएसटी की कार्रवाई जारी है। बता दे नोएडा में इन स्थानों पर फर्नीचर की बड़ी फर्म है। साथ ही वे दुकानें है जहां बड़े स्तर पर सेकंड हैंड फर्नीचर की खरीद फरोख्त होती है। इनके साथ स्थानीय पुलिस शामिल है। हालांकि अब तक की छापेमारी में कैश मिलने की जानकारी नहीं है।

ऐसे में इनकम टैक्स और अन्य संस्थानों को इस छापेमारी में शामिल नहीं किया गया है। बता दे इससे एक महीने पहले जीएसटी और आयकर विभाग की संयुक्त टीम ने नोएडा के सेक्टर.68 यूनाइटेड एक्जिम एक्सपोर्ट कंपनी पर कार्यवाही की थी। वहां से 60 लाख कैश मिला और कंपनी पर 4.6 करोड़ रुपए का राजस्व जमा करने का जुर्माना लगाया गया था।

# उद्योग के लिए आवंटित जमीन पर वाणिज्यिक गतिविधियां चलाने वालों को नोटिस जारी

● काम जारी रखने पर सील हो सकते है परिसर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने उद्योग के लिए आवंटित जमीन पर वाणिज्यिक गतिविधियां चलाने वाले 50 से अधिक व्यक्तियों एवं संस्थानों को नोटिस जारी किए हैं।

प्राधिकरण ने ये नोटिस सेक्टर चार, नौ और 10 में स्थित व्यक्तियों एवं संस्थाओं को जारी किए हैं। नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी (औद्योगिक विभाग) अविनाश त्रिपाठी ने कहा कि प्राधिकरण उद्योग खोलने के लिए जमीन आवंटित कराने के बाद उसमें वाणिज्यिक गतिविधियां चलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक गतिविधियां चलाने वालों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और गतिविधियां बंद किए जाने का शपथ पत्र मिलने के बाद ही उनके खिलाफ नोटिस वापस लिया जाएगा, अन्यथा आवंटन को निरस्त कर परिसर को सील कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नोएडा प्राधिकरण ने इसी वर्ष मार्च में सेक्टर नौ में जनता शेड्स के व्यापारियों द्वारा उद्योग की जगह वाणिज्यिक गतिविधियां संचालित करने पर उन्हें सील करने की शुरुआत की थी, जिसका व्यापारियों ने इसका विरोध किया था।

उनका कहना है कि वे 25 वर्ष से सेक्टर को वाणिज्यिक क्षेत्र घोषित करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्राधिकरण उनकी बात नहीं सुन रहा है। इस एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र नाहटा ने कहा कि वाणिज्यिक गतिविधियों के शुरू होने से औद्योगिक क्षेत्र की सूरत बिगड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि फेस- वन में चार हजार कारखानों के लिए भूखंड आवंटित है।

# कार ड्राइवर ने पुलिस कमिश्नर के पैर छुये तो उसे ड्यूटी से हटाया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नवनियुक्त पुलिस आयुक्त अजय मिश्रा को चापलूसी बिल्कुल पसंद नहीं है। वह केवल काम करने वाले कर्मचारी को ही पसंद करते हैं।

जानकारी के अनुसार वह जब अपनी सरकारी गाड़ी में बैठ रहे थे तभी चालक ने खिड़की खोलकर उनकी चरण वंदना की। बस इसी से पुलिस आयुक्त नाराज हो गए और उन्होंने तत्काल चालक को हटाने के आदेश दिये और अब पुलिस कमिश्नर की गाड़ी पर नए चालक की तैनाती की गई है। अमूमन देखा गया है कि चालक या साथ में चलने वाले पुलिसकर्मी नंबर बढ़ाने के चक्कर में अपने अफसरों की चरण वंदना करते हैं। कुछ अफसर इससे खुश भी होते हैं और कर्मचारियों की गलतियों को भी बड़े अफसर नजरअंदाज करते रहते हैं, लेकिन पुलिस आयुक्त अजय मिश्रा को ये अंदाज पसंद नहीं आया और तत्काल चालक को हटा दिया।

सूत्र बताते हैं कि आने वाले समय में पुलिस आयुक्त अपने विभाग एवं कार्यालय में भी कुछ परिवर्तन कर सकते हैं।

# डॉक्टर ने महिला कर्मी के लिए अश्लील बातें लिखीं

● चिकित्सक पर हुआ केस दर्ज, नोटिस बोर्ड पर चिपकाये थे पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक महिला कर्मी के लिए अश्लील बातें लिखी गई हैं। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने जिम्स के डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कासना कोतवाली क्षेत्र में स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉक्टर हरमेश मनोचा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि डाक्टर ने जिम्स की महिला कर्मचारी का नाम लिखकर 10 अश्लील पत्र संस्थान के नोटिस बोर्ड और अन्य स्थानों पर चस्पा कर दिए। मामले ने तूल पकड़ लिया और जिम्स प्रशासन तक बात पहुंच गई।

इसके बाद माफीनामा लिखकर महिला कर्मचारी की टेबल पर रख दिया। सीसीटीवी की फुटेज देखीं। पता चला कि माफीनामा मनोचा ने लिखकर महिला कर्मचारी की टेबल पर रखा है। इसके बाद महिला कर्मचारी ने डॉक्टर के खिलाफ पुलिस को लिखित शिकायत दी। कासना कोतवाली पुलिस ने डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज रिपोर्ट में महिला कर्मचारी ने कहा है कि इस बात से परेशान थी कि कोई व्यक्ति उसके खिलाफ अश्लील बातें लिखकर परिसर में अलग-अलग जगह चस्पा कर रहा है।

उनकी तरफ से जिम्स के निदेशक को लिखित शिकायत दी गई। आखिर में एक पत्र टेबल पर रखा मिला। इसके बाद यह पूरा मामला खुलकर सामने आ गया। डॉक्टर ने अश्लील बातें लिखने पर शर्मिंदगी जाहिर की और माफी मांगी। महिला कर्मचारी की शिकायत को लेकर कासना कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता ने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जांच की जा रही है।

# कूड़ा निस्तारण केंद्र के विरोध में ग्रामीण लामबंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दादरी नगरपालिका द्वारा नई बस्ती और चिटहैरा के बीच प्रस्तावित कूड़ा केन्द्र का प्रस्ताव निरस्त कराए जाने की मांग को लेकर 1 दिसंबर 2023 को प्रस्तावित स्थल पर होने वाली विशाल महापंचायत और जिला कलेक्ट्रेट का घेराव के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दादरी क्षेत्र के प्रभावित गांवों में जनजागरण सभाएं कर लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

इसी क्रम में नई बस्ती गांव में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए जनसभा आयोजित की गई। किसान नेता सुनील फौजी एडवोकेट ने बताया कि किसान अधिकार युवा रोजगार आंदोलन के आह्वान पर कूड़ा केंद्र को निरस्त कराए जाने के साथ साथ क्षेत्र के गांवों में शेष बची हुई एलएमसी जमीन पर खेल के मैदान, स्कूल, अस्पताल और बारातघर और पंचायत घर बनाए जाने तथा दादरी से सभी आसपास के गांवों में संपर्क मार्गों को दुरुस्त कर यातायात की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के मुद्दों को भी आंदोलन में शामिल किया गया है। गुर्जर विद्या सभा के अध्यक्ष राधा चरण भाटी की उपस्थिति में आंदोलन से जोड़ने के लिए आज बैरंगपुर उर्फ नई बस्ती गांव में युवाओं, महिलाओं और किसानों के साथ साथ भूतपूर्व सैनिकों की कमेटियां गठित करने का कार्य भी शुरू किया गया। सुनील फौजी ने बताया कि दो.दो दिन के अंतराल पर अलग अलग दर्जनों गांवों में होने वाली इन जनजागरण सभाओं के क्रम में रविवार को नई बस्ती में जन जागरण अभियान के लिए सभा की गई।

इसके बाद 7 को फूलपुर एवं 10 को आनंदपुर और 12 दिसंबर को बील अकबरपुर में अगली सभाएं कर कमेटियों का गठन किया जाएगा। इस दौरान सभा में सचिन भाटी, राजेश भाटी, सुंदर प्रधान, रोकी भाटी बीडीसी, राष्ट्रीय स्तर के गायक महाशय राकेश भाटी, महाशय शीशपाल भाटी, महाशय मनवीर भाटी, कामरेड सेलकराम भाटी, रघुवीर सिंह, टीकम फौजी, फतह भाटी नई बस्ती, देवेन्द्र भोगपुर, संजय बोड़ाकी, ध्यान सिंह फौजी चिटहैरा आदि सहित आंदोलन के लिए सभा मे शामिल रहे।

# कार चालक ने स्कूटी सवार महिला को मारी टक्कर, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सेक्टर-39 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-96 स्थित सुपरटेक ई-स्क्वायर बिल्डिंग के सामने तेज रफ्तार जगुआर कार सवार चालक ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी चालक फरीदाबाद के सैमुअल एंड्रयू पैस्टर को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। कार भी पुलिस के कब्जे में है। कोतवाली प्रभारी राजीव बालियान ने बताया कि सेक्टर.143 स्थित सरस्वती एनक्लेव निवासी दीपिका त्रिपाठी सेक्टर 96 स्थित मैसर्स राजनंदनी स्टेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बतौर रिसेप्शनिस्ट की नौकरी करती थी।

रविवार को वह ऑफिस के लिए निकली। जब दीपिका सुपरटेक ई. स्क्वायर बिल्डिंग के सामने पहुंची तभी लापरवाही और तेजी से कार चलाते हुए चालक ने महिला की स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला स्कूटी से उछलकर दूर जाकर गिरी और सिर सहित अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगने के कारण थोड़ी ही देर बाद उसकी मौत हो गई। मृतका के स्वजन को भी घटना की जानकारी दे दी गई, वह भी अस्पताल पहुंचे।

पहचान पत्र और स्कूटी के नंबर के आधार पर महिला की पहचान हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला पक्ष की ओर से अभी तक मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से नहीं की गई है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्वजन का रो रोकर बुरा हाल है।


**भौतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनील कुमार चौहान/ शशि चौहान/ LBGUR00002537952 | फ्लैट नंबर 93, ब्लॉक- जी, ग्राउंड फ्लोर, ओकस मेडले, सेक्टर 99, गुड़गांव, दिसंबर 02, 2022 | जुलाई 06, 2021 ₹ 23,42,636/- | गुड़गांव |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसम्बर 06, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) BHARATBENZ_BB3123RCBR
REG. NO.HR69D4217 -YOM-2018

2) MAH_BLAZO40TT
REG. NO. HR46E7885-YOM- 2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., 3RD FLOOR, PLOT NO 7,SECTOR 125,NOIDA-201313
OR CONTACT :JAGBIR SIR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 9999996157
EMAIL-jagbir.singh@kotak.com


# नोएडा से 5 राज्यों के लिए मिलेगी हेलीकॉप्टर सुविधा

● नोएडा प्राधिकरण ने फिर जारी किया टेंडर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा अथॉरिटी ने सेक्टर-151ए में हेलीपोर्ट बनाने के लिए एक बार फिर टेंडर जारी किया है। एक कंपनी हायर की जाएगी, जो हेलीपोर्ट का डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण का मॉडल तैयार करेगी।

यह प्रोजेक्ट जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तरह सार्वजनिक.निजी भागीदारी के तहत बनाया जाएगा। यहां से कमर्शियल हेलीकॉप्टर के संचालन की सुविधा आम और खास को मिलेगी। नोएडा अथॉरिटी के मुताबिक हेलीपोर्ट परियोजना का उद्देश्य नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हेलीकॉप्टर कनेक्टिविटी बनाना है।

वायु यात्रियों को नोएडा हवाईअड्डे से सीधे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे तक हेलीकॉप्टर मिलेंगे। दिल्ली और अन्य पड़ोसी शहरों जैसे मथुरा, आगरा और देहरादून तक नोएडा से उड़ान भरने का भी मौका मिलेगा। इससे उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड में टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। आपातकालीन परिस्थितियों में हेलीकॉप्टर के जरिए 400 किलोमीटर तक का सफर बेहद आसान और तेज हो जाएगा।

आपको बता दें कि पिछले महीने 12 नवंबर को नोएडा अथॉरिटी के बोर्ड ने हेलीपोर्ट प्रोजेक्ट के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल को मंजूरी दी है। प्रोजेक्ट की डीपीआर के अनुसार हेलीपोर्ट ग्रेटर नोएडा से 10 किलोमीटर दूर, दिल्ली हवाईअड्डे से 50 किलोमीटर और नोएडा से 27 किलोमीटर दूर बनेगा। हेलीपोर्ट के लिए कमबख्शपुर गांव में प्राधिकरण ने 9.3 एकड़ जमीन चिह्नित की है। यह साइट नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर है। एक्वा लाइन मेट्रो के सेक्टर.147 स्टेशन के पास है। हेलीपोर्ट तीन ओर से सेक्टर 151ए में बन रहे गोल्फकोर्स से घिरा होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कम मतदान का कारण तलाशने में जुटे सभी दल

## बूथवार वोट प्रतिशत के आधार पर जीत हार का आकलन कर रहे उम्मीदवार

## कई प्रत्याशी अपने पोलिंग एजेंट से मिले फीड बैक के आधार पर जीत का भर रहे दम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के 250 वार्ड के लिए रविवार को हुए मतदान के जरिए दिल्ली की जनता ने अपना फैसला सुना दिया है। कम मतदान फीसद सबके लिए चौंकाने वाला रहा क्योंकि इससे पहले वर्ष 2017 में जब एमसीडी चुनाव हुए थे। उस समय से भी करीब तीन फीसद कम मतदान इस बार मतदाताओं ने डाले। मतदान कम होने के कारणों की पड़ताल राज्य निर्वाचन आयोग कराने में जुटा है।

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक परिसीमन की वजह से बूथ बदलने, मतदाता सूचियों में नाम नहीं मिलने और मतदान केंद्रों पर कुछ अव्यवस्था की वजह से ज्यादातर वार्डों में परेशानी हुई। मतदान के दिन मतदाता इस तरह उलझे रहे की कुछ वोट डालने की उम्मीद में इधर-उधर भटके तो अधिकांश बिना वोट डाले ही अपने-अपने घर लौट गए । कुल 250 वार्डों में कुल 50.47 फीसदी मतदान हुआ, जो वर्ष 2017 के मुकाबले लगभग 3 फीसद कम है। जिसके कई मायने निकाले जा रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषक अतुल सिंघल बताते हैं भाजपा 15 सालों से एमसीडी की सत्ता में है. इसलिए उसके कोर मतदाताओं में भी कामकाज को लेकर नाराजगी साफ नजर आई। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा को समर्थन देने वाले मतदाता आम आदमी पार्टी को वोट करने में भी बहुत ज्यादा सहज नहीं थे और इसलिए उन्होंने वोट नहीं किया। दूसरी तरफ कुछ इलाकों में यह बात भी सामने आई कि आम आदमी पार्टी के गत आठ साल के शासन को लेकर के भी लोग बहुत उत्साहित नहीं थे, लेकिन ऐसे लोगों को भाजपा अपनी तरफ खींच नहीं सकी। कुछ इलाकों में कमजोर कांग्रेस के पक्ष में वोट पड़ा। कई सीटों पर कांग्रेस ने अच्छी लड़ाई लड़ी है और वह दोनों पार्टियों का खेल कई सीटों पर बिगाड़ सकती है। कम मतदान होने से यह भी हो सकता है कि जितना नुकसान भाजपा को हो रहा है, उतना ही नुकसान आम आदमी पार्टी को भी हो।

पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त राकेश मेहता ने कहा कि इससे पहले भी स्थानीय निकायों के चुनाव में वोटिंग कम हुई है लेकिन दिल्ली में 65 और 70 फीसद के करीब भी मतदान हुआ है तो इस आंकड़ें को संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।

जानकार के मुताबिक कई सारे इलाकों में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इसलिए सक्रिय नहीं थे। क्योंकि टिकट का बंटवारे को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी। ऐसी स्थिति में कई सीटों पर तो बगावत हुई, लेकिन कई सीटों पर नाराज कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच चुनाव प्रचार करने ही नहीं। यहां तक कि ऐसे कार्यकर्ताओं ने मतदान वाले दिन मतदाताओं को घर से बाहर निकालने में बहुत उत्साह भी नहीं दिखाया।

परिसीमन और चुनाव घोषित होने के आखिरी समय तक 14 नवंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के कारण लोगों को मतदान करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। वे मतदान करने के लिए एक से दूसरे बूथ तक भटकते रहे। कुछ लोग तो बिना मत डाले ही अपने घरों को लौट गए। अनाधिकृत कॉलोनियों के मतदाता हर बार की तरह इस बार भी आगे नजर आए। वहीं पॉश और गांव देहात के इलाकों में मिलाजुला उत्साह दिखा।



ईवीएम स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा बलों कड़ी निगरानी है। यहां पर 24 घंटे पहरा दिया जा रहा है। फोटो: रंजन डिमरी

### चुनावी गणित लगाने में जुटे दिग्गज

*निगम चुनाव के दिग्गज अब चुनावी गणित लगाने में जुट गए हैं। उम्मीदवार बूथवार वोट प्रतिशत के आधार पर जीत हार का आंकलन कर रहे हैं। हालांकि कई उम्मीदवार अपने पोलिंग एजेंट से मिले फीडबैक के आधार पर वे जीत का दम भर रहे हैं। विश्लेषकों की मानें तो कम मतदान और तगड़े मुकाबले के चलते नतीजें कुछ भी हो सकते हैं। वहीं कायकर्ता भी अपने क्षेत्र के प्रत्याशियों को लगातार जानकारी दे रहे है।*

### ईवीएम स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा बलों के साथ सीसीटीवी से भी निगरानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव में रविवार को हुए मतदान के बाद देर रात तक ईवीएम व अन्य प्रपत्र जमा करने का सिलसिला चला। सुबह चुनाव प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों व उनके इलेक्शन एजेंट के साथ बैठक कर मतदान के बारे में जानकारी दी। इसके बाद संबंधित निर्वाचन अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की ईवीएम व अन्य प्रपत्रों को स्ट्रांग रूम को सील कर अर्ध सैनिक बलों की सुरक्षा व्यवस्था सौंप दिया। ईवीएम स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केंद्र पर चौबीसों घंटे सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। मतगणना सात दिसंबर को होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकनायक राष्ट्रीय स्मृति सम्मान 21 दिसंबर को



**नई दिल्ली।** लोकनायक जयप्रकाश राष्ट्रीय कला और संस्कृति प्रतिष्ठान द्वारा दिया जाने वाला वार्षिक राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह - %लोकनायक राष्ट्रीय स्मृति सम्मान 2022 का आयोजन 21 दिसंबर को किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष हेमंत शेष (पूर्व आईएएस) ने बताया कि पुरस्कार संस्था के प्रतिष्ठित चयन समिति द्वारा चुने गए देश के विशिष्ट व्यक्तियों को कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य, लोककला, संगीत, सांस्कृतिक पत्रकारिता और कला संरक्षण जैसे विशेष क्षेत्रों सहित सामाजिक सशक्तिकरण, न्याय व सुरक्षा, रचनात्मक कौशल तथा 'युथ आईकॉन' जैसे व्यापक क्षेत्रों में उनके महत्वपूर्ण व्यक्तिगत योगदान के लिए प्रदान किया जाता है । प्रेसवार्ता में संस्था के राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द ओझा, राष्ट्रीय सचिव प्रो. दया शंकर तिवारी, राष्ट्रीय मुख्य सलाहाकार बाबा विजयेंद्र ने बताया कि पुरस्कार समारोह लोकनायक जयप्रकाश राष्ट्रीय कला और संस्कृति प्रतिष्ठान और लोकनायक जयप्रकाश अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन

### परिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** भारतीय बौद्ध संघ के तत्वाधान में कांस्टीट्यूशन क्लब में संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्य नारायण जटिया, विश्व हिंदू परिषद के दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना, पूर्व मेयर अनीता आर्या, समता सैनिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एआर जोशी, भारतीय बौद्ध संघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सोनकर, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा शालनी राठी, राष्ट्रीय महामंत्री विकास उज्जैनवाल, राष्ट्रीय महामंत्री और दिल्ली प्रभारी एडवोकेट राहुल गौतम आदि लोगों ने डॉक्टर बी आर अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जटिया ने कहा कि डॉ बीआर अंबेडकर दुनिया के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। भारतीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते संघप्रिय राहुल ने कहा कि अंबेडकर किसी धर्म के खिलाफ नहीं थे वह सिर्फ समाज में समानता को स्थापित करना चाहते थे।

### राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय में प्रदर्शनी का समापन

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पियों के हस्तशिल्पों के व्यापक प्रचार के लिए चल रहे विशेष प्रदर्शनी का समापन हुआ। प्रदर्शनी के आखिर दिन में कला प्रेमियों ने प्रदर्शित किए गए उत्पादों को सराहा। इस प्रदर्शनी में 110 पुरस्कृत कृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई थी । इसका उद्देश्य पुरस्कार विजेताओं की रचनात्मकता, कौशल, अथक परिश्रम और शिल्पकारिता की जटिल विरासत को प्रदर्शित कराना था। इसका उद्देश्य रचनात्मकता, कौशल का प्रदर्शन करना था । प्रदर्शित किए गए उत्पाद थे हैंड ब्लॉक बैग प्रिंटिंग, टेराकोटा क्राफ्ट, सैंडल वुड कार्विंग, मिनिएचर पेंटिंग, ब्रास मेटल एनग्रेविंग क्राफ्ट, ब्लू आर्ट पॉटरी क्राफ्ट, पाम लीफ एनग्रेविंग क्राफ्ट, ब्लॉक मेकिंग, मेटल वर्क, सोजनी एम्ब्रायडरी क्राफ्ट, आर्टिस्टिक टेक्सटाइल, स्टोन कार्विंग आदि।

### कड़कड़डूमा इलाके के एक होटल में लगी आग

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा इलाके में स्थित एक होटल में सोमवार सुबह आग लग गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कड़कड़डूमा अदालत परिसर के पास स्थित एक होटल की तीसरी मंजिल पर रसोई में आग लग गई। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुबह नौ बजकर 12 मिनट पर आग लगने की सूचना देने के लिए फोन आया और तुरंत ही दमकल की 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

## चार मंजिला इमारत भरभरा कर गिरी

● नगर निगम ने खतरनाक घोषित किया था, कोई हताहत नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



शास्त्री नगर इलाके में चार मंजिला इमारत के भरभराकर गिर गई। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच हुआ है। हालांकि, राहत की बात यह है कि भवन खाली था जिसके कारण कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ। इमारत गिरने की घटना का वीडियो सामने आया है।

बताया जा रहा है कि इस इमारत को स्थानीय बिल्डर बना रहा था, जिसे दिल्ली नगर निगम ने डेंजर घोषित कर रखा था। जानकारी के मुताबिक, यह घटना सोमवार सुबह नॉर्थ दिल्ली के शास्त्री नगर इलाके में हुई। सुबह सर्दी होने के कारण बहुत कम लोग अपने घरों से निकले थे। कुछ लोग थे, जो गली में मौजूद थे। उन लोगों ने 4 मंजिला इमारत में कुछ हलचल देखी, तो आसपास से हटने लगे। वहीं कुछ लोग मोबाइल से वीडियो उतारने लगे। इस दौरान देखते ही देखते इमारत भरभराकर ढह गई। इस दौरान गली से कुछ महिलाएं गुजर रही थीं, जो फ़ौरन इमारत के पास से हट गईं। मकान के गिरते ही आसपास हड़कंप मच गया. हालांकि, गनीमत यह रही कि इस घटना में जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। मौके पर लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। आनन-फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मकान गिरने की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची. बताया जा रहा है कि स्थानीय बिल्डर इस ईमारत को कुछ महीने पहले से बना रहा था, उसी वक़्त से ही यह बिल्डिंग झुकी हुई थी। इस ईमारत को पहले ही डेंजर घोषित कर रखा था. नोटिस जारी करने से पहले ही इसे खाली करा लिया गया था।

पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) सागर सिंह कलसी ने बताया कि दरार आने के बाद मई में मकान मालिक बलराज अरोड़ा ने इस मकान को खाली करवा लिया था। वहीं नगर निगम ने कहा कि शास्त्री नगर में इमारत ढहने के मामले में दिल्ली नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि मकन में लगभग 6 महीने पहले पहले नींव के कमजोर रहने के कारण इमारत 4 से 5 इंच ऊपर से बगल के खाली प्लॉट की ओर झुक गई थी। इमारत को तुरंत खतरनाक घोषित कर दिया गया था।

## मुरथल पराठे खाने गए बाइक सवार दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

● सड़क किनारे क्षतिग्रस्त मिली मोटरसाइकिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



समीर की फाइल फोटो

पुरानी दिल्लीसे मुरथल पराठे खाने गए बाइक सवार दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक युवकों की पहचान मो. समीर अहमद (21) और इस्लाम(21)के रूप में हुई है। समीर छत्ता लाल मियां स्थित बहार वाली गली, चांदनी महल जबकि इस्लाम कुंचा चालान चांदनी महल इलाके में परिवार के साथ रहता था।

समीर के परिवार में मां दो भाई शकील और समर व दो बहनें जबकि इस्लाम के परिवार में माता पिता तीन भाई सलाम,युसुफ और सलीम हैं। समीर के पिता को करीब डेढ़ साल पहले देहांत हो गया था। नोएडा में परिवार का मैकेनिक का काम है। जिसमें वह भाईयों की सहायता करता है। समयपुर बादली पुलिस को तीन दिसम्बर की रात करीब साढ़े दस बजे हाईवे स्थित गुरुद्वारे के पास एक्सिडेंट होने की सूचना मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। सड़क किनारे बाइक क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी।

पता चला कि चालक और उसके साथी को उसी के दोस्त नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र अस्पताल में ले गए है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। समीर के चाचा जाहिद ने बताया कि समीर की कुछ ही दिन पहले मेरठ में शादी तय हो गई थी। जल्द ही उसकी सगाई होने वाली थी। वह भाई और बहन की उसी के साथ शादी करने पर विचार कर रहे थे। समीर परिवार से जिद करने के बाद चला गया। लेकिन उसने यह नहीं बताया था कि वह मुरथल पराठे खाने जा रहा है। रात करीब साढ़े 10 बजे उनको फोन पर जानकारी मिली थी। वह तुरंत अपनी कार से मौके पर पहुंचे। जहां पता चला कि इस्लाम और समीर की मौत हो गई है। उनके तीन दोस्तों में से एक सिकंदर व दो अन्यों से पता चला कि वो एक से डेढ़ किलोमीटर पीछे थे।

### डंपर ने युवक को रौंदा चालक मौके से फरार

नई दिल्ली। भलस्वा डेयरी इलाके में एक डंपर की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद आरोपी चालाक डंपर छोड़कर मौके पर से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान नवीन कुमार (22)के रूप में हुई है।

## सर्दी के साथ प्रदूषण और खांसी तक में मददगार फीफाट्रोल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आयुर्वेदिक एंटीबायोटिक के नाम से चर्चित फीफाट्रोल 7 दिन में ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमण से निजात दिला सकती है।

यूपी और उत्तराखंड के शोधार्थियों ने देश के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर पंजीकृत रोगियों पर किए एक अध्ययन में पुष्टि की है कि फीफाट्रोल दवा ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमण में अत्यंत लाभकारी है। इससे पहले भोपाल स्थित एम्स के डॉक्टरों ने फीफाट्रोल को वायरस, बैक्टीरिया और फंगल संक्रमण का नियंत्रण करने में रामबाण बताते हुए सप्ताह भर के भीतर अच्छे परिणाम दिखाने का दावा किया था।

इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ आयुर्वेदा एंड योगा में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधार्थियों ने बताया कि फीफाट्रोल प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ संक्रमण के घातक प्रभावों को घटाने में कारगर हैं।

एमिल फॉर्मास्युटिकल के कार्यकारी निदेशक डॉ संचित शर्मा ने बताया कि आयुर्वेदिक एंटीबॉडी फीफाट्रोल न सिर्फ ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमण बल्कि यह प्रतिरक्षा तंत्र को भी बढ़ाने में भी असरदार है।

### तिहाड़ में सुविधाओं की कमी पर सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने तिहाड़ जेल में साफ-सफाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की कथित कमी को लेकर दायर याचिका पर राष्ट्रीय राजधानी की सरकार से सोमवार को जवाब तलब किया।

अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय विधि सेवा समिति द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो कैदियों द्वारा समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराए जाने और जेल परिसर का निरीक्षण करने के बाद दायर की गई है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया और जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

## उमर खालिद के खिलाफ आरोप साजिश का हिस्सा : अदालत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद और यूनाइटेड अगेंस्ट हेट के संस्थापक खालिद सैफी के को 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में आरोपमुक्त करते हुए यहां एक अदालत ने कहा कि आरोप व्यापक साजिश (अंब्रेला कांस्पिरेसी) से जुड़े हैं।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रेमचंद ने शनिवार को पारित आदेश में कहा, जहां तक आरोपी खालिद सैफी और उमर खालिद की बात है तो मुझे उनके खिलाफ लगाए गए आरोप व्यापक साजिश के नजर आते हैं, नाकि इस मामले में जांची जा रही किसी घटना विशेष की साजिश के हैं। न्यायाधीश ने कहा, चूंकि दिल्ली में दंगों को भड़काने की व्यापक साजिश पहले ही दर्ज एक प्राथमिकी के तहत विचाराधीन है। इसलिए मौजूदा मामले में इन दोनों आरोपियों को आरोपमुक्त किया जाना चाहिए।

अपराध शाखा इस प्राथमिकी के तहत दंगों की शुरुआत के पीछे की साजिश की जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस ने जेएनयू के पूर्व छात्र नेता खालिद को दंगों के सिलसिले में सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया था।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर, 201308 (उ.प.)
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई.ई.ए./GM(P)/2022/658 दिनांक: 05.12.2022

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मो से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेगी।

कार्यालय आदेश संख्या : **वाई.ई.ए./GM(P)/2022/657 दिनांक 05.12.2022** के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी.ओ.क्यू.) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 05 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात् 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ.डी.आर./सी.डी.आर/बैंक गारण्टी/एन.एस.सी. के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | Construction of Pump, Room & Installation of Solar Pump in Village-Ahmadpur Choroli, YEA, Wc-06 | रू. 05.04 लाख |
| 2. | Providing of Internet Bandwidth 100 Mbps at YEIDA Wc-system | रू. 05.99 लाख |
| 3. | Dewatering and Restoration of pond in Village-Sabota Mustafabad, YEA Wc-06 | रू. 12.08 लाख |
| 4. | Repairing of old boundary wall for Plot No. GH-06 Sector-22D, YEA Wc-2 | रू. 14.68 लाख |
| 5. | C/o Boundary wall of UGR in Sector-24 YEA/Wc-04 | रू. 23.93 लाख |
| 6. | M/o trees Shrubs on 60mtr wide road & 50mtr wide green belt from Ch. 22.70km to 23.70km for two year yea Wc-Horti | रू. 25.91 लाख |
| 7. | Construction of Boundary wall of 33/11 kv substation (ESS NO- 2, 3) in Sector- 29 yea, Wc-04 | रू. 31.30 लाख |
| 8. | Construction of Boundary Wall around O.H.T. Campus in Sector-17, YEA, Wc-04 | रू. 32.72 लाख |
| | जिन्हें दिनांक 12.12.2022 से 21.12.2022 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 22.12.2022 को प्रातः 11.00 बजे खोली जावेगी। | |
| 9. | Providing and applying retro Reflective road Marking Strips in 120M Wide road (From Salarpur under pass to Dhanori Village) Between Sector-17 and 18, YEA WC-01 | रू. 17.82 लाख |
| 10. | C/o boundary Wall of Park no. 2 (Plot No- 42, 51 and 45mtr Wide road) in Pocket-T Sector-20 YEIDA Wc-Horti | रू. 36.92 लाख |
| 11. | P/o Trees Shrubs in Parks of Pocket-D Sector-20 With two year Maintenance Yea Wc-Horti | रू. 38.15 लाख |
| 12. | P&F Direction Board and RCC Tee for Plots in Industrial Sector-29 YEIDA Wc-04 | रू. 39.58 लाख |
| 13. | Maintenance of Trees & Shrubs in Internal roads in Sec.-18 Pocket 2 (Block 28) for two year Maintenance for yea Wc-Horti | रू. 43.40 लाख |
| 14. | M/o Trees Shrubs & Lawn on road Side & parks of RPS-02 & GH-06 Housing Scheme Campus in Sector-22D for two year yea. Wc-Horti | रू. 69.88 लाख |
| | जिन्हे दिनांक 13.12.2022 से 22.12.2022 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 23.12.2022 को प्रातः 11.00 बजे खोली जावेगी। | |

महाप्रबंधक (परियोजना)


## वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार, स्थिति फिर भी बहुत खराब

● हवा की रफ्तार बढ़ने से 400 अंक से नीचे आया एक्यूआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बेहतर मौसमी परिस्थितियों के चलते सोमवार को दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार दर्ज किया गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से नीचे आ गया। लेकिन अभी भी हवा बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है।

इस बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने कहा कि ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध और शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने जैसे ग्रेप के चौथे चरण के प्रतिबंधों को लागू करने की हाल फिलहाल कोई जरूरत नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स 347 रहा। रविवार को यह 407 था। 24 घंटे के भीतर इसमें 60 अंकों की गिरावट हुई है। इस श्रेणी की हवा को बहुत खराब कहा जाता है। दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर 168 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर जबकि पीएम 10 का स्तर 244 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रिकार्ड किया गया। एनसीआर के शहरों में फरीदाबाद का एयर इंडेक्स 294, गाजियाबाद का 281, ग्रेटर नोएडा का 350, गुरुग्राम का 288 और नोएडा का 305 दर्ज किया गया। रविवार की तुलना में एनसीआर के इन शहरों के एयर इंडेक्स में भी कमी देखने को मिली। फरीदाबाद, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा में तो यह 300 से भी नीचे यानी कि खराब श्रेणी में ही रह गया। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत आने वाली पूर्वानुमान एजेंसी सफर के मुताबिक अनुकूल परिवहन-स्तरीय हवा की गति के कारण ही सोमवार को स्थिति में सुधार देखने को मिला। हवा की गति आठ से 16 किमी प्रति घंटे तक रहने के कारण प्रदूषक तत्व जमने की बजाए उड़ते गए।

यह बात अलग है कि सुबह के समय धुंध छाए रहने और तापमान में भी गिरावट के कारण प्रदूषक तत्व बहुत ज्यादा भी उड़ नहीं पा रहे। सफर के मुताबिक अभी अगले तीन दिनों तक वायु प्रदूषण की कमोबेश यही श्रेणी बने रहने का अनुमान है।

### पराली समाधान प्रयासों से मिली प्रदूषण से राहत

नई दिल्ली। केंद्र, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के सामूहिक प्रयास के चलते पराली (धान फसल के अवशेष) समाधान के सकारात्मक प्रयास राष्ट्रीय राजधानी समेत विभिन्न राज्यों में नजर आने लगे हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप राजधानी दिल्ली में जहां औसत एक्यूआई में पिछले साल की तुलना में 56 अंक की कमी आई। केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग के आंकड़ों के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, राजस्थान और यूपी के जिलों में 15 नवंबर से 30 नवंबर की अवधि के अवशेषों को जलाने की कुल घटनाएं घटकर 53,792 हो गई है।

# हरियाणा खेलों में तो पूर्वांचल शिक्षा में है आगे : बिजली मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में भोजपुरी महाकुंभ में मुख्य अतिथि बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का स्वागत करते पूर्वांचल समाज के लोग।

**भारत** के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के मौके पर प्रवासी एकता मंच ने ताऊ देवी लाल स्टेडियम में भोजपुरी महाकुंभ का आयोजन किया। इसमें हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, भाजपा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व शिमला के आईजी जयप्रकाश सिंह समेत हजारों लोगों ने भाग लिया।

भोजपुरी की प्रसिद्ध गायिका अनुपमा यादव, भोजपुरी सिंगर विशाल गगन व मुन्ना सिंह समेत करीब 30 कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन विख्यात एंकर विजय बहादूर सिंह एवं अतिथियों का स्वागत प्रवासी एकता मंच के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करने के बाद हुआ। कार्यक्रम में बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ का भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि गुरुग्राम के विकास में पूर्वांचलवासियों का बहुत बड़ा योगदान है। हरियाणा के लोग जैसे कुश्ती व शारीरिक दम-खम जैसे खेलों में आगे हैं, वहीं पूर्वांचल के लोग पढ़ाई-लिखाई यानी शिक्षा के क्षेत्र में आगे हैं। देश के हर कोने में प्रशासन में बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग मिल जाएंगे। हरियाणा में भी कई बड़े अधिकारी पूर्वांचल क्षेत्र से हैं। बिजली मंत्री ने सत्येन्द्र सिंह की मांग पर गुरुग्राम की अनिधिकृत कॉलोनियों में रह रहे लोगों के मकान में मुख्यमंत्री से बात कर शीघ्र ही बिजली कनेक्शन व स्थाई मीटर लगाने का आश्वासन दिया।

अपने संबोधन में ओमप्रकाश धनखड़ ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद को आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया और कहा कि देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। प्रवासी एकता मंच के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में वे डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती समारोह व भोजपुरी महाकुंभ का आयोजन पिछले 12 वर्षों से करते आ रहे हैं। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। उन्होंने मंच पर आते ही अपनी जबरदस्त प्रस्तुति से धमाल मचा दिया। वहीं भोजपुरी सिंगर विशाल गगन ने भजन व लोकगीत गाकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में वृंदावन से आए बाल कलाकारों ने रामायण व महाभारत काव्य पाठ धाराप्रवाह पढ़ कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### कलाकार अनुपमा यादव, विशाल गगन व मुन्ना सिंह ने मचाया धमाल

# नए वोट बनाने का कार्य खानापूर्ति तक सिमटा

**सोहना।** प्रचार और प्रसार न होने के कारण नागरिक अपना वोट दो दिन के अभियान में नहीं बनवा सके। शनिवार और रविवार को शहरी क्षेत्र में बीएलओ 26 बूथों पर मात्र 200 के लगभग वोट बना सके है। जबकि कई बीएलओ को बूथ पर बैठने के लिए कुर्सियां तक नहीं मिलीं।

चुनाव आयोग द्वारा नये वोट बनवाने तथा मतदाता सूची में दर्ज नाम व पति गलतियों को दोबारा से सही कराने के लिए दो दिन का अभियान चलाया था। यह अभियान शनिवार व रविवार को चला। लेकिन अभियान की जानकारी आम नागरिकों तक नहीं पहुंची। जिसके कारण वोट बनवाने के लिए मतदाता बूथों पर नहीं पहुंचे। शहर के 26 बूथ पर करीब 200 वोट के लगभग ही नई वोट बनी।

### मुनादी कराने की उठाई मांग

**शहर** के वार्ड-13 के निवासी भजनलाल का कहना है कि उसे अपने परिवार में तीन सदस्यों की नई वोट बनवानी है लेकिन पता ही नहीं चला।

### बीएलओ को नहीं मिलीं बैठने के लिए कुर्सियां

**बीडीओ** कार्यालय में बूथ पर पहुंचे बीएलओ को बैठने के लिए कुर्सियां तक नहीं मिलीं। बूथ नंबर 108 से लेकर 112 तक तैनात बीएलओ वोट बनवाने के लिए पहुंचे थे। जिन्होंने पूरा दिन पार्क की दीवार पर बैठकर जिम्मेदारी को निभाया। बीएलओ रमेश का कहना है कि वह दो दिन में मात्र दो ही नई वोट बना पाया है। मतदाता वोट बनवाने के लिए क्यों नहीं आ रहे हैं। इसका कारण वह भी नहीं जानते हैं।

> **समाचार** पत्रों के माध्यम से इस दो दिवसीय वोट बनवाने वाले वाले अभियान की जानकारी पहले से दी गई थी। अभियान का प्रचार-प्रसार करने के लिए अतिरिक्त से उन्हें कोई आर्थिक सहायता नहीं मिलती है।
>
> **हुकम सिंह**
> **( सुपरवाइजर बीएलओ )**

## संक्षिप्त समाचार

### एसजीटी ने साईं कराटे अकादमी में लगाया स्वास्थ्य शिविर



साईं कराटे अकादमी में जांच के बाद चिकित्सकों की टीम के साथ खिलाड़ी।

**गुरुग्राम।** एसजीटी यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी विभाग की तरफसे गुरुग्राम की साई कराटे अकादमी में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। डॉ. सज्जन पाल और डॉ. नेहा रेयाल्च ने शिविर का निरीक्षण किया। स्पोर्ट्स कमीशन सेक्रेटरी ऑफ इंडिया सुनील सैनी ने एसजीटी यूनिवर्सिटी के डाक्टरों व पूरी टीम का धन्यवाद किया। कराटे चैंपियन के शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दिया व मुख्य रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। फिजियोथेरेपी विभाग की तरफसे शिविर मे लेजर, आईएफटी, अल्ट्रासाउंड और लोंग वेव थेरेपी जैसे अत्याधुनिक उपकरण से जांच की गई। शिविर मे कराटे चैंपियन के खिलाड़ियों की जांच के साथ खिलाडियो को सही खानपान के बारे मे जानकारी दी कहा कि एक खिलाडी के लिए उसको अपने खाने पर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। साथ साथ बच्चो को अपनी व्यायाम का भी खास ध्यान रखना कितना जरूरी है। एसजीटी यूनिवर्सिटी फिजियोथेरेपी विभाग के डाक्टरों ने बताया कि समय समय पर खिलाड़ियों को भी खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरने के लिए भी उपचार में मदद करता है। और समय समय पर खेल के दौरान भी उनकी मदद करता है। जिससे एक खिलाडी को कोइ समस्या न हो और खिलाड़ी अपने खेल पर ध्यान दे सकें।

### सिविल डिफेंस के स्थापना दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर

**गुरुग्राम।** सिविल डिफेंस अपना 60वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय ताऊ देवी लाल स्टेडियम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन गुरुग्राम के मंडलायुक्त रमेश चंद्र बिधान करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन और गृह मंत्रालय, भारत सरकार के एडीजी सिविल डिफेंस एंड कम्युनिकेशन उमेश शर्मा उपस्थित रहेंगे। रक्तदान शिविर ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कंपलेक्स में दोपहरबाद 2:00 बजे प्रारंभ होगा। सिविल डिफेंस वालंटियर्स द्वारा बढ़-चढ़कर इस रक्तदान में भाग लिया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। जिसमें हरियाणवी, राजस्थानी नृत्य, स्किट, योगा आदि को भी प्रदर्शित किया जाएगा। सिविल डिफेंस गुरुग्राम की उप नियंत्रक सृष्टि ने बताया कि सिविल डिफेंस स्थापना दिवस को लेकर सभी वार्डन एवं वालंटियर में बहुत उत्साह है।

### संयुक्त आयुक्त ने शुद्ध वायु मिशन को दिखाई हरी झंडी



शुद्ध वायु मिशन को झंडी दिखाकर रवाना करते संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने सोमवार को स्वस्थग्राम एनजीओ के शुद्ध वायु मिशन को हरी झंडी दिखाई। उनके साथ पूर्व आईएस अधिकारी सुनील गुलाटी, मिसेज हरियाणा रितु कटारिया, ड्राईव फाऊंडेशन की सीईओ शिप्रा, निवर्तमान पार्षद कुलदीप यादव, आरएसपीएल फाऊंडेशन से डी वैंकट, पर्यावरणविद् अतुल बजाज व गगन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गुरुग्राम और दिल्ली की हवा को साफकरने के लिए आरएसपीएल द्वारा 50 एयर प्यूरीफायर फिल्टर डोनेट किए गए हैं। संयुक्त आयुक्त ने ड्राइवरों को एक सार्थक संदेश के साथ पौधे भेंट किए तथा कहा कि हम सभी को एक साथ आना चाहिए और संयुक्त प्रयासों से अपने पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने सभी सम्मान सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया। जिन्होंने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। स्वस्थ गुरुग्राम एनजीओ वायु प्रदूषण को कम करने की दिशा में कार्य कर रहा है, जो दिल्ली में वायु प्रदूषण को करने के लिए शुद्ध वायु मिशन के तहत है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण रूकने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कुछ पहल कर रही है, लेकिन फिर भी यह स्तर अधिक है। शुद्धवायु मिशन के तहत एयर प्यूरीफायर फिल्टर के साथ वायु प्रदूषण को साफकरने के लिए एक अभिनव विचार पेश किया गया है। ड्राईव फाऊंडेशन के सहयोग से प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कायाज़लय भारत सरकार, आरएसपीएल वैलफेयर फाऊंडेशन, नगर निगम गुरुग्राम, स्वस्थग्राम एनजीओ एक साथ आए हैं। इसके तहत 50 कैब पर फिल्टर लगाए जाएंगे। यह दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करेगा।

# हर खेल स्पर्धा खिलाड़ियों को कुछ नया सिखाती है : सुंदर लाल



गुरुग्राम में नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2022 में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने के बाद साथ खड़े सरपंच सुंदर लाल यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### नेशनल कराटे चैंपियनशिप में कही ये बातें

### खिलाड़ियों को कई गांवों के सरपंचों ने किया सम्मानित

**यहां** हुई 26वीं ओकिनावा नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2022 में विजेता खिलाड़ियों को सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव ने सम्मानित किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस नेशनल कराटे चैंपियनशिप में 20 राज्यों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सरपंच सुंदर लाल, लक्ष्मण सरपंच नखड़ोला, विजयपाल सरपंच नाहरपुर, लखन सिंह सरपंच शिकोहपुर, दयाराम चेयरमैन, हरजस यादव सरपंच रामपुरा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हर खेल स्पर्धा खिलाड़ियों को कुछ नया सिखाती है। कोई खिलाड़ी अनुशासन सीखता है तो कोई खेल के नए गुर सीखता है। चाहे जीत हो या हार, खिलाड़ी दोनों परिस्थितियों में नया अनुभव लेता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में अनुशासन और खेल की भावना सबसे जरूरी होती है। जिस खिलाड़ी में यह दोनों बातें हों, वही खिलाड़ी भविष्य का श्रेष्ठ खिलाड़ी हो सकता है। सरपंच सुंदर लाल ने खिलाड़ियों ने आग्रह किया कि वे अपना भविष्य स्वर्णिम बनाने के लिए नशे से दूर रहें। लक्ष्मण सरपंच नखड़ोला, विजयपाल सरपंच नाहरपुर, लखन सिंह सरपंच शिकोहपुर, दयाराम चेयरमैन, हरजस यादव सरपंच रामपुरा ने भी सभी खिलाड़ियों को यह प्रेरणा दी कि वे अगर खेलों में ही भविष्य बनाना चाहते हैं तो उनके आगे पूरी जमीन, पूरा आसमान है। अच्छा प्रशिक्षण लेकर खेलों में देश का नाम सभी खिलाड़ी रोशन करें।

इस दौरान कटास, कुमिते के बेहतर प्रदर्शन के साथ हथियार प्रदर्शन और आत्मरक्षा की कला से रूबरू कराया। ओकिनावा मार्शल अकादमी के अध्यक्ष श्रीनिवासन की देखरेख में यह भव्य आयोजन हुआ। कराटे प्रशिक्षक आशीष यादव, दीपक यादव की ओर से यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन कराया। इस अवसर पर सीनियर कराटे कोच सुमित के. विरमन, अरविंद सागर भी मौजूद रहे।

# कन्या महाविद्यालय ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

### जीयू के तीसरे युवा महोत्सव शंखनाद का हुआ पुरस्कार वितरण समारोह के साथ

### द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय को मिली रनरअप की ट्रॉफी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



युवा महोत्सव में ओवरऑल ट्रॉफी के साथ खुशी जताती राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 की छात्राएं व स्टाफ।

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय युवा महोत्सव शंखनाद में राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती है। सोहना के एनबीजीएसएम कालेज में हुई युवा महोत्सव में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व सीएसआईआर नई दिल्ली की निदेशक विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

युवा महोत्सव की ओवरऑल ट्रॉफी राजकीय कन्या कालेज सेक्टर-14 गुरुग्राम ने जीती। रनरअप की ट्रॉफी द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम ने हासिल की। राजकीय कन्या महाविद्यालय को माधव रनिंग ओवरऑल ट्रॉफी प्रदान की गई। राजकीय कन्या महाविद्यालय ने 20 स्वर्ण, 10 रजत तथा सात कांस्य पदक प्राप्त किए। महाविद्यालय ने इस आयोजन में लिटरेरी, म्यूजिकल , फाइन आर्ट्स तथा डांस की रनिंग ट्रॉफी भी प्राप्त की।

युवा महोत्सव में गुरुग्राम विवि के छात्रों का प्रदर्शन भी बेहतरीन रहा। गुरुग्राम विवि के छात्रों ने एकल नृत्य (पुरुष), एकल नृत्य (महिला), वन एक्ट प्ले, माइम, डॉक्यूमेंट्री, हरियाणवी स्किट, डिबेट (इंग्लिश) और डिबेट (हिंदी) की प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। कोरियोग्राफी, पोस्टर मेकिंग और संस्कृत श्लोक उच्चारण की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतिभागियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव के माध्यम से छात्रों को विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का न केवल उचित मंच मिल रहा है, बल्कि हरियाणा की संस्कृति,परंपरा और लोक कला को समझने का अवसर भी मिल रहा है। वास्तव में हरियाणा की संस्कृति और लोक कला अपने आप में अतुलनीय है। ओवरऑल ट्राफी जीतने पर राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 के प्राचार्य डा. रमेश गर्ग, प्रो. राजेश बेनीवाल समेत सभी स्टाफ सदस्यों ने विजेता विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। तीन दिवसीय युवा महोत्सव शंखनाद में गुरुग्राम विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 22 कॉलेजों के 600 से अधिक प्रतिभागियों ने 43 प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कला-कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# यूरिया न मिलने से किसान बेचैन फसल को लेकर दिखे चिंतित

**सोहना।** यूरिया न मिलने से क्षेत्र का किसान परेशान हो रहा है। किसान यूरिया के लिए सरकारी और निजी एजेंसी के चक्कर लगाते-लगाते थक गया है। गेंहू फसल की बिजाई का समय लगभग समाप्त हो गया है। वर्तमान समय गेंहू की फसल का कौरवा (फसल में पहली पानी लगाने का समय) बुझाने का समय चल रहा है। ऐसे में गेहूं की फसल को यूरिया की आवश्यता है। लेकिन यूरिया सरकारी व निजी एजेंसियों पर न मिलने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं।

किसान यूरिया के लिए दर-दर भटक रहा है। अनाज मंडी में स्थित हेफेड सरकारी एजेंसी से लेकर निजी एजेंसियों पर एक दिन में सैकड़ों किसान चक्कर लगा रहा है। बालूदा निवासी किसान भगत सिंह ने बताया कि किसान अभी गेंहू की फसल का कौरवा बुझाने में लगा है। कौरवा बुझाने के साथ ही फसल को यूरिया की जरुरत होती है। जिससे फसल की पैदावार अच्छी लंबी और अधिक हो जाती है। किसान महेश का कहना है कि भूजल स्तर अधिक गहराई में जाने से किसान फसल को पर्याप्त मात्रा में पानी भी नहीं लगा पाता है। गेंहू की फसल के लिए यूरिया संजीवनी जड़ी ब्यूटी का काम करता है। फसल में पहला पानी लगने के साथ ही यूरिया डालना जरूरी होता है। सोहना समेत खंड के ग्रामीण क्षेत्र में और कई पैक्स बनी है। जहां पर किसान यूरिया के लिए चक्कर लगा रहा है।

> **यूरिया** की मांग उच्चाधिकारियों से लिखित में एक सप्ताह पहले से भेजी हुई है। अभी तक उन्हें एक बार भी यूरिया नहीं मिला है। आने पर किसानों को तुरन्त प्रभाव से बांट दिया जाएगा।
>
> **अमर सिंह**
> **( हेफेड पैक्स के कार्यवाहक अधिकारी )**

# गुरुग्राम में विश्व की सात दृष्टि बाधित टीमों का टी20 विश्व कप टूर्नामेंट शुरू

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में दृष्टि बाधितों के तीसरे टी-20 विश्व कप की शुरुआत करते खेल मंत्री संदीप सिंह व क्रिकेटर युवराज सिंह।

**विश्वभर** में विख्यात हो चुके मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में सोमवार से दृष्टि बाधित खिलाड़ियों का तीसरा टी20 विश्व कप टूर्नामेंट शुरू हुआ। शुरुआत के अवसर पर खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह और क्रिकेटर युवराज सिंह ने शिरकत की। युवराज ने मैदान पर जाकर बैटिंग भी की। विदेशी खिलाड़ियों का गुरुग्राम की धरती पर भव्य स्वागत भी किया गया। यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में यह टूर्नामेंट 17 दिसंबर के बीच भारत के 9 शहरों में आयोजित किया जा रहा है। वर्ल्ड कप में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया व साउथ अफ्रीका की टीम के बीच मुकाबला होगा। फाइनल मुकाबला 17 दिसम्बर को बेंगलुरू में खेला जाएगा। यह विश्व कप सीएबीआई (क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया) की एक पहल है, जिसे समर्थनम ट्रस्ट फॉर दा डिसेबल्ड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

### वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा का अपना महत्व : युवराज सिंह

**इस** विश्व कप के ब्रांड एम्बेसडर एवं क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के जीवन मे वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा का अपना महत्व होता है। ऐसे में यह वर्ल्डकप इन दृष्टि बाधित खिलाड़ियों के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचारक बनेगा। युवराज ने आमजन से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में ये मैच देखने पहुंचे, ताकि खिलाड़ियों का आत्मविश्वास यूं ही बना रहे।

### भारत का तिरंगा लहराने को खेल सबसे सर्वोच्च माध्यम : खेल मंत्री

**हरियाणा** के खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत का तिरंगा लहराने के लिए खेल सबसे सर्वोच्च माध्यम है। खेल मंत्री ने कहा कि हरियाणा खेल की धरती है। ऐसे में दृष्टि बाधित खिलाड़ियों का वैश्विक स्तर का आयोजन यहां होना हरियाणा प्रदेश के लिए गौरव की बात है। खेल मंत्री ने अपने संबोधन में देश के अन्य राज्य से आह्वान किया कि वे अपने यहां सभी खेलों को आगे बढ़ाए ताकि खेल के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भारत की जो नई पहचान बनी है वो इसी बरकार बरकरार रहे। खेल मंत्री ने प्रतियोगिता में शामिल हो रहे प्रतिभागी देश के खिलाड़ियों व दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिन-रात एक किया हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सामान्य श्रेणी के खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ साथ पैरा ओलंपिक खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए भी विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। इसमें डेफओलंपिक्स, पैरा ओलंपिक व ब्लाइंड क्रिकेट के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। खेल मंत्री ने कहा कि हरियाणा देश का वह पहला प्रदेश है जिसने वर्ष 2018 में दृष्टि बाधित खिलाड़ी को नौकरी दी है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम के अंदर स्पेशल खिलाड़ियों के लिए अलग से एक स्टेडियम बना रहे हैं। इसी प्रकार पैरा ओलंपिक के खिलाड़ियों के लिए फरीदाबाद के अंदर एक बड़ा स्टेडियम बनाया जा रहा है।

# हाई टेंशन लाइन दे रही है हादसों को न्योता



सामान्य बस स्टैंड परिसर के बीचों-बीच जा रही बिजली की हाई टेंशन लाइन।

### बस स्टैंड परिसर के बीच से होकर जा रही है बिजली की लाईन

**सोहना।** सामान्य बस स्टैंड परिसर के बीचोंबीच जा रही बिजली की हाई टेंशन लाइन से कभी भी हो जानलेवा हादसा घटित हो सकता है। लाइन के तारों को रोकने के लिए लगे लोहे की पोल में करंट आने का खतरा 24 घंटा बना रहता है।

सोहना का सामान्य बस स्टैंड परिसर के बीचोंबीच करीब 40 साल पहले बिजली निगम द्वारा बिजली की हाई टेंशन लाइन को निकाला था। वर्तमान समय में यह बिजली की लाइन और उसके पोल बस स्टैंड परिसर के बीचोंबीच में आ गए है। लाइन पर लगी तारें काफी पुरानी हैं। ये तारें कभी भी टूटकर गिर सकती हैं। जिससे जानलेवा हादसा हो सकता है। बस स्टैंड परिसर में चाय दुकानदार पंकज का कहना है कि लाइन पर लोहे की पोल गले हुए हैं। जिनमें करंट आने का पूरा खतरा बना रहा है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले भी इस हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया था। लेकिन उस समय तार के नीचे न तो कोई बस बस न ही कोई यात्री था। जिससे जान लेवा हादसा घटित नहीं हुआ। तार टूटने के दौरान परिसर में पड़ी कंक्रीट की फर्श पर जले के दाग तक पड़ गए थे।

> **बिजली** निगम अधिकारियों को जल्द ही पत्र लिखा जाएगा। जिसमें बस स्टैंड परिसर के बीचों बीच जा रही लाइन को हटाने के लिए कहा जाएगा। यदि लाइन को निगम के स्थानीय अधिकारी नहीं हटाते हैं। उसके बाद जिला स्तर पर बैठे निगम व प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत की जाएगी।
>
> **रमेश कुमार**
> **( बस स्टैंड प्रभारी )**

# फुटवियर निर्माण में सेल्फ हेल्प ग्रुप्स की महिला सदस्यों का कौशल विकास करेगा आरसीपीएस

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम




**ओडिशा** सरकार के मिशन शक्ति विभाग ने फुटवियर निर्माण में सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) की महिला सदस्यों के कौशल विकास और उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए रबड़, कैमिकल एंड पैट्रोकैमिकल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (आरसीपीएसडीसी) से हाथ मिलाया है। अगले दो वर्षों में 2000 से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को आरसीपीएसडीसी द्वारा फुटवियर (हवाई चप्पल) निर्माण में प्रशिक्षित किया जाएगा और उनकी निर्माण/असेंबलिंग इकाइयां शुरू करने के लिए सशक्त बनाया जाएगा।

मानसी निंबल आईएएस, स्टेट मिशन डायरेक्टर एवं सीईओ, मिशन शक्ति विभाग, ओडिशा सरकार और सैफ मोहम्मद, सीईओ, आरसीपीएसडीसी ने मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव में ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कौशल प्रशिक्षण के अलावा, परियोजना के तहत 2000 कुशल स्वयं सहायता समूह सदस्यों के सहयोग से कम से कम 100 फुटवियर निर्माण/असेंबलिंग इकाइयों की स्थापना में आवश्यक सहायता की जाएगी। साथ ही बड़े खुदरा विक्रेताओं या निर्यातकों के साथ संपर्क स्थापित करने तथा क्रेडिट लिंकेज, ब्रांडिंग और बाजार से जुड़ने की सुविधा भी दी जाएगी, ताकि उनके उद्यमों की स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।

सैफ मोहम्मद-सीईओ, आरसीपीएसडीसी ने कहा, कौशल विकास की व्यापक प्रशिक्षण प्रक्रिया में एसएचजी महिला सदस्यों को कच्चे माल की सोर्सिंग, भंडारण, निर्माण, गुणवत्ता जांच, पैकेजिंग, बिक्री, बहीखाता से लेकर बैंकिंग तक के सभी पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि 2,000 चुनी हुई महिला एसएचजी सदस्य हवाई चप्पल निर्माताओं के रूप में उभरें। कौशल प्रशिक्षण के अलावा, आरसीपीएसडीसी एसएचजी/निर्माता समूहों को बड़े खुदरा विक्रेताओं या निर्यातकों के साथ आउटसोर्स काम के लिए सहयोग करेगा।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 6 दिसंबर, 2022



# आयुष्मान : बिना नेट सुविधा के परेशान हो रहे कार्ड बनवाने लोग

### केन्द्र में नहीं है इंटरनेट व फोन, आयुष्मान मित्र कर रहे अपने फोन का इस्तेमाल

**कविता।** फरीदाबाद

**बीके** अस्पताल में मौजूद आयुष्मान पूछताछ केन्द्र में इंटरनेट की सुविधा ही नहीं है। ऐसे में कर्मचारी अपने फोन से इंटरनेट कनेक्ट करके लोगों को सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सोमवार को भीड़ अधिक होने से कर्मचारियों के फोन में इंटरनेट का डाटा समाप्त हो गया। जिससे लोगों को वहां से लौटाया जाने लगा। ऐसा ही यहां देखने को मिला। आयुष्मान भारत योजना के जिला इंचार्ज डॉ. विशाल सक्सेना ने बताया कि वह पूरे जिले का कार्य देख रहे हैं। बीके अस्पताल में मौजूद सेंटर का कार्य डॉ. मनोज देख रहे हैं। जिस पर डॉ. मनोज ने बताया कि यहां इंटरनेट की सुविधा नहीं है। जल्द ही नया कनेक्शन लगवाया जाएगा। इसके लिए चेक नहीं बना है, जिसके बनने के बाद जल्द ही कनेक्शन लगा दिया जाएगा।


इंटरनेट बंद होने पर पूछताछ करती महिला को जवाब देता एक कर्मी।

**इंटरनेट नहीं:** बीके का आयुष्मान पूछताछ केन्द्र काफी समय से चल रहा है। लेकिन यहां पिछले तीन माह से इंटरनेट की सुविधा नहीं है, इसका खुलासा पायनियर संवाददाता के सामने कर्मचारियों ने उस वक्त किया, जब वहां से वापस लौटाए जा रहे लोगों से बात कर रही थी। उन्होंने बताया कि नेट नहीं है, वह अपने फोन से कम्प्युटर को कनेक्ट करके इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं।


आयुष्मान कार्ड बनवाने को लगी लम्बी लाइन में खड़े लोग।

**फोन नहीं:** आयुष्मान केन्द्र में अब एक लाख 80 हजार रुपये से कम राशि वालों के कार्ड बनाए जा रहे है। लेकिन जिन लोगों के नाम आयुष्मान भारत योजना में शामिल हैं।

उन्हें फोन करके बताने के लिए कुछ स्टूडेंट नियुक्त किए हैं। जिसमें कुछ लड़कियां भी हैं। उन स्टूडेंट को अपना फोन इस्तेमाल करने को कहा जा रहा है। ऐसे में महिला स्टाफ के पास लोग देर को रात को फोन कर परेशान करते हैं।

**सिम की मांग:** महिला स्टाफ के कॉल करने पर लोग कहते हैं कि यह आयुष्मान कार्ड हर जगह चलेगा। क्या इससे बैंक में पैसे आऐंगे। वहीं रात को डेढ़ बजे कॉल करने वाले ने तो हद ही पार कर दी उसने युवती को फोन किया और कहा कि 'आपने फोन किया था, अब मैं फ्री हूं, अब बताईये, जिस पर युवती ने उसे आयुष्मान कार्ड के लिए कहते हुए फोन रख दिया, तो उसने दोबारा फोन करके उसका जीना मुहाल कर दिया।' ऐसे में उन्होंने फोन कॉल अपने फोन से करने ही बंद कर दिए और अधिकारियों को सिम उपलब्ध करवाने की मांग की है।

# गांवों के विकास के लिए धन की नहीं कोई कमी : कृष्णपाल गुर्जर

### मोदी और मनोहर के नेतृत्व में गांवों का हो रहा है चहुंमुखी विकास : गुर्जर

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

2014 से पहले पंचायत चुनावों में जीतकर आए सरपंचों को ग्रांट के लिए नेताओं के चक्कर काटने पड़ते थे। अपने लोगों को ही पैसा मिलता था परन्तु अब ऐसा नहीं है, मोदी ने कानून बनाकर पहली बार यह तय कर दिया कि देश की तमाम पंचायतों को आबादी के अनुसार तय ग्रांट सीधी ग्राम पंचायत के खाते में पहुंचेगी। 2014 के बाद मोदी मनोहर के नेतृत्व में सही मायनों में गांव का विकास हुआ है।

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद द्वारा पंचायत चुनाव में नव निर्वाचित जिला परिषद, ब्लॉक समिति और सरपंचों के अभिनन्दन समारोह में यह कहा। भारतीय जनता पार्टी, जिला फरीदाबाद द्वारा आयोजित अभिनन्दन कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, विधायक राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल और आरएन सिंह ने पंचायत चुनाव में नव निर्वाचित जिला परिषद और ब्लॉक समिति के सदस्यों और सरपंच व पंचों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत व अभिनन्दन किया और जीत की बधाई दी। इस अवसर पर फरीदाबाद के कई गाँवों के नव निर्वाचित सरपंचों व सदस्यों ख़लील, सलाउद्दीन, अयूब, सरोज, आज़ाद, अवतार आदि ने भारतीय जनता पार्टी की रीति और नीति में आस्था जताते हुए भाजपा ज्वाइन की। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने उनको पटका पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका पार्टी में स्वागत किया और पार्टी की सदस्यता दिलवाई। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सभी नव निर्वाचित सरपंचों, ब्लाक समिति के सदस्यों और जिला परिषद के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के स्पष्ट आदेश थे कि गांव का हर व्यक्ति बिना दबाव में आए आज़ादी से अपना मत डाल सके और मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश भर में चुनाव निष्पक्ष तरीक़े से सम्पन्न हुआ और लोगों ने बिना बाहरी दबाव में आये अपने मत का प्रयोग कर छोटी और महत्वपूर्ण सरकार चुनी । गुर्जर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश और हरियाणा प्रदेश में गांवों में विकास के कार्य निरन्तर हो रहे हैं और बिना भेदभाव के गांवों का विकास कराया जा रहा है ।



भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित नव निर्वाचित जिला परिषद,ब्लाक समिति और सरपंचों के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

पहली बार देश में मोदी ने गरीब के इलाज के लिए सोचा और आज फरीदाबाद के पांच लाख से ज्यादा लोग आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक के नि:शुल्क इलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पहली बार बीसीए के लिए सीट आरक्षित की और जिसका असर इस चुनाव में दिखाई दिया। 14 सरपंच बीसीए के कोटे से चुनाव जीतकर आए हैं। गुर्जर ने कहा कि अगले आने वाले 2 सालों में गांवों का चहुँमुखी विकास करना है और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। जो सरकार बिना भेदभाव के काम करती है वही सही मायने में जनता की सरकार है, इसलिए आपसी भाईचारा और मेल मिलाप कायम रख बड़े मन से सबके लिए विकास कार्य करने हैं ।

# निजी अस्पताल की जीएनएम और नर्स की कई स्थानों पर संदिग्ध मौत

### मृतक नर्स के पिता ने जताई अस्पताल पर हत्या करने की आशंका

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


कविता


शीतल

**ग्रेटर** में स्थित एक निजी अस्पताल में कार्यरत एक नर्स का शव अस्पताल के हॉस्टल की तीसरी मंजिला में फांसी के फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया है। नर्स के पिता ने अस्पताल प्रबंधन पर हत्या करने की आशंका जताई है। वहीं इसी अस्पताल की जीएनएम का शव ग्रेटर फरीदाबाद की सोसायटी में उनके फ्लैट से बरामद किया गया है। जीएम का शव का दो से तीन दिन पुराना लग रहा है। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिये हैं। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से महेंद्रगढ़ की रहने वाली कविता ग्रेटर फरीदाबाद स्थित निजी अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत थी। अस्पताल ने पलवली में स्थित अपने होस्टल में कविता को रहने के लिए कमरा दिया हुआ था। अन्य दिनों की तरह रविवार को भी ड्यूटी के बाद वह अपने होस्टल चली गई थी। सुबह होस्टल के कर्मचारियों ने देखा कि कविता का शव तीसरी मंजिल पर सीढ़ी की मुमटी पर सरियों से बंधे फंदे से लटका हुआ था। सूचना मिलने पर कविता के पिता महेंद्र ने यहां पहुंच कर अस्पताल प्रबंधन पर हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायत दी है।

दूसरे मामले में अस्पताल में जीएनएम के पद पर कार्यरत पलवल निवासी शीतल ग्रेटर फरीदाबाद की समरपाम सोसायटी में फ्लैट लेकर अकेली रहती थी। सेक्टर आठ निवासी उनके भाई नरेंद्र दो तीन दिन से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास कर रहे थे। फोन रिसीव न होने पर वे फ्लैट पर पहुंचे तो वहां शीतल का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ था। शव दो तीन दिन पुराना लग रहा था। समाचार लिखे जाने तक मामले दर्ज नहीं हुए हैं। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

# क्रिसमस ट्री लाइटिंग के साथ सेलीब्रेशन सीजन की शुरूआत

### उत्सव के माध्यम से मेहमानों को घर जैसा महसूस कराने का प्रयास : शरद उपाध्याय

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**उत्सव,** आनंद और एकजुटता की भावना का जश्न मनाने के लिए, क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा (सीपीजीएन) ने 'क्रिसमस ट्री लाइटिंग' समारोह का आयोजन किया। सीपीजीएन लॉबी का वातावरण बहुत आनंद से भरा हुआ था, लॉबी को लाल, सफेद और हरे रंग के रंगों में सजाया गया था। क्रिसमय ट्री, सांता के कटआउट, झिलमिलाती पुष्पांजलि, बाउबल्स, पाइनकोन और कैरल ने वातावरण को उज्ज्वल किया।

त्योहारी मौसम का स्वागत करने और खुशियां फैलाने के लिए, सीपीजीएन के कर्मचारियों ने सुनिश्चित किया कि यह जादुई शाम होटल में उपस्थित मेहमानों एवं अन्य के लिए हंसी, उत्सव और आश्चर्य से भरी हो। उत्सव की गर्मजोशी भरने के लिए लॉबी को क्रिसमस के अनुरूप सजाया गया था। त्योहार की भावना प्रदर्शित करना यह शानदार और खूबसूरत क्रिसमस ट्री 2 जनवरी 2023 तक लॉबी में प्रदर्शित किया जायेगा। इस समारोह में इन-हाउस मेहमानों, दोस्तों व अन्य आंगतुकों सहित टीम के सदस्यों ने अपनी उपस्थित से इस समारोह की शोभा बढ़ाई। क्रिस्मस ट्री लाइटिंग की शुरूआत महाप्रबंधक शरद के. उपाध्याय ने संरक्षकों, अतिथियों, कार्यकारी शेफ सौरभ सिंह चंदेल, एफ एंड बी के निदेशक अमित चावला, पेस्ट्री हेड शेफ चंदन सिंह और सीपीजीएन टीम की उपस्थिति में की। उत्सव के दौरान चॉकलेट और उपहारों से भरे बैग के साथ सांता क्लॉज ने एंट्री कर सभी को उत्साहित कर दिया। साथ ही होटल के कार्यकारी शेफ सौरभ सिंह चंदेल और उनकी टीम ने क्रिसमस की दावत हेतु मेहमानों की खातिरदारी की और स्वाद कलियों को स्वादिष्ट भोजन चखने में व्यस्त रखा। इस अवसर पर शरद के. उपाध्याय, महाप्रबंधक क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा ने कहा, हम अपने मेहमानों, दोस्तों और अन्य लोगों के बीच आतिथ्य की रोशनी और गर्मजोशी फैलाने में विश्वास करते हैं।

# सिआल इंडिया में डिब्बाबंद टमाटर को मिलेगा बढ़ावा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

'**रेड गोल्ड** टमैटोज फ्रॉम यूरोप' 1 से 3 दिसंबर, 2022 के बीच दिल्ली में आयोजित हो रहे अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो 'सिआल इंडिया' में शामिल होने जा रहा है। चाहे पूरे छिलके वाले, कटे हुए हों या चेरी टमाटर, यूरोप के ये आकर्षक डिब्बाबंद टमाटर पिज्जा, पास्ता तथा सॉस जैसे इतालवी व्यंजनों के साथ साथ विभिन्न भारतीय व्यंजनों के लिए बेहद खास खजाना हैं।

ओआई पोमोडोरो दा इंडस्ट्रिया सेंट्रो-सुड इटेलिया द्वारा प्रबंधित केम्पेन यूरोप के श्रेष्ठ डिब्बाबंद टमाटर के निर्यात को प्रोत्साहित करता है और इसकी गुणवत्ता तथा खासियत के बारे में जागरूकता पैदा करता है। ओआई पोमोडोरो दा इंडस्ट्रिया सेंट्रो-इटेलिया एक ऐसा संगठन है तो टमाटर उत्पादकों और टमाटर पैकिंग उद्योग को नई राह दिखाता है। इन प्रीमियम कैन्ड टमाटरों के बारे में ज्यादा जानने के लिए हॉल 12ए में हमारे बूथ नंबर ई40 में जाएं और शेफ सब्यसाची गोराई द्वारा तैयार खास व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए शो के डेमो एरिया का दौरा करें। 'रेड गोल्ड टमैटोज फ्रॉम यूरोप' केम्पेन दो साल तक चलेगा और इसमें उपभोक्ता और व्यापार कार्यक्रम, शेफ के डेमो, तथा इस बारे में विभिन्न आइडियाज शामिल होंगे। पहला इवेंट ओआई पोमोडोरा डा इंडस्ट्रिया सेंट्रो-सुड इटेलिया के अध्यक्ष गुगलिएल्मो, भारत में इटली के एम्बेसडर विंसेंजो डी ल्यूका और उद्योग के अन्य दिग्गज जैसे शेफ मंजीत गिल, शेफ सब्यसाजी गोराई, शेफ राखी वासवानी, वरिष्ठ पत्रकारों और अन्य लोगों की उपस्थिति में 3 नवंबर 2022 को इटेलियन कल्चर सेंटर में आयोजित किया गया था। हम अन्य महत्वपूर्ण ट्रेड शो भी आयोजित करेंगे, साथ ही ग्रोसरी, फूडसर्विस और खाद्य निर्माण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आप मुंबई में सिआल 4/6 मई 2023 और नई दिल्ली में सिआल 2023 में हमारे साथ जुड़ सकते हैं। ओआई पोमोडोरो दा इंडस्ट्रिया सेंट्रो के अध्यक्ष गुगलीमो वैक्सारो का कहना है, 'हम इटली से डिब्बाबंद, खासकर पूरे छिलके वाले, कटे हुए या चेरी टमाटर का निर्यात बढ़ाने के लिए भारत में अच्छी संभावना देख रहे हैं।



# जवां के सरपंच ने सफाई अभियान चलाकर किया कार्यों का श्रीगणेश


सफाई अभियान में शामिल लोग।

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़

**जवां** के नवनिर्वाचित सरपंच ने गांव में सफाई अभियान चला कर चुनाव पूर्व ग्रामीणों से किए वादों को गति देना प्रारंभ कर दिया। सरपंच प्रतिनिधि व समाजसेवी विष्णु मलिक ने इस कार्य को सर्वप्रथम गांव के सरकारी विद्यालय से सुभारम्भ किया।

पंचायत चुनावों में देरी के कारण गांवों में पानी निकासी व अन्य व्यवस्थाएं बिगड़ गई थीं। जिस वजह से गांवो में जगह-जगह गंदगी के ढेर बन गए थे। हाल ही में गांवों की सरकार का चुनाव हो चुके है। शनिवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद जवां की नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने मिलकर सफाई अभियान छेड़ दिया। सरपंच के प्रतिनिधि विष्णु मलिक ने बताया, शपथ ग्रहण के बाद सभी पंचों ने निर्णय लिया कि गांव के विकास की शुरूआत गांव की सफाई से करनी चाहिए। इस कार्य के लिए हमने दो ट्रक्टर कचरा ढोने व दो टेंकर पानी निकासी के लिए लगाए हैं।

# कागजों में विकास कर गुमराह कर रही सरकार : ललित नागर

### बड़ौली में नए भवन का निर्माण न होने से नाराज बच्चों ने जड़ा स्कूल पर ताला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिगांव** क्षेत्र के गांव बड़ौली स्थितराजकीय कन्या विद्यालय के भवन निर्माण में हो रहे विलम्ब से नाराज होकर आज छात्राओं ने स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया। इतना ही नहीं ताला जडक़र छात्राएं स्कूल के समक्ष धरने-प्रदर्शन पर बैठ गई।

इस दौरान तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर, भाजपा स्पोर्ट्स सैल के जिलाध्यक्ष वीरपाल गुर्जर सहित भारी संख्या में ग्रामीण भी छात्राओं के समर्थन में धरने में शामिल हुए और छात्राओं की मांग को जायज बताया। धरने पर बैठे पूर्व विधायक ललित नागर ने छात्राओं व ग्रामीणों का समर्थन करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा धरातल पर शून्य है। उन्होंने कहा कि आए दिन किसी न किसी जिले में लड़कियां अपनी मांगों को लेकर धरने प्रदर्शन करती रहती है, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। उन्होंने कहा कि एक तरफ मनोहर सरकार प्रदेश को शिक्षा हब बनाने की बात करते है, जबकि दूसरी तरफ सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए भवन तक नहीं बनवाए जा रहे, इससे साबित होता है कि सरकार की नीति और नीयत दोनों ही खराब है, यह सरकार केवल कागजों में विकास करके लोगों को गुमराह कर रही है। ललित नागर ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द छात्राओं के लिए भवन का निर्माण करवाया जाए ताकि उनकी पढ़ाई बाधित न हो और उनका भविष्य सुरक्षित रह सके।


गांव बडौली में स्कूल के भवन निर्माण को लेकर धरना देते पूर्व विधायक ललित नागर, ग्रामीण और छात्राएं।

# पीडब्ल्यूडी का क्लर्क रिश्वत लेते गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** संजय कालोनी, सेक्टर-23 निवासी एक व्यक्ति को स्टेट विजिलेंस की टीम ने स्कॉलरशिप के पैसे दिलवाने के नाम पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी पीड़ित व्यक्ति की बेटी को लेबर डिपार्टमेंट से स्कॉलरशिप दिलवाने के नाम पर पैसे की मांग कर रहा था। पीड़ित की शिकायत पर स्टेट विजिलेंस की टीम ने पलवल स्थित पीडब्ल्युडी बी एंड आर के कल्याण विभाग के क्लर्क को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। स्टेट विजिलेंस ब्यूरो को शिकायत मिली कि उक्त कार्यालय का एक क्लर्क लेबर डिपार्टमेंट से एक बच्ची के मैरिट आने पर स्कॉलशिप शुरू करवाने के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहा है। बच्ची के पिता की शिकायत पर टीम ने कार्रवाई करते हुए जाल बिछा दिया। जिस पर बच्ची के पिता को 3500 रुपये देकर टीम ने क्लर्क के पास भेज दिया। क्लर्क ने जैसे ही पैसे हाथ में लिए, उसी दौरान टीम ने उसे दबोच लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीके अस्पताल में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



सीएमओ दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** बादशाह खान सिविल अस्पताल में कर्मचारियों ने उस वक्त प्रदर्शन कर दिया, जब अस्पताल में उनका हाजिरी रजिस्टर उनके ही सहकर्मी कर्मचारियों ने तैयार किया। जिन्हें अस्पताल प्रबंधन की तरफ से सुपरवाइजर की पोस्ट दी गई है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के सदस्यों का गुस्सा इस बात का था कि जब से कौशल रोजगार शुरू हुआ है। उसके मुताबिक कोई भी सुपरवाइजर की पोस्ट उसमें नहीं है। ऐसे में उनकी हाजिरी रजिस्टर सुपरवाइजर की बजाय अस्पताल की मेट्रन या कोई अन्य अधिकारी को सौंपा जाए। गुस्साएं कर्मचारियों ने इसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन से बात की, तो उन्हें सीएमओ के पास भेज दिया गया। जिस पर उन्होंने सीएमओ को पत्र सौंपा, तो उन्होंने तो पत्र पीएमओ के नाम मार्क कर दिया गया। लेकिन पीएमओ को वह पत्र न सौंप सके तो उन्होंने हंगामा कर दिया। जल्द ही वह मंत्री मूलचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपेंगे।

### रावल अकादमी ने 51 रन से जीता मैच


विराट त्यागी।

**फरीदाबाद।** अंडर-14 प्रेक्टिस मैच रावल इंटरनेशनल स्कूल के ग्राउंड पर खेला गया। जिसमें रावल क्रिकेट अकादमी और रॉयल क्रिकेट अकादमी के बीच मैच हुआ। जिसमें रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बेबाजी करने का निर्णय लिया। रावल के बल्लेबाजों ने 30 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 237 रन बनाते हुए यह मैच 51 रनों से जीत लिया। जिसमें विराट त्यागी ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 80 गेंदों पर 103 रन बनाए। वहीं देव मुंजाल ने 38 गेंदों पर 44 रन बनाए। वहीं रॉयल क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज हिमांशु और पियुष ने 2-2 विकेट लिए। रॉयल क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाजों ने 30 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाए। जिसमें रोहित ने 40 गेंदों पर 58 रन बनाए। वहीं कबीर ने 50 गेंदों पर 38 रन बनाए। वहीं रावल के गेंदबाज कर्तव्य भारद्वाज ने 3 विकेट लिए। वरदान बहल ने 2 विकेट लिए। वंश कुमार, कुशाग्र पुरी ने 1 विकेट लिए। अंत में यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी ने 51 रनों से जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच का खिताब विराट त्यागी को दिया गया।

### विवाहिता ने पांचवी मंजिल से कूद कर जान दी, पति व सास गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एसजीएम नगर में एक महिला ने पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतका के पति व सास पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया और गिरफ्तारी न होने तक मृतका के शव को उठाने से इंकार कर दिया। जिस पर डीसीपी एनआईटी नरेन्द्र कादयान के द्वारा मामले में कार्रवाई के दिए निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना एसजीएम नगर प्रभारी संदीप सिंह की टीम ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मृतका का पति नरेन्द्र उर्फ छोटू (24) और सास मीना (50) है। दोनों आरोपी एसजीएम नगर के रहने वाले है। आरोपी नरेन्द्र पेन्टर का काम करता है। दोनों आरोपियों को खिलाफ लड़की के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया। मृतका का पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों के हवाले कर दी। दोनों आरोपियो को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### सतगुरु महाराज को भेंट की पुस्तक



**फरीदाबाद।** धार्मिक गुरु सदगुरुजी महाराज ने कहा है कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमने पृथ्वी पर जन्म लिया है। पृथ्वीवासी ही जागृत मनोस्थिति (कांशियस) के स्वामी और भले-बुरे और नरक-स्वर्ग के बीच अंतर कर सकते हैं। आपने उपस्थितजनों में सदैव स्वतंत्र सोच परंतु सदैव अनुशासित रहने का उपदेश देते कहा कि हम तभी जीवन का आनंद उठा सकते हैं जब समाज एवं मानवता की सेवा के लिये जिंदा रहे। इस अवसर पर डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने अपनी दूसरी प्रकाशित पुस्तक फाईव वे सतगुरू महाराज को भेंट की। एक नजर पुस्तक को देखकर सतगुरू महाराज ने बहुत अच्छा कार्य कहते हुये सराहना भरी मुस्कान के साथ स्वीकार किया। एल बजाज इंस्टीट्यूट आफ टैक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ग्रेटर नोएडा परिसर में आयोजित इस आयोजन में 1500 के लगभग उपस्थिति थी जिसमें छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### लॉयर्स चैंबर्स के सौंदर्यीकरण के कार्य का शुभारंभ



**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 फरीदाबाद लॉयर्स चैंबर्स की बहुमंजिला इमारत के सौंदर्यीकरण के कार्य का प्रदेश के परिवहन मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर फरीदाबाद बार एसोसिएशन के प्रधान केपी तेवतिया और महासचिव संदीप पाराशर व जिला परिषद के सदस्य एडवोकेट अनिल पराशर, पूर्व विधायक एडवोकेट योगेश शर्मा तथा राजेश बैंसला सहित फरीदाबाद बार एसोसिएशन की समस्त कार्यकारिणी के साथ-साथ वरिष्ठ अधिवक्तागण भी मौजूद रहे। बता दें कि सेक्टर-12 लायर्स चेंबर्स बिल्डिंग फरीदाबाद की इमारत का सौंदर्यीकरण प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के निजी कोष की करीब 21 लाख रुपए की ग्रांट से किया जा रहा है। बार एसोसिएशन के प्रधान केपी तेवतिया ने कहा कि परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने वकीलों के आग्रह पर इस लॉयर्स चैंबर की इमारत के सौंदर्यीकरण के लिए अपने निजी खाते से जो धनराशि दी है उसका सही इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का आभार प्रकट किया। इस मौके पर अधिवक्ता नरेंद्र अत्री, कुंवर दलपत सिंह, रामबीर नाहर, संजय तेवतिया, अजय शर्मा उप महाधिवक्ता पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट, हिमांशु तेवतिया, कुमर दीपू सिंह रावत, राजकुमार शर्मा, तरुण भारद्वाज, आशीष अरोड़ा, सुनील दीक्षित, लक्की सिंगला, कैलाश वशिष्ठ तथा संतराम शर्मा सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

### मर्डर केस सुलझाने में सहयोग पर समाजसेवी समानित

**फरीदाबाद।** 8 नवम्बर की शाम को करीब 8 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सैक्टर-7 के गुरुद्वारे के पीछे पार्क के पास एक औरत की लाश पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही तुरन्त मौके पर डीसीपी बल्लभगढ, डीसीपी क्राइम, एसीपी क्राइम, क्राइम ब्रांच की टीमें, एफएसएल की टीम व थाना प्रबंधक सैक्टर 7 घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस आयुक्त विकास अरोडा के आदेश पर केस की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी क्राइम मुकेश मलहोत्रा के निर्देश पर एसीपी क्राइम सुरेन्द्र श्योराण के मार्ग दर्शन मे क्राइम ब्रांच की 4 टीम सीआईए की टीमें आरोपी की धरपकड़ के लिए बनाई। टीम ने लगातार पूछताछ में सेक्टर-7 के समाज सेवी गोल्डी बरेजा से सीसीटीवी फुटेज के सम्बंध में पूछताछ की। जिसमें गोल्डी बरेजा ने पुलिस का सहयोग करते हुए काफी लोगो को वीडियो दिखाया और आरोपी का पता लगाने में पुलिस की मदद् की। जिससे आरोपी की भाभी और भाई का पता चला। जिन से पता चला कि आरोपी नेपाल चला गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 6 दिसंबर, 2022



# कालेजियम मामला

## विमर्श का विषय

**सर्वोच्च न्यायालय** के कालेजियम पर विधि एवं न्याय मंत्री किरन रिजिजू की टिप्पणी से न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच मतभेद सामने आए हैं और यह मुद्दा विमर्श का विषय बन गया है। ऐसा लगता है कि काफी समय से कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच तनाव बढ़ रहा था। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ के भारत के प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ लेने के बाद संभवत: यह तनाव और बढ़ गया है। शायद वर्तमान केन्द्र सरकार और न्यायपालिका के बीच सहज संबंधों में कुछ खटास आ गई है और यह बेचैनी एक प्रकार से बढ़ती दिख रही है। इसका पहला संकेत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के तरीके पर सरकार द्वारा दिखाई जल्दबाजी पर अप्रसन्नता प्रकट करने से मिला। सरकार में शामिल लोगों की ओर से सर्वोच्च न्यायालय की कालेजियम व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। वास्तव में विधि मंत्री किरन रिजिजू इस मामले में मुखर हैं और वे लगातार कालेजियम व्यवस्था की आलोचना कर सार्वजनिक मंचों पर इस व्यवस्था की वैधता पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने भी विधि मंत्री की टिप्पणियों पर अपनी अप्रसन्नता सार्वजनिक की है। शायद सर्वोच्च न्यायालय के जिम्मेदार लोगों का सोचना है कि विधि मंत्री केवल अपने व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने के बजाय वर्तमान सरकार में व्याप्त सोच प्रकट कर रहे हैं। कुछ भाजपा-विरोधियों का मानना है कि वर्तमान सरकार ने अपने प्रचंड राजनीतिक बहुमत का लाभ उठा कर अनेक संवैधानिक संस्थाओं को अपने अनुकूल ढाल लिया है। लेकिन इन भाजपा-विरोधी आलोचकों का मानना है कि न्यायपालिका बाकी संवैधानिक संस्थानों से एकदम अलग है। उनके अनुसार संभवत: वर्तमान प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ सरकारी कार्रवाइयों के ज्यादा समर्थक नहीं हैं और वे सरकार से कुछ असहज करने वाले सवाल पूछ सकते हैं जिनसे




सरकार को परेशानी हो सकती है। हालांकि, भाजपा-विरोधी आलोचकों की यह आलोचना अतिरंजित लगती है।

कालेजियम के बारे में भले ही किरन रिजिजू की राय उनकी अपनी व्यक्तिगत हो, पर यह विधि मंत्री के रूप में संभवत: उनके पद के उपयुक्त नहीं है। वास्तव में संविधान में सब कुछ नहीं लिखा है और घोषित-अघोषित रूप से सर्वोच्च न्यायालय के पास अपनी स्वायत्तता व निष्पक्षता या तटस्थता को बनाए रखने के लिए काफी नियम और शक्तियां हैं। सरकार चाहे सर्वोच्च न्यायालय की इन विशिष्ट शक्तियों को पसंद करे या नहीं, पर वास्तव में ये शक्तियां उसे संविधान से मिली हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 1990 के दशक में कालेजियम व्यवस्था स्थापित की थी जो आज तक जारी है, हालांकि सरकार संभवत: यह व्यवस्था बदल कर न्यायाधीशों की नियुक्ति की नई व्यवस्था लागू करना चाहती है। कुछ बुद्धिजीवियों को भय है कि ऐसा होने पर न्यायाधीशों की निष्ठा सरकार के प्रति हो सकती है क्योंकि उनके विचार से निर्वाचन आयोग समेत अनेक संवैधाानिक संस्थाओं की निष्ठा अब सरकार के प्रति है। सभी जानते हैं कि सरकारें अपनी कार्रवाइयों व अपने द्वारा बनाए कानूनों को अदालत में चुनौती मिलना पसंद नहीं करती हैं क्योंकि इससे अनावश्यक विलंब व परेशानी पैदा होती है। हालांकि, कुछ विवादास्पद मुद्दों की न्यायिक समीक्षा की जरूरत हो सकती है। अनेक बुद्धिजीवियों व न्यायविदों के अनुसार, वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा लिए अनेक निर्णयों की गंभीर न्यायिक समीक्षा होनी चाहिए। नोटबंदी ऐसे मामलों में से एक है जिन पर न्यायपालिका विचार कर रही है। इसी तरह के कई अन्य मुद्दे भी हैं जो विभिन्न याचिकाओं या जनहित याचिकाओं के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं। हालांकि, यह भी एक तथ्य है कि वर्तमान सरकार कानूनों-नियमों की न्यायिक समीक्षा के प्रति सहज दृष्टिकोण अपना रही है तथा वह संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों की सीमा में रह कर काम कर रही है।

# हमारे प्रेरणास्रोत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद जिन मूल्यों व आदर्शों के प्रति अडिग थे, उनकी आज अनेक राजनेता ज्यादा चिन्ता नहीं करते हैं।



**प्रशांत तिवारी**
(लेखक, सामाजिक एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।)



अनेक अशिक्षित व जातिवादी राजनेताओं ने 11 करोड़ से अधिक बिहारी जनता का भविष्य बरबाद कर दिया है। कुछ परिवार-केन्द्रित, सामन्ती सोच वाली राजनीतिक पार्टियों ने बिहारी गरिमा को गंभीर नुकसान पहुंचाया है, जबकि वे स्वयं को सामाजिक न्याय का पैरोकार बताते हैं। बिहार ने असाधारण व्यक्तित्व वाले डा. राजेन्द्र प्रसाद को जन्म दिया था जो राजनेताओं व आम जनता के लिए समान रूप से 'रोल माडल' हैं। लेकिन दु:ख की बात है कि वे कुछ ही लोगों के प्रेरणास्रोत हैं। इसके बजाय राज्य में अत्यधिक दयनीय नेतृत्व दिख रहा है। राजेन्द्र प्रसाद जी का जन्म बिहार के एक गांव में हुआ था, लेकिन अपने कठोर परिश्रम व प्रतिभ से वे गांव की सीमाओं से ऊपर उठे।

वे प्रतिभाशाली छात्र थे, उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री और बाद में डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। कोलकाता व पटना उच्च न्यायालयों में वे बड़े अच्छे व सफल वकील रहे। उनके अपने शब्दों में, 'मैं बहुत अमीर और विद्वान परिवार से था।' वे जल्द ही असहयोग आंदोलन में शामिल हुए तथा महात्मा गांधी के विश्वस्त साथी बन गए। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनको कई साल जेल में बिताने पड़े। वे 1934, 1935 1939 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। हिंदूवाद के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अडिग थी और वे कट्टर हिंदू थे।

राजेन्द्र बाबू पूर्णत: स्वतंत्र व दृढ़ इच्छाशक्ति वाले नेता थे। अनेक अवसरों पर उनका पंडित नेहरू से टकराव हुआ। मतभेदों की शुरुआत भारतीय गणतंत्र के जन्म के समय हिंदू कोड बिल से हुई थी। भीमराव अंबेडकर ने अक्टूबर, 1947 में संविधान सभी के समक्ष बिल का प्रस्ताव रखा और नेहरू ने इसका मजबूती से समर्थन किया। वे इस बिल को संविधान का हिस्सा बनाना चाहते थे। इसके अंतर्गत सभी हिंदुओं के लिए एक संहिता बनाई जानी थी। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में राजेन्द्र प्रसाद ने हस्तक्षेप किया। उनका विश्वास था कि समाज में धर्म अन्य बाकी चीजों जितना ही महत्वपूर्ण है तथा वे सभी भारतीयों के लिए समान नागरिक संहिता चाहते थे। पहले राष्ट्रपति चुनाव में पटेल व कांग्रेस पार्टी राजेन्द्र प्रसाद को राष्ट्रपति बनाना चाहते थे। उस समय नेहरू तत्कालीन गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के पक्ष में थे और उनको देश का प्रथम राष्ट्रपति बनाना चाहते थे। राजगोपालाचारी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' में हिस्सा नहीं लिया था और इसलिए वे कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं में लोकप्रिय नहीं थे। नेहरू की तुलना में पटेल व राजेन्द्र प्रसाद की संगठन पर ज्यादा मजबूत पकड़ थी। कांग्रेस ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में राजेन्द्र प्रसाद को चुना। संविधान सभा ने सर्व सम्मति से उनको भारत का पहला राष्ट्रपति बनाया।

एक और असहमति तत्कालीन भारतीय राष्ट्रपति के रूप में राजेन्द्र प्रसाद को सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन का आमंत्रण था। नेहरू ने राष्ट्रपति को सलाह दी कि 'इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में न शामिल हों क्योंकि दुर्भाग्य से इसके अनेक प्रभाव होंगे।' राजेन्द्र प्रसाद ने नेहरू की सलाह को अनदेखा कर कहा, 'यदि मुझे आमंत्रण मिले तो मैं एक मस्जिद या चर्च के मामले में भी यही करूंगा।' स्वतंत्रता आंदोलन तथा भारतीय लोकतंत्र को स्थिर बनाने में प्रथम राष्ट्रपति का असाधारण योगदान है। उन्होंने पूरी गंभीरता से संविधान सभा की कार्यवाहियों में हिस्सा लिया तथा भारतीय संविधान की सर्व सम्मति से स्वीकार्यता में सहायता की। डा. राजेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रपति भवन में निवास के 12 लंबे वर्षों में अच्छी लोकतांत्रिक परंपरायें स्थापित कीं। वे सरल, सहज, सादगी से रहने वाले तथा मानवतापूर्ण व गरिमापूर्ण व्यवहार करने वाले थे। संभवत: डा. राजेन्द्र प्रसाद भारत के महानतम राष्ट्रपति रहे हैं।

ओबीसी राजनीति के उभार ने समृद्ध बिहार का राजेन्द्र बाबू का सपना तोड़ दिया। लालू यादव, नीतीश कुमार व अनेक अन्य जाति-आधारित नेताओं ने व्यवस्थित रूप से उनके राज्य को नष्ट किया है। विकास के फर्जी वादों और सामाजिक न्याय के विकृत सपनों ने पिछड़े वर्गों की महत्वाकांक्षायें बढ़ा दीं जिनके चलते राज्य की व्यवस्था पूरी तरह नष्ट हो गई। जातिवादी राजनीति ने विभिन्न जातियों के अनेक 'राबिनहुड' बिहार के कई जिलों में पैदा कर दिए जिसके कारण हालिया समय में बिहार से अन्य राज्यों को सबसे बड़ा पलायन देखने में आया है। रोजगार के अवसर गायब हुए हैं तथा बिहारी गरिमा को बाहर सुदूर क्षेत्रों में शरण लेनी पड़ी है। यह अलग बात है कि बड़ी संख्या में बिहारियों को भारत तथा भारत के बाहर सफलता मिली, पर अपनी मातृभूमि छोड़ने का कष्ट उनको आज भी सता रहा है।

बिहार का स्वर्णयुग श्रीकृष्ण सिन्हा के कार्यकाल में दिखा। श्री बाबू के नाम से लोकप्रिय राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री ने 1946 से 1961 तक शासन किया। डा. राजेन्द्र प्रसाद के साथ मिल कर श्रीकृष्ण सिन्हा को 'आधुनिक बिहार का निर्माता' कहा जाता है। जब वे जनता को संबोधित करने के लिए उठते थे तो उनको सिंह जैसी गर्जना के कारण 'बिहार केसरी' के रूप में भी जाना जाता था। लेकिन विडंबना है कि हिंदी हृदय प्रदेश में लोग वोट देने के बजाय अपनी जाति को वोट देते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब इस ब्रांड के मजबूत नेता नहीं रहे। राम मनोहर लोहिया के रास्ते पर चलते हुए वे भी मंडल के झंडाबरदार रहे हैं। कुर्मी जाति के ये नेता ओबीसी नेताओं की दूसरी कतार में हैं। अपने पूर्व कार्यकालों में उन्होंने निचली जातियों के सशकतीकरण के लिए काम किया तथा सामाजिक रूप से विशिष्ट मतदाताओं में भी आकर्षण होने के कारण उनको 'विकास पुरुष' के रूप में छवि बनाने का अवसर मिला।


मंडल आयोग ने ओबीसी का ध्रुवीकरण कर दिया जिससे वे अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट हो गए। इसी युग में लालू प्रसाद यादव बिहार में राजनीतिक नायक के रूप में उभरे। यह बिहार के लिए परिवर्तनकारी समय सिद्ध हुआ। लोहिया के अनुसार, भारत में वर्ग के बजाय जाति स्तरीकरण की मूल इकाई है। इस विकृत दर्शन ने बिहार को विकलांग बना दिया, जाति ने योग्यता को कुचल दिया तथा राज्य की राजनीति, नौकरशाही, न्यायपालिका व मीडिया में संस्थानों का समग्र रूप से पतन हुआ। ये संस्थान 'जातीय अफीम' के जहर के शिकार हो गए। इसके बाद आए जेपी आंदोलन ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था को नष्ट कर दिया। जेपी ने विश्वविद्यालयों व कालेजों को लक्ष्य बनाया जिसके परिणामस्वरूप नौजवानों ने शिक्षा की अनदेखी की तथा वे बेलगाम व गुंडागर्दी की राजनीति में शामिल हो गए।

निष्पक्ष दृष्टिकोण से देखें तो कुछ राजनीतिक परिवारों को छोड़ कर पिछड़े समूहों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए नौकरशाही के दरवाजे खुल गए हैं या वे जातीय पदानुक्रम के कारण गरीब परिवारों से आते हैं। लेकिन नवंबर, 2014 में जारी 'नौकरशाही प्रतिनिधित्व रिपोर्ट' के अनुसार केन्द्रीय उच्च नौकरशाही में उनकी संख्या 10 प्रतिशत से भी कम है। लेकिन मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से राजनीतिक क्षेत्र में स्थितियां सुधरी हैं। स्वतंत्रता के बाद पहले चार-पांच दशक में पिछड़ी जातियों का व्यवस्था में असर नहीं था, लेकिन मंडल आयोग आने के बाद उनका स्थानीय संस्थाओं से लेकर विधानसभाओं व संसद तक में असर बढ़ा है। लेकिन जाति-आधारित राजनीति का प्रशासन की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। अपने समुदाय के किसी व्यक्ति द्वारा हितों की रक्षा से मनोवैज्ञानिक सशक्तीकरण एक सीमा तक हुआ है। लेकिन प्रशासन की गुणवत्ता पर इसका बुरा असर हुआ है और बिहार में यह स्थाई महामारी बन गया है। लोकतंत्र में सबको समृद्ध होने का अधिकार है और गरीबों में सबसे गरीब को राज्य में गरिमापूर्ण ढंग से प्रतियोगिता का समान मंच मिलना चाहिए।

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद के शब्दों में 'लक्ष्यों को प्राप्ति की दिशा में हमारे साधन भी लक्ष्यों की तरह पवित्र होने चाहिए।' बिहारियों की वर्तमान पीढ़ी को दृढ़ प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि वह डा. राजेन्द्र प्रसाद के आदर्शों को अपने भीतर समाहित करेगी। वर्तमान समय में उनकी विचारों के विपरीत का अर्थ अयोग्य, जातिवादी, भ्रष्ट, माफिया व स्वार्थी राजनेताओं द्वारा नेतृत्व है। समय आ गया है कि बिहार में रहने वाले लोग अपना गंभीर आत्मावलोकन कर देखें कि वे यथास्थिति चाहते हैं या परिवर्तन पसंद करेंगे। इसमें राजेन्द्र बाबू की विरासत हमारी सहायता कर सकती है।

# अपने बनाए जाल में फंसे शी जिनपिंग

**गुईन डायर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



लंबे समय बाद चीन को कोरोना वायरस पर नियंत्रण की अपनी रणनीति के खिलाफ जनता का भारी विद्रोह देखते हुए पीछे हटना पड़ा है। ऐसा लगता है कि शी जिनपिंग शून्य कोविड नीति के मामले में अपने ही बनाए जाल में फंस गए हैं। लेकिन चीन में अब भी बड़ी संख्या में कोविड संक्रमित सामने आ रहे हैं। इस स्थिति से बचने का एक उपाय है कि शी जिनपिंग को जनता के प्रति विनम्रता अपनानी होगी और अत्यधिक प्रभावी एमआरएनए टीकों की कई अरब खुराक आयात करनी होगी।

पीपुल्स डेली अखबार ने पिछले सप्ताहांत में सरकार की 'शून्य कोविड' नीति के बड़े पैमाने पर हुए सार्वजनिक विरोध के बाद चीन में जोर देकर कहा था, ''हमारी कोविड-19 नीति वैज्ञानिक रूप से सबसे प्रभावी, सबसे किफायती और सर्वोत्तम परिणाम देने वाली है।'' राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मानें तो वह और भी अधिक मुश्किलों में आने वाले हैं।

प्रदर्शन अपने पैमाने और साहस के स्तर पर अभूतपूर्व थे। झिंजियांग के सुदूर प्रांत में लॉकडाउन से संबंधित दस मौतों के बाद समूचे चीन के बारह शहरों में वे अनायास फूट पड़े। छात्रों से लेकर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों तक सभी प्रकार के लोगों ने उनमें भाग लिया। कुछ लोगों ने शी और कम्युनिस्ट पार्टी को सत्ता से हटाने की भी मांग की। इसका मतलब यह नहीं है कि सत्ता ढहने के कगार पर है। अंतहीन लॉकडाउन और परिणामस्वरूप आय के नुकसान पर जनता का गुस्सा प्रबल है, लेकिन शासन की निगरानी तकनीक उत्कृष्ट है। पिछले सप्ताहांत में अपेक्षाकृत कम आधिकारिक हिंसा हुई।

शी की समस्या यह है कि प्रदर्शन शायद फिर से होंगे और बढ़ भी सकते हैं, क्योंकि लंबे समय तक बड़े पैमाने पर सामूहिक अलगाव और तालाबंदियां एक गैर-राजनीतिक मुद्दा है जो सरकार की नीति के खिलाफ लगभग हर किसी को एकजुट कर सकता है। या बल्कि, शी की व्यक्तिगत नीति के खिलाफ जा सकता है, क्योंकि उन्होंने जानबूझकर जीरो-कोविड को कार्यालय में अपने समय की सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में चित्रित करने के लिए चुना है। महामारी के पहले वर्ष में यह समझ में आया था, क्योंकि चीन के अथक लॉकडाउन और बड़े पैमाने पर परीक्षण अभियानों ने तब बहुत से लोगों की जान बचाई थी। चीन में कुल 1.4 अरब की आबादी में से लगभग 5,000 मौतें कोविड से संबंधित रही हैं।

शी और उनके प्रचारकों ने स्वाभाविक रूप से इस प्रतिपक्ष को प्रमाण के रूप में इस्तेमाल किया कि चीनी चिकित्सा और चीनी राजनीतिक व्यवस्था दोनों अपने पश्चिमी समकक्षों से बेहतर थे। क्या उन्हें यह भी पता था कि जीरो-कोविड नीति केवल अंतराल को बढ़ने से रोकने वाला उपाय हो सकती है जब तक कि प्रभावी टीके विकसित नहीं हो जाते, मगर ये स्थायी समाधान कभी नहीं होते?

उनके वैज्ञानिकों ने उन्हें यह बताने की कोशिश की होगी, लेकिन किसी तरह उन्होंने संदेश को स्वीकार नहीं किया। वहां एक टीकाकरण कार्यक्रम मौजूद था, लेकिन बहुत कठोर नहीं था-और शी कोविड वायरस को पूरी तरह से खत्म करने की कल्पना के पीछे भागते रहे। वह एक जाल में फंस गये हैं, लेकिन इस जाल को उन्होंने खुद बनाया है।

राष्ट्रपति जो बाइडेन के मुख्य चिकित्सा सलाहकार, डॉ एंथनी फौसी ने स्पष्ट किया है, ''लॉकडाउन हमेशा एक अस्थायी घटना होनी चाहिए, दीर्घकालिक रणनीति नहीं।'' लगभग तीन वर्षों तक उन्हें ''बिना किसी उद्देश्य या अंतिम लक्ष्य के'' जारी रखना सरासर मूर्खता है। इसके अलावा, शी इस बात से अनजान नजर आए हैं कि कोविड वायरस समय के साथ और अधिक संक्रामक होता जा रहा है।

ओमिक्रॉन वेरिएंट के नवीनतम संस्करण, जो पहली बार एक साल पहले सामने आए थे, को लेकर अनुमान है कि यह 2020 के अंत में वुहान में दिखाई देने वाले मूल वायरस की तुलना में दस गुना अधिक संक्रामक है। देश के भीतर और बाहर यात्रा पर कठोर प्रतिबंधों के कारण, वे संस्करण अभी तक चीन नहीं पहुंचे हैं। लेकिन चीनी आबादी इतनी खराब तरीके से सुरक्षित है कि अगर वे आते हैं तो एकमात्र विकल्प होगा कि अर्ध-स्थायी राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन हो या पूरे देश के पैमाने पर बड़े पैमाने पर लोगों की मौत होगी।

चीन में बने टीके वायरस के पिछले वेरिएंट के खिलाफ केवल 70 प्रतिशत प्रभावी हैं, और हाल के ओमिक्रॉन संस्करणों के खिलाफ तो बिलकुल ही अप्रभावी हो सकते हैं। बुजुर्ग विशेष रूप से कमजोर होते हैं : 80 से अधिक उम्र के केवल 40 प्रतिशत लोगों ने ही एकाध बूस्टर शॉट लिया है। पिछले मार्च में नेचर मेडिसिन में प्रकाशित एक लेख में अनुमान लगाया गया था कि वर्तमान परिस्थितियों में कोविड-शून्य लॉकडाउन और क्वारंटाइन को समाप्त करने से अस्पतालों पर दबाव बढ़ सकता है, क्योंकि वर्तमान में उपलब्ध बिस्तरों की तुलना में 15 गुना अधिक लोगों को अस्पताल के बिस्तरों की आवश्यकता होगी। इसने लगभग 1.5 मिलियन मौतों की भविष्यवाणी की थी। यह अभी भी अमेरिकी रिकॉर्ड की तुलना में कहीं बेहतर परिणाम होगा, लेकिन प्रकरण में इतनी देर से एक साथ पहुंचना, जब दुनिया के बाकी हिस्सों में लंबे समय से तालाबंदी और सामूहिक मौतें हो रही हैं, यह शी जिनपिंग के लिए राजनीतिक आपदा का कारण बन सकता है। और शायद कम्युनिस्ट शासन के लिए भी। निकलने का एक रास्ता है। सबसे पहले, शी को विनम्रता से काम लेना होगा और अत्यधिक प्रभावी एमआरएनए टीकों की कई अरब खुराक का आयात करना पड़ेगा। इसके लिए कहें तो छह महीने लगेंगे।

फिर उन्हें नफरत भरे लॉकडाउन और एकांतवासों से संबंधित उभरते संक्रमणों को नियंत्रित करना होगा, और अधिकतम संभव स्तर पर जनाक्रोश को नियंत्रित करना होगा, जब तक कि आबादी के एक बड़े हिस्से को ठीक से टीका नहीं लगाया जाता है - कहें कि अगले छह से बारह महीने तक। फिर, 2024 में किसी समय, वह प्रतिबंधों में ढील दे सकते हैं और चीनियों को शेष विश्व से पुन: जुड़ने दे सकते हैं। यह रणनीति आस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के लोगों के लिए काम आई थी, जिन्होंने, जैसे ही अधिकांश लोगों को उनके (आयातित) एमआरएनए टीके मिले, वैसे ही बड़े पैमाने पर लॉकडाउन समाप्त कर दिया। यदि शी ऐसा करने की शर्मिन्दगी सहन नहीं कर सकते हैं, तो वे जुआ खेल सकते हैं कि एक प्रभावी चीनी एमआरएनए टीका जल्द ही उपलब्ध हो जाएगा। अनेक टीके विकास की प्रक्रिया में हैं, और एक टीका कथित तौर पर चरण 3 के नैदानिक परीक्षणों में प्रवेश करने वाला है। लेकिन अगर वह उस पर दांव लगाते हैं और यह जल्द ही तैयार नहीं होने वाला है, तो जीवन भर के लिए हासिल मौजूदा राष्ट्रपति की उसकी नई हैसियत एक दु:स्वप्न बन जाएगी। कोविड संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। चीन में कोविड संक्रमण को न रोका गया तो जनता के विद्रोह का कारण और मजबूत हो जाएगा और यह चीन सरकार की अन्य नीतियों के खिलाफ व्यापक विद्रोह में बदल सकता है। यह स्थिति चीन सरकार के लिए अभूतपूर्व संकट पैदा कर सकती है

## आप की बात

### ईरानी जनता की विजय

**ईरान** में सख्त महिला ड्रेस कोड का उल्लंघन करने पर महसा अमिनी की गिरफ्तारी और पीट कर मार डालने के बाद हिजाब के खिलाफ करीब दो माह से सरकार के विरूद्ध बढ़ते हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए सरकार ने अपनी ''नैतिकता पुलिस'' को भंग कर दिया है , साथ ही वहां की सरकार इस कानून पर विचार करने के लिए तैयार भी हो गई है। स्मरण रहे हिजाब संस्कृति को वहां के राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने 2006 में ''नैतिकता पुलिस'' (मार्गदर्शन गश्ती दल) स्थापित किया था। जिसका अब वहीं की सरकार को जबरदस्त विरोध झेलना पड़ा, इस दौरान सैकड़ों लोगों सहित अनेक बच्चे मारे गए। आखिर अंत में उस पर गंभीरता से विचार करने हेतु विवश होना पड़ा। हालांकि, अभी यह कहना उचित नहीं होगा कि ईरान का कट्टरपंथी इस्लामी शासन महिला अधिकारों व आम जनता के अन्य अधिकारों के मामले में कहां तक सहज स्थितियां अपनाता है। लेकिन यह निश्चित रूप से ईरानी जनता की विजय तथा भारत में ऐसे कट्टरपंथियों के लिए सबक है जो अपनी हर सनक को पवित्र कुरान पर थोपने का प्रयास करते हैं। हिजाब उनमें से एक है जिसे बच्चियों पर थोपा जा रहा है।

**महेश नेनावा,** इंदौर

### विश्व मृदा दिवस

**5 दिसंबर** को दुनियाभर में मृदा दिवस मनाया गया। जमीन अपनी ऊपरी मिट्टी को तेजी से खो रही है। भारत में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 29 प्रतिशत यानी करीब 96 मिलियन हेक्टेयर से अधिक का क्षरण हुआ है। दुनियाभर में मिट्टी की उर्वरता खोने के मामले में 40 फीसदी तक गिरावट बढ़ गई है। इससे वैश्विक जीडीपी का लगभग आधा हिस्सा खतरे में है। इसके अलावा मिट्टी से लगातार ऑर्गेनिक कार्बन कम हो रहा है। लगातार घट रहे ऑर्गेनिक कार्बन से उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो कुछ सालों में विश्व भर में खाद्यान्न का संकट गंभीर हो जाएगा। यदि अगले 60 वर्षों में जमीन की उर्वरता नष्ट हो जाएगी तो मानव जाति का जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा दुनिया भर के किसान उर्वरकों का और कीटनाशकों का इतना ज्यादा उपयोग कर रहे हैं कि मिट्टी के साथ-साथ जल भी प्रदूषित हो रहा है इनके प्रयोग से मिट्टी की उत्पाद उत्पादकता बढ़ाने वाले कीटाणु जीव और पशु पक्षियों की कई प्रजातियां नष्ट हो गई है। मृदा दिवस पर हमें प्रकृति के अनुकूल जीवन जीने के व्यापक प्रयास करने होंगे।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आरक्षण का जिन्न

**भारत** के सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सामान्य श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को कानून सम्मत करार दिया था। इसके बाद 50 प्रतिशत की सीमा स्वत: ही समाप्त हो जाती है। झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों के आरक्षण में बढ़ोतरी किए जाने के बाद अब वहां पर 77प्रतिशत की आरक्षण व्यवस्था की जा चुकी है इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी आरक्षण की व्यवस्था को नए ढंग से परिभाषित करते हुए 76प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू कर दी है। मेरा व्यक्तिगत रुप से मानना है कि केंद्र और राज्य सरकारों को आरक्षण बढ़ाए जाने की जगह वर्तमान आरक्षण व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सरकारी संस्थान का निजीकरण करते हुए आरक्षण व्यवस्था यथावत लागू की जाए। सभी राजनीतिक दल अपने हिसाब से आरक्षण को बढ़ाने की वकालत करेंगे क्योंकि सबकी निगाहें 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर आकर टिक गई हैं और बहती गंगा में डुबकी लगाने की तैयारी में हैं।


**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भारत** हिंद महासागर में आने वाले चीनी जहाजों पर नजर रख रहा है।
- **आर. हरि कुमार**
नौसेना प्रमुख



**रूस** ने ऊर्जा क्षेत्र में भारी अस्थिरता पैदा कर सारी दुनिया को भारी नुकसान पहुंचाया है।
- **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति




**हमारा** विचार लोगों को सीधे प्रशासन से जोड़ना है ताकि वे मौन तमाशबीन ही न बने रहें।
- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्य मंत्री

# जमीन से जुड़े नेता थे मुलायमः योगी

## दोनों सदनों में मुलायम सिंह सहित अन्य दिवंगत सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर सोमवार को विधान सभा में शोक प्रस्ताव पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव एक साधारण परिवेश से आए, जमीन से जुड़े नेता थे। सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां असाधारण रहीं। उनके निधन से भारतीय राजनीति के एक संघर्षशील युग का अन्त हो गया है। देश की राजनीति में मुलायम सिंह का दीर्घ अनुभव एवं योगदान रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुलायम सिंह यादव का जन्म 22 नवम्बर 1939 में इटावा के सैफई गांव में हुआ था। मुलायम सिंह ने 15 वर्ष में ही समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया के विचारों से प्रेरित होकर सामाजिक आंदोलनों में भाग लिया और समाज सेवा से जुड़े। मुलायम सिंह ने एक शिक्षक के रूप में आपने प्रारम्भिक जीवन की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर, राजनारायण के सम्पर्क में आकर मुलायम सिंह यादव सक्रिय राजनीत में आए। मुलायम सिंह यादव 10 बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए। वर्ष 1982 में विधान परिषद सदस्य निर्वाचित हुए। रामनरेश यादव के मंत्रिमण्डल एवं बाबू बनारसी दास के मंत्रिमण्डल में मंत्री रहे तथा विधान सभा व विधान परिषद में नेता विरोधी दल के पद पर भी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुलायम सिंह यादव वर्ष 1989 से 1991, वर्ष 1993 से 1995 तथा वर्ष 2003 से 2007 तक तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। वह वर्ष 1996, 1998, 1999, 2004, 2009, 2014 तथा 2019 में लोक सभा के सदस्य भी निर्वाचित हुए। वर्ष 1996 से 1998 तक एचडी देवगौड़ा व इन्द्रकुमार गुजराल के केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में रक्षा मंत्री रहे। रक्षा मंत्री के रूप में मुलायम सिंह यादव ने सेना की पूर्व की व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर को उनके घरों तक पहुंचाने का निर्णय लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुलायम सिंह यादव संसद की प्राकृतिक और पेट्रोलियम तथा ऊर्जा सम्बन्धी स्थायी समिति के सभापति तथा लोक सभा की विभिन्न महत्वपूर्ण संसदीय समितियों के सदस्य, लोक सभा में नेता समाजवादी संसदीय दल भी रहे थे। मुलायम सिंह यादव विधान सभा की विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य, उत्तर प्रदेश लोकदल तथा उत्तर प्रदेश जनता दल के अध्यक्ष रहे। मुलायम सिंह यादव ने वर्ष 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना की थी। वह विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत इटावाए वाराणसी और फतेहगढ़ आदि कारागारों में बन्द रहे। मुलायम सिंह यादव कई शिक्षण संस्थानों की प्रबन्धन समिति के सदस्यए प्रबन्धक व अध्यक्ष भी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुलायम सिंह यादव के निधन से हम सभी दु:खी हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए उनके शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधान सभा सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पांडेय मुलायम सिंह यादव वैचारिक प्रतिबद्वता वाले जन-जन के नेता थे। समाजवाद को उन्होंने ही जन-जन का आंदोलन बनाया। मुख्यमंत्री रहते हुए मुलायम सिह यादव ने ही पीसीएस की परीक्षा में अग्रेजी की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए हिन्दी में परीक्षा कराने की शुरू की थी। रक्षामंत्री के रूप में ही वे सियाचिन के ग्लेशियर पर गये थे। उनमें सबकों साथ लेकर चलने की अदृभुत क्षमता थी। किसानों के लिए उन्होंने सदन से सड़क तक संघर्ष किया। उनके कार्यकाल में बेरोजगारों को भत्ता दिए जाने और कन्या विद्या धन की शुरूआत की थी। सपा के वरिष्ठ नेता और मुलायम मंत्रिमंडल के सदस्य रहे महबूब अली,अवधेश प्रसाद तथा पूर्व विधानसभाध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय ने भी मुलायम को श्रद्वांजलि अर्पित कर उनके नीतियों सिद्वांतों पर चलने का संकल्प दोहराया। महबूब अली ने कहा कि मुलायम सिंह की जीवनी को पाठयक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। अपनादल एस के नेता व प्रदेश के प्राविधिक शिक्षामंत्री आशीष पटेल ने कहा कि मुलायम सिंह यादव के निधन से शून्यता का भाव पैदा हुआ है। उन्हे राजनीति का दीर्घ अनुभव था। उनका प्रदेश की राजनीति में विशेष स्थान रहा। केन्द्र की संयुक्त मोर्चा की सरकारों में कैबिनेट मत्री के रूप में उनके कार्य अनुकरणीय है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री तथा निषाद पार्टी विधानमंडल दल के नेता डा संजय निषाद ने कहा कि उन्होने मुख्यमंत्री के रूप मछुआ समुदाय के विकास के लिए काफी कार्य किए। सुभासपा विधानमंडल दल के नेता ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि धरतीपुत्र और नेता जी के नाम से लोगों के बीच लोकप्रिय मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक जीवन पर लोहिया के विचारों का गहरा प्रभाव था।

जनसत्तादल लोकतांत्रिक के नेता रघुराज प्रताप सिंह ने कहा वे ऐसे मुख्यमंत्री थे जिन्होने सदैव हिन्दी और स्वदेशी को बढावा दिया। बसपा विधानमंडल दल के नेता उमाशंकर सिंह ने कहा कि उनके जीवन के बारे में कुछ भी कहना सूरज को दिया दिखाना है। मुलायम सिंह यादव के साथ ही पूर्व सदस्य चन्द्रपाल,डा गंगा बक्श सिंह तथा बदन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वहीं उत्तर प्रदेश विधान परिषद की कार्यवाही सोमवार को वित्त वर्ष 2022-23 की अनुपूरक अनुदान मांगों को पेश किए जाने और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव तथा कुछ अन्य सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करने के बाद मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के तहत विधान परिषद सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में हुई। सभापति ने आज के सभी प्रश्न उत्तरित माने जाने के निर्देश दिए। उसके बाद सभापति ने रमेश चन्द्र शर्मा विकट पूर्व सदस्य विधान परिषद, राम सुन्दर दास निषाद एडवोकेट पूर्व सदस्य विधान परिषद्, डॉ. राम कुमार कुरील, पूर्व सदस्य विधान परिषद के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए। सम्पूर्ण सदन ने मृत आत्माओं की शांति के लिए कुछ क्षण खड़े होकर मौन धारण किया।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य एवं भाजपा के अन्य सदस्यों, सपा सदस्य लाल बिहारी यादव एवं सपा के अन्य सदस्यों, नेता शिक्षक दल सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी, निर्दलीय समूह के नेता राज बहादुर सिंह चन्देल, बसपा के नेता भीमराव अम्बेडकर एवं सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए। केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वो जमीन से जुड़े नेता थे। आपातकाल के दौरान 19 महीने जेल में रहे। 1960 में राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि चुनाव में हारने के बाद भी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मुलायम सिंह यादव ने मुझे शाबासी दी। वो ऐसे नेता थे जो बड़े दिल वाले थे।

उन्होंने विपक्षी नेताओं को भी आशीर्वाद दिया। छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता ये उन्होंने सिद्ध किया। प्रधानमंत्री उनका बहुत सम्मान करते हैं। जब मैं सैफई गया तो पाया कि दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर कई पार्टियों के नेता वहां थे। उनका जीवन लोगों को पढ़ना चाहिए। राजनीति में विरोध स्वाभाविक है लेकिन इसके बाद सबका सम्मान करना और मधुर संबंध रखना निश्चित तौर पर उल्लेखनीय है। केशव प्रसाद मौर्य के अलावा भाजपा, सपा और अन्य दलों के सदस्यों ने भी शोक व्यक्त किया।

इसी दौरान 12 बजकर 20 मिनट पर नेता सदन ने वित्त वर्ष 2022-23 की अनुपूरक अनुदान की मांगों को प्रस्तुत किया। बाद में सभी सदस्यों ने दिवंगत सदस्यों की आत्मा की शांति के लिए कुछ क्षण खड़े होकर मौन धारण किया। उसके बाद सभापति ने सदन की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# सीएम ने विधान परिषद परिसर में किया तैल चित्रों का अनावरण, सेवा केंद्र का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद के परिसर में सोमवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैल चित्रों का अनावरण और सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह, उपमुख्यमंत्री व नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मत्स्य मंत्री संजय निषाद, मंत्री आशीष पटेल, पूर्व मंत्री डॉ. महेन्द सिंह, विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, यशवन्त सिंह, प्रमुख सचिव विधान परिषद राजेश सिंह तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# खत्म होंगे अनुपयोगी कानून, कैबिनेट ने दी मंजूरी

## उप्र निरसन विधेयक 2022 को विधान मण्डल सत्र में पुर:स्थापित किए जाने को मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सोमवार** को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक आयोजित की गई जिसमें पांच प्रस्ताव पर मुहर लगी। योगी सरकार ने विधान मंडल में पेश हुए अनपूरक बजट के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की है। इसके अलावा उप्र अग्निशमन तथा आपात सेवा अध्यादेश 2022 के प्रतिस्थानी विधेयक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा विधेयक 2022 कोविधान मण्डल सत्र में पुर:स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया।

बढ़ते औद्योगिक विकास, शहरीकरण के दृष्टिगत आपदा एवं सम्भावित अग्नि दुर्घटनाओं में वृद्धि के कारण मौजूदा उप्र फायर सर्विस एक्ट 1944 कई मामलों में कारगर साबित नही हो रहा है। प्रदेश में बीते दिनों हुई कई घटनाओं में इस एक्ट में बदलाव की आवश्यकता महसूस की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी निर्देश दिए थे कि इस एक्ट में बदलाव करते हुए नए प्रावधानों को जोड़ा जाए। साथ ही अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण-पत्र, इन अधिनियमों का अभिन्न अंग न होने के कारण भवनों, परिसरों में अनिवार्य रूप से अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लागू कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति के दृष्टिगत सम्पूर्ण भारत में फायर सर्विस अधिनियम में एकरूपता लाये जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रसारित मॉडल फायर एण्ड इमरजेन्सी बिल 2019 को उत्तर प्रदेश सरकार स्वीकृति प्रदान की गई और अब यह सदन में रखा जाएगा। मंत्रिपरिषद ने शासन के कतिपय प्रशासकीय विभागों के 36 अधिनियमों 5 मूल अधिनियम एवं 31 संशोधन अधिनियम को निरसित किये जाने के लिए उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक 2022 को आगामी राज्य विधान मण्डल सत्र में पुर:स्थापित किये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

सातवें उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग द्वारा अप्रचलित एवं अनुपयोगी हो चुकी विधियों को निरसित किये जाने के सम्बन्ध में की गई संस्तुतियों को तथा नागरिकों एवं व्यवसाय पर विनियामक अनुपालन भार को कम करने एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के दृष्टिगत एवं केन्द्रीय विधि आयोग तथा केन्द्र सरकार द्वारा गठित रामानुजन समिति की संस्तुति पर केन्द्र सरकार द्वारा स्वतंत्रता पूर्व ब्रिटिश शासन के दौरान अधिसूचित राज्य से सम्बन्धित अधिनियमों तथा राज्य में राष्ट्रपति शासन के दौरान बनाये गये अधिनियमों को वर्तमान में अनुपयोगी होने के आधार पर निरसित किये जाने की अपेक्षा राज्य सरकार से की गयी है। वर्ष 2017 से अब तक 813 चिन्हित अधिनियमों को विधायी प्रक्रिया अनुसार निरसित किया जा चुका है। मंत्रिपरिषद ने मथुरा के नन्दगांव में टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेण्टर बनाये जाने के लिए भूमि पर्यटन विभाग के निवर्तन पर नि:शुल्क हस्तान्तरित किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही मंत्रिपरिषद द्वारा प्रकरण में आवश्यकतानुसार अग्रतर निर्णय लिये जाने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है।

मंत्रिपरिषद के इस निर्णय के अन्तर्गत जनपद मथुरा में तहसील छाता के राजस्व ग्राम नन्दगांव स्थित खसरा नंबर 579 रकबा 2.424 हेक्टेयर में से रकबा 1.065 हेक्टेयर चयनित अविवादित भूमि नन्दगांव में यात्री सुविधा केन्द्र निर्माण के लिए पर्यटन विभाग को नि:शुल्क हस्तान्तरित की जायेगी। नन्दगांव में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पर्यटक सुविधा केन्द्र बनाये जाने का प्रस्ताव किया गया है। पर्यटक सुविधा केन्द्र में डॉरमेट्री, खुली रसोई, टॉयलेट आदि सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके निर्माण से पर्यटकों को सुविधा होगी।

## पुलिस, पीएसी व केंद्रीय बल की सतर्कता से शांतिपूर्ण संपन्न हुए उपचुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस**, पीएसी और केंद्रीय सुरक्षा बल की सतर्कता से उत्तर प्रदेश में मैनपुरी लोकसभा संसदीय सीट और खतौली व रामपुर विधानसभा सीटों पर सोमवार को उपचुनाव शांतिपूर्ण व सकुशल तरीके से संपन्न हो गया। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश में आचार संहिता लागू होते ही उत्तर प्रदेश पुलिस ने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पूर्णतया पालन कराने व आदर्श चुनाव आचार संहिता को शत-प्रतिशत लागू कराने के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य किया। उन्होंने बताया कि उप चुनाव प्रक्रिया में कुल 1296 निरीक्षक और उपनिरीक्षक, 40 महिला उपनिरीक्षक, 12023 मुख्य आरक्षी व आरक्षी, 836 महिला आरक्षी, 7457 होमगार्ड्स, 33 कम्पनी पीएसी व 65 कम्पनी सीएपीएफ की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी पुलिस कर्मियों, केन्द्रीय पुलिस बल, पीएसी को उच्च अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष व कुशलता पूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के लिए विस्तृत रूप से ब्रीफ किया गया। जिसके फलस्वरूप उक्त सुदृढ़ पुलिस व्यवस्थापन के कारण सम्पूर्ण उपचुनाव के सकुशल एवं विगत वर्षों के सापेक्ष बिना किसी आपराधिक घटना के सकुशल संपन्न कराने में उत्तर प्रदेश पुलिस सफल रही।

## अब तक 14.85 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई धान की खरीद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2022-23 में सीधे खरीद करते हुए, विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 1485823.27 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 227630 किसानों को लाभान्वित करते हुए 2412.803 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 89090.52 मीट्रिक टन खरीद हुई है। धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा-पूरा ध्यान रखकर खरीद की जा रही है।

# सपा विधायकों ने विधानभवन परिसर स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष दिया धरना

- योगी सरकार के खिलाफ जमकर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानमंडल** के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को प्रदेश के सबसे बड़े विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने प्रदेश की योगी सरकार को घेरते हुए विधान भवन परिसर में स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान सपा विधायकों ने मैनपुरी लोकसभा और रामपुर एवं खतौली विधानसभा उपचुनावों में 'सरकारी तंत्र के दुरुपयोग, बढ़ती महंगाई और खराब कानून-व्यवस्था' के खिलाफ जोरदार तरीके से अवाज उठाई।

विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सपा विधायकों ने हाथों में तख्तियों लेकर विधान भवन परिसर स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष एकत्र हुए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सपा विधायकों के हाथों में मौजूद तख्तियों में प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ नारे-बाजी अंकित की गई थी जिसमें क्रमश: 'जनता का पैसा खाते हैं, घपलेबाज सरकार चलाते हैं, भाजपा विफल है, अपने कामों से, जनता त्रस्त है बढ़ते दामों से, के नारे लिखे हुए थे। इस मौके पर सपा के मुख्य प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि हमारे विधायकों ने उपचुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किये जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया है। प्रशासन लोगों को मतदान करने से रोक रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के शासनकाल में महंगाई चरम पर है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और प्रदेश में कानून.व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं है।

# राहुल गांधी की अगुवाई में विशाल समूह बन गई है भारत जोड़ो यात्राः बृजलाल खाबरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी की अगुवाई में एक विशाल जन समूह बन गया है। महंगाई, बेरोजगारी, आराजकता को समाप्त करना भारत जोड़ो यात्रा का मूल उद्देश्य है। खाबरी सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अवध प्रांत के सभी जिला-शहर अध्यक्षों, प्रमुख कांग्रेसजनों, पूर्व विधायकों और सांसदों की बैठक को संबोंधित कर रहे थे। बैठक का आयोजन भारत जोड़ो यात्रा एवं नगर निकाय चुनाव के संबंध में किया गया।

खाबरी ने कहा कि जहां इस यात्रा में मुम्बई आतंकी हमले के आतंकवादी कसाब की पहचान कर सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली देविका, मशहूर संगीतकार पंडित विश्व मोहन भट्ट, भजन गायक पद्मश्री प्रह्लाद टिपानिया, साधु संत, मशहूर अभिनेत्री स्व. भाष्कर तथा प्रत्येक क्षेत्र के लोगों के साथ ही पूरे देश का जन समर्थन मिल रहा है। इसी समर्थन में उत्तर प्रदेश के सभी प्रांतीय अध्यक्षों के नेतृत्व में यात्रा निकाली जा रही है। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा बौखला गयी है। आने वाला समय सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस का है। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में यात्रा ऐतिहासिक होगी। सभी कांग्रेसजनों का आह्वान करते हुए कहा कि यह यात्रा उत्तर प्रदेश की पीड़ित, शोषित जनता के दुख दर्द को साझा करने का काम करेगी।

### यूपी में भी पिछड़ों के आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाया जाएः वीरेंद्र चौधरी

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष विधायक वीरन्द्र चौधरी ने छत्तीगढ़ सरकार के आरक्षण सम्बन्धित फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो जनता के हित के लिए ऐतिहासकि निर्णय ले सकती है। चौधरी सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 76 प्रतिशत का आरक्षण करके 50 प्रतिशत के लोगों के भ्रम को तो समाप्त किया ही साथ ही अन्य सरकारों को भी एक रास्ता दिखाने का कार्य किया है। चौधरी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मांग करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय का पालन करते हुए पिछड़ों के साथ न्याय किया जाए तथा जातीय जनगणना सार्वजनिक कर सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। छत्तीसगढ़ की भांति उत्तर प्रदेश में भी आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाया जाये। एक प्रश्न के उत्तर में विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाने की बात कही साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमत्री को बधाई दी।

## नाहिद हसन ने ली विधान सभा की सदस्यता की शपथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष, सतीश महाना ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सहारनपुर जनपद की विधान सभा क्षेत्र कैराना से निर्वाचित विधायक, नाहिद हसन को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। नाहिद हसन ने विधान सभा अध्यक्ष, सतीश महाना के समक्ष उपस्थित होकर शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के इस कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान, विधान सभा कार्य संचालन नियमावली भेंट की। विधान सभा अध्यक्ष ने सदस्य को बधाई देते हुए कहा कि वह विधान सभा में एक जागरूक एवं सफल विधायक के रूप में कामयाब हो और जीवन में यशस्वी हो तथा सदन में होने वाले वाद-विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की जनता के जनहित की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

# मैनपुरी उपचुनाव को लेकर भाजपा व सपा ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

- दोनों ही पार्टियों ने चुनाव आयोग को ज्ञापन देकर की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल

**भारतीय** जनता पार्टी ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी द्वारा अराजकता फैलाने एवं मतदान को प्रभावित करने के संदर्भ में ज्ञापन के माध्यम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता और विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित हुए।वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने भी सोमवार को भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। कहा कि मतदान के दिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, समर्थकों, शुभचिंतकों को जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा मतदान करने से रोक रही है। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मतदेय स्थलों के निकट पैसा बांटने मतदान व चुनाव को प्रभावित किया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया कि मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी द्वारा गलत सूचनाएं प्रेषित करके भ्रम फैलाया जा रहा है। समाजवादी पार्टी जिन मुद्दों को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज करा रही है, वह सब झूठ का आवरण है। जिसकी आड़ में सपा के अराजकतत्वों द्वारा मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा समर्थक कार्यकर्ताओं को डराया धमकाया जा रहा है। उपचुनाव में सपा समर्थकों द्वारा आदर्श संहिता का खुलेआम उल्लंघन किया गया। मतदाताओं को पैसा, साड़ियां और अन्य सामग्री बांटी गई है। जिसकी शिकायत पार्टी द्वारा पूर्व में भी चुनाव आयोग को की गई है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मैनपुरी से सपा की प्रत्याशी डिम्पल यादव द्वारा 4 दिसम्बर की रात एक ट्विट में आरोप लगाया कि पाम होटल में भाजपा के लोग पैसा बांट रहे है। लेकिन पुलिस के छापा डालने के बाद वहां पर कोई नहीं मिला। इसी तरह का भ्रम रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी द्वारा भी फैलाया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया कि सपा और रालोद के भ्रम से भरे ट्विट फैलाने के पीछे सोची समझी रणनीति है और मैनपुरी मैनपुरी लोकसभा के उपचुनाव में करहल, किशनी और जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के लोग खुले आम हथियार और गाड़ियों के काफिले से गांव-गांव जाकर मतदाताओं को डरा-धमका रहे है। वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने भी सोमवार को भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमण्डल में पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, मनोज पाण्डेय, विधायक रविदास महरोत्रा समेत कई विधायक थे। ज्ञापन के मध्यम से से सपा प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से कहा कि मैनपुरी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट सभी पांचों विधानसभाओं में मतदान के दिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, समर्थकों, शुभचिंतकों को जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा मतदान करने से रोक रही है। मतदेय स्थलों पर ईवीएम खराब करके मतदान की गति को बाधित किया जा रहा है। आधार कार्ड व मतदाता पर्ची वाले मतदाताओं को मतदान करने से रोकने व पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों द्वारा मतदेय स्थलों व मतदान केन्द्रों पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जा रहा है।

बल प्रयोग करके उन्हें वहां से भगाया जा रहा है। ज्ञापन के मध्यम से सपा ने कहा कि मुस्लिम मतदाताओं को बिना मतदान कराये मतदेय स्थलों से भगाने तथा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मतदेय स्थलों के निकट पैसा बांटने मतदान व चुनाव को प्रभावित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन व अर्द्ध सैनिक बलों द्वारा समाजवादी पार्टी के समर्थकों व मस्लिम मतदाओं को मतदेय स्थल पर जाने से पहले रोक कर उन्हें अपने घर वापस भेजने के सम्बंध में शिकायत करते हुए तत्काल कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की। सपा ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि जसवन्तनगर विधानसभा के बूथा 174 की ईवीएम खराब करके मतदान को प्रभावित कर दिया गया है ।

## कांग्रेस में शामिल हुए कई लोग

**लखनऊ।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और देश की जनता एवं संविधान की रक्षा के लिए प्रियंका गांधी द्वारा किए जा रहे संघर्ष से प्रभावित होकर भारी संख्या में लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी और प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने इन सभी लोगों को पार्टी में शामिल किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से संतोष कुमार, राजेन्द्र कुमार, अनुराग यादव, अंकित मोटिया, अमित सिंह, सनोज यादव, गरिमा सिंह, आशीष गुप्ता, अशोक कुमार, रानी देवी, मो. शमीम शामिल थे। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत है, आप सभी आज से हमारे परिवार का हिस्सा हैं। आप लोगों के सहयोग से हमारे नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को गति मिलेगी तथा यात्रा का मूल उद्देश्य जन जनों तक पहुंचेगा। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि आप कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा पर चलते हुए कांग्रेस संगठन को गतिशीलता प्रदान करेंगे।

### जब गोमती नदी में उतर 32 किलोमीटर तक चले एमएलसी

# जलमार्गीय पर्यटन स्थल के रूप में नैमिषारण्य को मिलेगी नई पहचानः पवन सिंह

**● एमएलसी पवन सिंह ने बोट पर सवार हो गोमती के घाटों का लिया जायजा, तीर्थों की गरिमा के अनुरूप विकसित किए जाएंगे गोमती नदी के घाट, भाजपा एमएलसी पवन सिंह चौहान ने राजघाट से देवदेवेश्वर रुद्रावर्त, कोल्हुआ बरेठी तक किया भ्रमण**

संवाददाता। सीतापुर

**वह दिन** दूर नहीं जब नैमिष में गोमती के घाट पर्यटकों को लुभाएंगे। नदी के तट और जल में स्थित देव मंदिरों, तीर्थों का खोया स्वरूप फिर से वापस लाया जाएगा। इन मंदिरों, तीर्थों को नई पहचान मिलेगी और तब 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि पर ही पर्यटकों का आना जाना नहीं होगा बल्कि जल मार्ग के जरिए भी पर्यटक आध्यात्मिक नगरी में देव दर्शन कर सकेंगे। इतना ही नहीं तीर्थों मंदिरों का विकास होने के साथ ही रोजगार के तमाम अवसर मुहैया हो सकेंगे। इसे मूर्त रूप देने के लिए सीतापुर से भाजपा एमएलसी पवन सिंह चौहान ने लोकभारती के जिला संयोजक कमलेश सिंह सहित अन्य सहयोगियों के साथ बोट पर सवार हो गोमती नदी में 32 किलोमीटर दूरी तक नदी के तटों पर स्थित देव मंदिरों तीर्थों का भ्रमण किया और संत महात्माओं से मिलकर तीर्थ स्थानों के पौराणिक व आध्यात्मिक महत्व की जानकारियां हासिल की। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने राजघाट से देवदेवेश्वर, रुद्रावर्त, कोल्हुआ बरेठी तक जल भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें नदी के तट पर देव देवेश्वर रुद्रवर्त के अलावा हंस हंसिनी, भ्रमावर्त सत्यु का आश्रम, पारशनाथ आश्रम, केदारनाथ, चित्रकूट, बद्रिनाथ, सहित अन्य कई मंदिरों तीर्थों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलीं। भाजपा एमएलसी ने रुद्रावर्त घाट पर श्रद्धालुओं के लिए बरामदा, शौचालय और अन्य यात्री सुविधाओं को मुहैया कराने का आश्वासन दिया। भ्रमण के दौरान लोकभारती के जिला संयोजक कमलेश सिंह, देशराज यादव प्रधान बरेठी, सुधीर सिंह, शिवम सिंह, शैलेंद्र वर्मा सहित कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। बतातें चलें कि मिश्रिख सांसद अशोक रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव के तमाम प्रयासों और नैमिषारण्य के संतों, महात्माओं की लंबे समय से की जा रही मांग पर योगी सरकार ने धार्मिक नगरी नैमिषारण्य के बहुमुखी विकास के लिए नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद का गठन किया है। विकास परिषद का गठन होने के बाद अब काशी, आयोध्या, मथुरा, वृंदावन और विंदवासिनी धाम की तर्ज पर नैमिषारण्य धाम का भी बड़े पैमाने पर विकास होना तय माना जा रहा है। विकास परिषद गठन के बाद नैमिषारण्य के मंदिरों और तीर्थों के अलावा इस क्षेत्र की 84 कोसीय परिक्रमा के मध्य आने वाले 11 पड़ाव स्थलों का भी विकास किया जाना है। विकास परिषद का गठन सीतापुर हरदोई के 36 गांव को मिलाकर किया जाएगा। नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास योजना के पीछे सीएम योगी का उद्देश्य पर्यटन तथा संस्कृति विशेष रूप से धार्मिक क्रियाकलापों और आध्यात्मिक पर्यटन हेतु अवसंचनात्मक सुविधाओं का विकास करना है। हालांकि 2017 में भाजपा पूर्ण बहुमत से जीती और यूपी में योगी के नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पहला कार्यकाल बीत गया, लेकिन विकास परिषद गठन नहीं हो सका। यद्यपि सीएम योगी ने नैमिषारण्य-मिश्रिख विकास के लिए कई मौकों पर मंचों से करोड़ों रुपयों से विकास कराए जाने की बात कही। वर्ष 2022 में जब फिर से पूर्ण बहुमत के साथ योगी सरकार सत्ता में आई और एक वर्ष के भीतर ही योगी सरकार की कैबिनेट बैठक श्री नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद के प्रस्ताव को मंजूरी मिली।

### 84 कोसीय परिक्रमा के समुचित विकास के लिए निकलेगी रथ यात्रा

**84 कोसीय** परिक्रमा के 11 पड़ाव और उसके आस-पास के गांवों के समुचित विकास के लिए 8 एवं 9 दिसंबर को एक यात्रा के जरिए ग्रामीणों से संपर्क किया जाएगा। इस यात्रा का रथ 6 दिसंबर को रवाना होगा। इस दौरान पड़ाव के आस-पास रहने वाले संतों और ग्रामीणों से बातचीत की जाएगी। यह जानकारी लोक भारतीय के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पड़ावों के साथ आस-पास के उपेक्षित तीर्थों को भी विकसित किया जाएगा और गौ आधारित खेती को बढ़ावा देने पर भी ग्रामीणों के साथ चर्चा की जाएगी। बता दें कि 84 कोसीय परिक्रमा का प्रथम पड़ाव कोरौना है। इसी तरह जरिगवां, नैमिषारण्य, देवगवां, मड़रुवा, कोल्हुआ बरेठी, मिश्रिख यह कुल सात पड़ाव सीतापुर जिले में हैं, जबकि चार अन्य पड़ाव हरदोई जिले में आते हैं। इनमें हरैया, नगवा कोथावां, गिरधर उमरारी, साक्षी गोपालपुर पड़ाव शामिल हैं। श्री नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद का गठन होने के बाद जिन गांवों को परिषद में शामिल किया गया है। उनमें अरवापुर, सहसामऊ, ठाकुर नगर, लकेरामऊ, बिठौरी, नरसिंघौली, मधवापुर, नारायणपुर, परसौली, संजराबाद, घरवासपारकला, घरवासपाराखुर्द, मिश्रिख, सरैया बीबी, जसरायपुर, करमैसपुर, लक्षरपुर, रूपपुर, उत्तरधौना, खरगपुर, कल्ली, लोकनापुर, करखिला, मरौली, तरसावां, लोहंगापुर, बीच्छापुर बिनौरा, भानपुर, अटवा, मनिकापुर, लेखनापुर, लक्षमण नगर, नैमिषारण्य, भैरमपुर, अजीतपुर आदि गांव शामिल हैं।

### नैमिषारण्य के आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व पर एक नजर

**नैमिषारण्य** के आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व पर नजर डालें तो धार्मिक नगरी नैमिषारण्य वह भूमि है, जिसे 88 हजार ऋषियों ने अपने तप से सिंचित किया है। विश्व की सबसे बड़ी धर्म संसद नैमिषारण्य में ही लगी थी। इसे अष्टम बैकुण्ठ भी कहा जाता है। श्रष्टि के जनक मनुसतरूपा ने नैमिषारण्य में ही कठोर तप करके पुत्र रूप में भगवान को प्राप्त करने का वरदान लिया था। बताते हैं कि इसके बाद भी समय पर अयोध्या में भगवान राम का जन्म हुआ। नैमिषारण्य क्षेत्र की 84 कोसीय परिधि में 33 करोड़ देवी देवताओं और भूमंडल के समस्त तीर्थों का निवास है। मिश्रिख नैमिषारण्य क्षेत्र में भगवान श्रीराम ने कुटुबियों समेत 84 कोसीय की परिक्रमा की थी। तभी से यहां प्रतिवर्ष फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से परिक्रमा होती चली आ रही है। यह परिक्रमा मेला 15 दिनों तक चलता है, जिसमें देश के कोने-कोने के अलावा पड़ोसी देश नेपाल, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया, इंग्लैण्ड से आकर श्रद्धालु संतों के सानिध्य में भाग लेते है। जानकारों का कहना है कि नैमिषारण्य का चक्रतीर्थ पृथ्वी का मध्य बिन्दु है। यहाँ पर ब्रम्हा द्वारा छोड़ा गया चक्र गिरा था। यहां स्थित काशीकुण्ड में श्राद्ध तर्पण के बाद ही पितरों को मुक्ति मिलती है। ऐसी एक नहीं अनेक मान्यताओं को नैमिषारण्य अपने में समेटे हुए है। विश्व में नैमिषारण्य से सटा मिश्रिख ऐसा स्थान है, जहां देवताओं को याचक बनकर आना पड़ा था। वनवास के समय पांडवों ने भी यहां एक वर्ष तक ठहर कर साधना की थी। उनके ठहराव के प्रमाण आज भी यहां मिलते है, संतों का मत है कि नैमिषारण्य का इतिहास सतयुग त्रेता द्वापर और कलयुग यानी चारों युगों से जुड़ा हुआ है। नैमिषारण्य और मिश्रिख वह भूमि है, जहां देवताओं को एक संत के समक्ष याचक बनकर आना पड़ा।

# शिक्षा वह साधन जिससे बेहतर मुकाम किया जा सकता है हासिलः भरत त्रिपाठी

**● एसआर पब्लिक स्कूल लहरपुर में मनाया गया वार्षिकोत्सव, वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम, सराहा गया एकांकी और एकल नृत्य, पूर्व एमएलसी ने शिक्षा के महत्व पर डाला प्रकाश**

संवाददाता। सीतापुर

**लहरपुर नगर** की प्रतिष्ठित संस्था एसआर पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने गीत और नृत्य के जरिए शिक्षा का संदेश दिया। बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों के दिलों पर अनोखी छाप छोड़ी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा वह साधन है जिसकी मदद से दुनिया का बड़े से बड़ा पद व कद बेहतर मुकाम अर्जित किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्र ने कहा कि प्रतिभा किसी परिचय का मोहताज नही होती है वह अपनी मेधा, दक्षता, योग्यता के बलबूते अपना बेहतर मुकाम अवश्य हासिल कर लेती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरएमपी डिग्री कॉलेज के गणित विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ आरएस मिश्र ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। एसएन पीजी कॉलेज उन्नाव के प्रोफेसर डॉ रंजीत सिंह, विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संख्या में नाटक एकांकी एकल नृत्य अभिनय गीत प्रस्तुत किए गए जिसमें वाणी गुप्ता का एकल नृत्य देखकर अभिभावकों व दर्शकों ने खूब सराहा गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता वीरेन्द्र पूरी, संतोष पाण्डेय, अशरफ बिलाल, दिलीप शुक्ल, सपा नेता हाजी जावेद, शोभित मिश्र, इन्द्र शरण मिश्र, रामे बाजपेयी, अनुपम श्रीवास्तव, अवधेश अवस्थी, नवल मिश्रा, लल्लू राम शुक्ला, गिरीश बाजपेयी, कमल किशोर शुक्ला, विद्यालय प्रबन्ध समिति सचिव रानी रमा मिश्रा, आशीष मिश्रा सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कश्यप ने किया। आभार विद्यालय प्रबंधक प्रमोद मिश्र ने व्यक्त किया।

## सड़क दुर्घटना में घायल ग्रामीण की मौत

**बरेली।** ट्रक की टक्कर से घायल बाइक सवार ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव नुसरत गंज निवासी 35 वर्षीय डाल चंद्र पुत्र ख्यालीराम की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि डालचंद कल दिन में अपने घर में टीन की चादर खरीदने के लिए घर से निकला था आंवला से चादर खरीद कर घर भेजने के बाद वह मोटरसाइकिल से वापस लौट रहा था।

# प्रो. त्रिपाठी को दी गयी श्रद्धांजलि

**मेरठ।** पत्रकारिता शिक्षाजगत के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वान प्रोफेसर रमेशचंद्र त्रिपाठी को तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में भाव-भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग को स्थापित करने वाले प्रोफेसर त्रिपाठी का गत 3 दिसम्बर को लखनऊ के मेदांता अस्तपाल में निधन हो गया था। इस श्रद्धांजलि सभा में विभाग के निदेशक प्रोफेसर प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रो. त्रिपाठी केवल लखनऊ तक ही सीमित नहीं थे बल्कि उत्तरप्रदेश तथा सम्पूर्ण भारत के कई विश्वविद्यालयों में पत्रकारिता शिक्षा को स्थापित करने में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। प्रो. प्रशांत कुमार ने कहाकि प्रो. रमेशचंद्र त्रिपाठी ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इस विभाग को हमेशा अपना पूरा सहयोग दिया। पाठ्यक्रम तैयार करना हो या नए कोर्स संचालित करने हों प्रो. रमेश चंद्र त्रिपाठी ने हमेशा हम सभी का मार्ग दर्शन किया। शोक सभा में उस समय सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों की भी आंखें भर आयीं जब विभाग के पूर्व शिक्षक और वर्तमान में आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ के पत्रकारिता विभाग में प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने अश्रुपूरित नेत्रों से प्रो. त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्वछात्र तथा प्रो. रमेश चंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें श्रद्धाजंलि देते हुए कहाकि स्पष्टवादिता, समयबद्धता, कठोर परिश्रम उनको महान बनाता है। डॉ. श्रीवास्तव ने कहाकि प्रो.त्रिपाठी का निधन पत्रकारिता शिक्षाजगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। इस शोकसभा में राजस्थान के कोटा स्थित महावीर वर्धमान खुला मुक्त विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध अग्निहोत्री ने अपने भेजे संदेश में लिखा कि त्रिपाठी सर गलती पकड़ने में बहुत ही सिद्धहस्त थे। वह त्रुटियों को संशोधित करते हुए कहते थे कि हिन्दी में किसी भी प्रकार की गलती नहीं चलेगी। दूरदर्शन और आकाशवाणी के पूर्व महानिदेशक (समाचार) प्रो. रामजी त्रिपाठी ने अपने भेजे गए संदेश में लिखा कि प्रो. त्रिपाठी के निधन से सम्पूर्ण पत्रकारिता शिक्षाजगत में एक शून्य उत्पन्न हो गया है। इस अवसर पर लव कुमार सिंह, नेहा कक्कड़, मितेंद्र कुमार, राकेशकुमार, ज्योति राठौर तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षणः डीएम ने की राजनीतिक दलों संग बैठक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**विस निर्वाचन** क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में दावे.आपत्तियॉ प्राप्त की निर्धारित अवधि में अबतक प्राप्त दावे.आपत्तियों के सम्बन्ध में अवगत करानेए पुनरीक्षण कार्यो के सम्बन्ध में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीयए राज्यीय राजनैतिक दल संग डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में बैठक आहूत हुई।

डीएम ने मौजूद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि पुनरीक्षण में दावे.आपत्तियॉ 08 दिसम्बर तक प्राप्त की जायेंगीए जिनका भी नाम अबतक निर्वाचक नामावली में शामिल नहीं है तो वे अपना निर्वाचक नामावली में देख लें और 08 दिसंबर 2022 तक निर्धारित प्रारूप.6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। आप सभी अपनी पार्टीध्क्षेत्र में उपस्थित सभी सम्भ्रान्त नागरिकों का नाम आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली में देख लें और यदि किसी भी सम्भ्रान्त व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली में नहीं है तो उनका भी प्रारूप.6 भरवाकर 08 दिसंबर 2022 तक सम्बन्धित बीएलओ अथवा तहसील में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आनलाइनभी आवेदन किया जा सकता हैं। उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया वे यदि अब तक बूथ लेवल एजेण्टों की नियुक्ति आयोग द्वारा नियत प्रारूप पर नहीं करायी है तो वे तत्काल करा लेए पुनरीक्षण के साथ.साथ आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 भी सन्निकट है इसलिये और भी जरूरी है कि सभी राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेण्टों की नियुक्ति कर ली जायए जिससे निर्वाचन के पूर्व निर्वाचक नामावली को पूर्ण रूप से शुद्ध किया जा सके तथा किसी प्रकार की शिकायत न प्राप्त हो। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारीए एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में दावे एवं आपत्तियॉ प्राप्त करने ;अवधि 09 नवंबर से 08 दिसंबर तक नियत हैद्ध की निर्धारित अवधि में अबतक प्राप्त दावे.आपत्तियों के सम्बन्ध में अवगत करानेए पुनरीक्षण से सम्बन्धित किये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी देने के उद्देश्य से आज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम धीरेन्द्र सिंहए विनीत कुमार उपाध्यायए पंकज श्रीवास्तवए अनुराग सिंहए तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंहए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय.राज्यीय राजनैतिक दल प्रतिनिधि बीजेपी जिलाध्यक्ष सुनील सिंहए जिला कार्यालय प्रभारीए बीएसपी उमाशकर गौतमए ओम प्रकाशए जिला प्रभारीए महासचिवए राष्ट्रीय लोकदल पं0शिव प्रसाद द्विवेदीएजिला सचिवए भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी जनार्दन प्रसाद मिश्रए कार्यालय प्रभारीए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी रवि गोस्वामी मौजूद रहे। डीएम ने उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को इस कार्यालय द्वारा पुनरीक्षण में 30 नवंबर तक प्राप्त दावे.आपत्तियों से सम्बन्धित ईआरओ नेट से आनलाइन प्राप्त फार्म 9ए 10ए 11ए 11.क एवं 11.ख की प्रतियॉ 32 जीवी पेन ड्राइव में उपलब्ध करायी और विधानसभावार ईआरओ नेट पर आनलाइन फीड किये गये दावे.आपत्तियों के सम्बन्ध में आज की रिपोर्ट से अवगत कराते हुए बताया कि कुल फॉर्म.छह रू 44732ए फॉर्म.सात रू 29990ए फॉर्म.आठ रू 4081 प्राप्त हुए।

## क्विक न्यूज़

### दूसरी बार मंत्री चुने गए ऋषिश्वर तिवारी

**सीतापुर।** नगर पालिका परिषद सीतापुर में सामान्य कर्मचारी संघ के लिए हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर पहली बार अनुकूल सेठ ने 93 मत पाकर जीत दर्ज की। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी आलोक सिन्हा को 71 मत मिले। मंत्री पर ऋषिश्वर तिवारी दूसरी बार निर्वाचित घोषित किए गए। उन्हें 81 मत मिले, जबकि नील प्रताप सिंह को 41 और सुरेश कुमार को 44 मत प्राप्त हुए। चुनावी प्रक्रिया नगर पालिका परिषद सीतापुर के नए भवन में संपन्न हुई। वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी महेश शुक्ला ने बताया कि इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर रामप्रकाश, उपमंत्री पद पर अजय कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर ब्रजपाल और संगठन मंत्री पद पर अभिषेक सेठ को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संघ के लिए हुए मतदान में 100 प्रतिशत मतदान हुए, 167 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें तीन मत अवैध पाए गए। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर अनुकूल सेठ आलोक सिन्हा और शिवकुमार त्रिपाठी मैदान में थे, जबकि मंत्री पद पर ऋषिश्वर तिवारी, नील प्रताप सिंह और सुरेश कुमार के बीच मुकाबला हुआ। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी सुनील मिश्रा, शिखा बाजपेई मौजूद रहीं।

### संविदा कर्मचारी की करंट लगने से मौत
### घटनास्थल से एसडीओ और एक्सईएन फरार

**बरेली।** संविदाकर्मी की आज बिजली के करंट से दर्दनाक मौत हो गई बिजली संविदाकर्मी अपने अधिकारियों के आदेश पर खम्बे पर चढ़कर लाइन काट रहा था, कि अचानक आए हाईटेंशन लाइन के करंट ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बताया जाता है कि बिजली का करंट लगते मौके पर मौजूद बिजली विभाग के अधिकारी एसडीओ और एक्सईएनफरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए।घटनास्थल पर बरेली के सिविल लाइन प्रथम बिजलीघर में तैनात संविदा कर्मी 27 वर्षीय कैलाश पुत्र रामचरित्र निवासी गोपालपुर नगरिया थाना बिथरी चौनपुर अपने साथी कर्मचारी नारायण दास, रमेश, सूरज और अशोक के साथ कोतवाली क्षेत्र के चौकी चौराहे के निकट खम्बे पर चढ़कर लाइन काटने का काम कर रहा था। बताया जाता है कि उस वक्त उसके साथ बिजली एक्सईएन रामकिशन पांडे , एसडीओ विजय कन्नौजिया मौजूद थे। बताया जाता है कि दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में उनके ही आदेश पर बिजली का कार्य किया जा रहा था। जैसे ही कैलाश खंबे पर चढ़कर काम करने लगा अचानक उसको बिजली की हाईटेंशन लाइन ने अपनी चपेट में ले लिया। कैलाश खम्बा से नीचे गिरा कैलाश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और मौके से एक्सईएन और एसडीओ दोनों फरार हो गए।वही संविदा कर्मियों ने बताया कि उनसे काम तो कराया जाता है मगर कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाते । सुरक्षा उपकरण अगर होते तो कैलाश की मौत नहीं होती। घटना की सूचना पाकर शहर कोतवाल हिमांशु नगर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।घटनास्थल पर पहुंचे एडीएम सिटी आरडी पांडे ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर वो यहां आए हैं। एक संविदा कर्मी की मौत हुई है घटना के कारणों को जांचने के लिए और किन कमियों से यह घटना हुई इसके लिए जांच कराई जाएगी और उसके बाद विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी मृतक कैलाश के दो बच्चे हैं सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि उनको मुआवजा दिलाने के लिए भी सारे प्रयास किए जाएंगे।

### वार्डन ने अश्लील वीडियो का किया विरोध, निकाला नौकरी से, वार्डन बैठी परिवार के साथ भूख हड़ताल पर

**बरेली।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में एक महिला कर्मचारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी पर झूठे फर्जी और देश भावना से आरोप लगाकर नौकरी से निकालने का आरोप लगाया है सीमा राठौर पत्नी चंद्रपाल सिंह गंगवार वार्डन पद पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र बहेड़ी में 30 अप्रैल 2015 से कार्यरत थी उन्होंने आरोप लगाया है कि तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक लेखा अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने 2 नवंबर और 3 नवंबर की रात दीपावली के त्यौहार पर अश्लील वीडियो जिसमें स्त्री पुरुष के गुप्तांगों को खुले रूप से दिखाया गया था भेज दिए थे महिला ने जिला विद्यालय शिक्षा अधिकारी को इसकी शिकायत उनके व्हाट्सएप नंबर पर की थी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई उल्टा उसी को ही जांच में फंसले का षड्यंत्र रचा गया और उसकी संविदा सीमा समाप्त कर दी गई उसका 4 माह का वेतन मानदेय भी नहीं दिया गया है तथा विद्यालय के आकस्मिक खर्चों के विकास के द्वारा किया गया है ? 100000 का किया जाना था अभी तक नहीं दिया गया है सीमा राठौर ने अपनी संविदा साबित अन बहाली करने का एक प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को भी दिया और आज 5 दिसंबर को जिला अधिकारी कार्यालय गेट पर अपने परिवार के साथ भूख हड़ताल पर बैठ गई।

### लकड़ी कारोबारी से हुई लूट का खुलासा,दो गिरफ्तार

**बरेली।** एक लकड़ी कारोबारी से हुई लूट का खुलासा करते हुए पुलिस पर आज दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा । बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के नरियावल इलाके में भीमपुर गोटिया मोड़ पर पिछले दिनों हुई लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने बिठथरी चौनपुर थाने के गांव उरला जागीर निवासी अरशद पुत्र और फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव धनिया निवासी कलीम खान पुत्र को आज गिरफ्तार कर लिया जेल भेजा ज्ञात हो कि लकड़ी कारोबारी गिरीश शर्मा से मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने रास्ते में रोककर बैग में बारिश 600000 की रकम लूट ली थी और फरार हो गए थे घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आज दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और 395000 रुपए भी बरामद किए गए। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में जुट गई गिरफ्तार किए गए दोनों बदमाशों को पुलिस ने जेल भेजा ।

### रेलवे लाइन पर मिली ग्रामीण की लाश हत्या का लगाया आरोप

**बरेली ।** बच्चों के साथ गांव की बाजार से लौट रहा ग्रामीण गांव के कुछ लोगों के साथ चला गया कुछ घंटे बाद उसकी लाश रेलवे लाइन पर मिली मृतक के घर वालों ने उसे बुलाकर ले जाने वालों पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रहा और जांच शुरू कर दी। मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव समसपुर निवासी 60 वर्षीय पर्वत की लाश कल शाम को गांव से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन पर पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि पर्वत कल दिन में अपने दो बच्चों के साथ मीरगंज की बाजार से सामान खरीदने के लिए घर से निकला था वापस लौटते समय उसे रास्ते में गांव के ही रहने वाले केशव, राजेश, वीरेंद्र और देवीदास अपने साथ बुलाकर ले गए दोनों बच्चे घर वापस लौट आए लेकिन पर्वत घर वापस नहीं लौटा शाम को उसकी लाश घर पर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन पर मिली जिसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घरवालों ने उसे बुलाकर ले जाने पर हत्या का आरोप लगाया और कहा कि मृतक का उनसे जमीनी विवाद चल रहा था पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

## पेज एक का शेष

### एमसीडी में भी बनती...

एमसीडी चुनाव में भाजपा केजरीवाल सरकार के खिलाफ आक्रामक अंदाज में भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही थी। उसके कद्दावर मंत्री सत्येंद्र जैन मनी लांड्रिंग केस में पहले से जेल में बंद हैं और चुनाव प्रचार के दौरान उनके कई वीडियो लीक कराए गए। भगवा पार्टी उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी शराब नीति के कथित घोटाले में घेर रही थी। यदि आप को एमसीडी की सत्ता मिल जाती है तो न केवल भ्रष्टाचार के आरोप कुंद हो जाएंगे, बल्कि केजरीवाल को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के साथ भी तालमेल बैठाने में आसानी होगी, जिनसे आए दिन अलग-अलग मुद्दों पर नोकझोक रहती है। दिल्ली के स्थानीय चुनाव को राष्ट्रीय मुद्दों से जोड़ने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी के लिए विकास के संदेश को यहां के निवासियों के दरवाजे तक पहुंचाने की भाजपा की रणनीति विफल रही है। लोगों को आप की उस बात पर संभवत: अधिक भरोसा हुआ जिसमें पार्टी ने कहा कि भ्रष्ट एमसीडी ने दिल्ली को कूड़े के पहाड़ दिए हैं और नागरिक सुविधाओं को नष्ट कर दिया है।

### मोदी ने जी20 शिखर...

इससे पहले देश के विभिन्न हिस्सों में जी20 की कई बैठकें आयोजित की जाएंगी। जी20 दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

### द सिटी ऑफ जॉय जैसी...

पीने के पानी के लिए 541 नलकूप खुदवाए। फाउंडेशन ने इन वर्षों में 50 लाख से अधिक रोगियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। फ्रांस के चेटेलिलॉन में 30 जुलाई, 1931 को जन्मे डॉमिनिक लैपियर यात्रा के प्रति अपने जुनून के लिए जाने जाते थे। कोलकाता (उस समय कलकत्ता) में शोध करते हुए, वह मदर टेरेसा के करीबी सहयोगी बन गए, जिन्होंने लैपियर को उनके जीवन और उनकी सिस्टर्स, मिशनरीज ऑफ चैरिटी के काम पर फिल्म के लिए लिखने का अधिकार दिया। फिल्म मदर टेरेसा: इन द नेम ऑफ गॉड्स पुअर में मदर टेरेसा की भूमिका अभिनेत्री गेराल्डिन चैपलिन ने निभाई थी। अमेरिका और कई यूरोपीय चैनल पर यह फिल्म प्रसारित की गई थी। लैपियर की पटकथा को सर्वोत्तम मानवीय मूल्यों को संप्रेषित करने के लिए प्रतिष्ठित ह्यूमैनिटास पुरस्कार द्वारा भी नामांकित किया गया था। स्पीकर बुकिंग एजेंसी के अनुसार, लैपियर को पहली प्रसिद्धि तब मिली जब 17 साल की उम्र में उन्होंने 30 अमेरिकी डॉलर के साथ पेरिस छोड़ा और एक जहाज पर काम किया। अमेरिका में उतरते हुए, उन्होंने उत्तरी अमेरिका के चारों ओर 30,000 मील की यात्रा की। इस यात्रा पर उन्होंने ए डॉलर फॉर ए थाउजेंड माइल्स किताब लिखी जो काफी चर्चित हुई। वह नई कहानियों और संदेशों के लिए लगातार दुनिया घूमते रहे। लैपियर, वर्ष 1954 में सैन्य सेवा पूरी करने के बाद लैरी कॉलिंस नामक अमेरिकी सैनिक से मिले। यह दोस्ती आगे चलकर काफी प्रगाढ़ हुई और दोनों ने कई किताबें लिखी। ओ यरुशलम, फ्रीडम एट मिडनाइट , द फिफ्थ हार्समैन जैसी किताबें 30 से ज्यादा भाषाओं में प्रकाशित हुई।

### चैरिटी का उद्देश्य धर्मांतरण...

यह बहुत गंभीर मुद्दा है। आखिरकार यह हमारे संविधान के विरूद्ध है। जो व्यक्ति भारत में रह रहा है उसे भारत की संस्कृति के अनुसार चलना होगा। दरअसल, कुछ धर्मों के कुछ लोगों पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि वे लोगों के बच्चे को शिक्षा मुहैया करने समेत विभिन्न प्रकार के धर्मार्थ कार्यों के माध्यम से उनका धर्मांतरण कर रहे हैं। शीर्ष न्यायालय इस मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को करेगी। इसने हाल में कहा था कि जबरन धर्मांतरण राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है और नागरिकों की धार्मिक आजादी का हनन कर सकता है। न्यायालय ने केंद्र से इस गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए ईमानदार कोशिश करने को कहा था। उच्चतम न्यायालय ने चेतावनी दी थी कि यदि धोखाधड़ी, लालच या डरा-धमकाकर किए जा रहे धर्मांतरण पर रोक नहीं लगी, तो बहुत कठिन स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इससे पहले, गुजरात सरकार ने उच्चतम न्यायालय से राज्य के एक कानून के उस प्रावधान पर उच्च न्यायालय के स्थगन को हटाने का अनुरोध किया था, जिसमें शादी के माध्यम से धर्मांतरण के लिए जिलाधिकारी की पूर्वानुमति लेने को आवश्यक किया गया था।

### केंद्र सरकार ग्रामीण...

सीएससी के प्रबंध निदेशक संजय कुमार राकेश ने कहा कि भारत फिल्म निर्माण के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा मनोरंजन बाजार है। इस प्रयास से फिल्मों की पायरेसी को नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी। हम सीएससी चलाने वाले ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) को इसके लिए सभी जरूरी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उपकरण उपलब्ध कराएंगे। इन सिनेमा हॉलों को चलाने के लिए लगभग 15 लाख रुपये के निवेश की आवश्यकता है, यह उनके लिए और भी आसान होगा जिनके पास वीडियो पार्लर सिनेमा का लाइसेंस होगा। उन्होंने कहा कि हमें इस संबंध में पहले ही 5,000 से अधिक रुचि पत्र प्राप्त हुए हैं। नई पहल पर टिप्पणी करते हुए राकेश ने कहा कि गांवों में सिनेमा हॉल की अवधारणा अभी भी नई है और इसका उद्देश्य लगभग 100 सीटों वाले छोटे सिनेमा हॉल शुरू करना है। परियोजना के अनुसार सीएससी सिनेमा हॉल, एक वाणिज्यिक हब के रूप में भी काम करेगा, डिजिटल इंडिया सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाएगा। प्रबंध निदेशक पुनीत देसाई ने कहा कि हम दूरदराज के इलाकों में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए सीएससी ग्रामीण सिनेमा शुरू कर रहे हैं। फिल्मों की खपत के मामले में भारत दुनिया का सबसे बड़ा मनोरंजन बाजार है। हमारे उद्यम में फिल्मों की पायरेसी को नियंत्रित करने की विशेषताएं होंगी। हम सीएससी चलाने वाले वीएलई को सभी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उपकरण प्रदान करेंगे।

### नोएडा में कुंवारे किराएदारों...

एक ईमेल के जरिए जारी नोटिस के कारण विशेषकर युवतियों को हो रही परेशानी को देखते हुए उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने स्वत: संज्ञान लिया है। उन्हों ने इस संबंध में एओए पदाधिकारियों से फोन पर बात की है। बाथम ने एजेंसी से फोन पर हुई बातचीत में कहा कि इस तरह के फरमान से वहां रहने वाली युवतियों और छात्राओं को काफी परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि एओए के पदाधिकारियों से बात कर इस मामले का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, एकदम से मकान खाली करने का नोटिस देने के बाद लड़कियां कहां जाएंगी। मामला काफी संवेदनशील है, इस पर गंभीरता से दोनों पक्षों को विचार करना चाहिए।

## रहस्यमयी बुखार से महिला की मौत

**मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप से लोग दहशत में हैं। वहीं रहस्यमय बुखार के चलते एक विवाहिता ने दम तोड़ जाता। स्वास्थ्य विभाग की पैथोलॉजी में डेंगू की पुष्टि न होने का दावा किया जा रहा है। सोमवार को क्षेत्र के गांव ववंरिया निवासी सतीश कुमार की पत्नी निकता देवी 25 वर्ष को रविवार की शाम अचानक ठंड लग के तीव्र बुखार आ जाने पर हालत बिगड़ गई सोमवार को सुबह इलाज के लिए ले जाने की तैयारी करते समय उसने दम तोड़ दिया। वहीं क्षेत्र में बुखार के साथ डेंगू का संक्रमण लगातार बढ़ने से लोग दहशत में हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट में सब कुछ ठीक.ठाक होने का दावा कर रहा है। गांव गुलौली लोकेश कुमार को ठंड लगे तेज बुखार आने पर प्राइवेट पैथोलॉजी में जांच के दौरान डेंगू पॉजिटिव होने की पुष्टि हो गई ।जिसके चलते परिजनों ने उन्हें प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। सीएचसी अधीक्षक मयंक मिश्रा के अनुसार वायरल फीवर बताया जा रहा है। बुखार के चलते महिला की मौत होने की जानकारी नहीं होने की बात बताई।

## कम राशन बांट रहे कोटेदार

**मोहम्मदी.खीरी।** पूर्ति विभाग की उदासीनता के चलते पूरे क्षेत्र में कोटेदार कम राशन कार्डधारको को दे रहे हैं जिससे राशन कार्ड धारकों में रोष व्याप्त है। प्रत्येक कोटेदार साडे 4 किलो अनाज प्रति यूनिट पूरी मोहम्मदी क्षेत्र में दे रहे हैं जिसकी शिकायत पूर्ति कार्यालय पर की जाती है परंतु कोई कार्यवाही होते दिखाई नहीं दे रही है। वहीं कोटेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रत्येक माह चालान और प्रमाण पत्र लेने के लिए पूर्ति विभाग को सुविधा शुल्क दिया जाता है। वही कोटा सत्यापन के लिए सत्यापन में लगे अधिकारियों को भी बगैर सुविधा शुल्क लिए सत्यापन नहीं करते हैं। कोटेदारों ने बताया कि पहले राशन गोदाम पर से मिलता था तथा राशन का भाड़ा भी दिया जाता था परंतु जब से राशन लेकर पर आने लगा है। सबसे कोटेदार अपने भाड़े से को राशन गांव तक लाते हैं।

# 'एमबीबीएस' और 'जेई' मेन्स के मेधावी किए गए 'सम्मानित'


संवाददाता। बस्ती




**रविवार को** राजीव दीक्षित करियर इंस्टीट्यूट द्वितीय सत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। निदेशक दीनानाथ पटेल ने बताया कि इंस्टीट्यूट के चार छात्र प्रवीण साहू, रूपम वर्मा, अनामिका पटेल, विवेक कुमार, वर्षा ने एम.बी.बी.एस. और आंचल चौरसिया और विनय कुमार वर्मा को जे.ई. मेन्स में सफलता मिली है।

उप जिलाधिकारी हर्रैया गुलाबचन्द्रा ने रामकृपा योग पीठ हर्रैया के परिसर में आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि बस्ती की माटी बहुत उर्वर है। छात्रों को सही दिशा मिले तो वे कई कीर्तिमान बना सकते हैं। वरिष्ठ चिकित्सा डा. वी.के. वर्मा ने सफल छात्रों को बधाई देते हुये कहा कि अन्य छात्र इससे प्रेरणा लें। समाजसेवी ई. वीरेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि हर्रैया जैसे सुदूर ग्रामीण परिवेश से डाक्टर, इंजीनियर की परीक्षा पास कर चयनित होना एक सपने की तरह था जो साकार हो रहा है, यह बड़ी उपलब्धि है। सामाजिक कार्यकर्ता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने सफल छात्रों का उत्साहवर्धन किया। निदेशक दीनानाथ पटेल ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि राजीव दीक्षित कैरियर इंस्टीट्यूट में बेहतर शिक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाता। इसका श्रेय छात्रों के साथ ही सुयोग्य शिक्षकों को भी है। इस अवसर पर डी.एन. सिंह, अनिल ओझा, एच.एन. पाण्डेय, महन्थराम वर्मा, एस.पी. वर्मा, दिलीप वर्मा, संदीप वर्मा, ओम प्रकाश यादव, राजन चौधरी, अनिल चौधरी, देवेश चौधरी, राम सागर पटेल, डा. नीरज पटेल, डा. मुकुल पटेल, राम प्रकाश चौधरी, अनिल मंजुल के साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावक, स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर डीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** भिनगा-जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने आगामी नगर निकाय सामान्य निर्वाचन.2022 के मद्देनजर जनपद के कई मतदान केन्दों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी अन्तर्गत क्रमशः प्राथमिक विद्यालय टड़वा बनकटवाए प्राथमिक विद्यालय बन्दरहा दक्षिणी एवं प्राथमिक विद्यालय कुन्नरपुर नौशहरा का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने कहा कि आगामी नगर निकाय सामान्य निर्वाचन.2022 को देखते हुए दोनों नगर निकाय के मतदान केन्द्रों पर सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर ली जाएंए ताकि नगर पालिकाए नगर पंचायत चुनाव को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। मतदान केन्द्रों पर निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि प्राथमिक विद्यालय टड़वा बनकटवा में 2 मतदेय स्थल, प्राथमिक विद्यालय बन्दरहा दक्षिणी में 2 मतदेय स्थल एवं प्राथमिक विद्यालय कुन्नरपुर नौशहरा में 3 मतदेय स्थल बनाये गये है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका भिनगा के 25 वार्डो में 17 मतदान केन्द्र, 50 मतदान स्थल बनाये गये है। जिसमें 18799 पुरूष मतदाता एवं 17411 महिला मतदाता है। इस प्रकार नगर पालिका भिनगा में पुरूष व महिला मिलाकर कुल 36210 मतदाता एवं इसी प्रकार नगर पंचायत इकौना के 12 वार्डो में 04 मतदान केन्द्र एवं 17 मतदान स्थल बनाये गये है। जिसमें 6523 पुरूष मतदाता, 5848 महिला मतदाता है। इस प्रकार नगर पंचायत इकौना में पुरूष/महिला मतदाता मिलाकर कुल 12371 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# मझवार के पर्यायवाची केवट, विन्द, निषाद सहित जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल किये जाने के लिए विधायक अनिल ने किया प्रयास



**संतकबीरनगर।** निषाद आरक्षण के विषय पर अध्यक्ष विधानसभा उत्तर प्रदेश सतीश महाना को पत्र सौंपा तथा इसी विषय पर नियम 301 के अन्तर्गत निषाद समुदाय के लोगों को अनुसूचित जाति के आरक्षण का लाभ प्राप्त होने हेतु सूचना प्राप्त करने का विषय विधानसभा में रखा और नियम 301 की सूचना का पत्र विधानसभा अध्यक्ष द्वारा स्वीकार किया गया। ज्ञात हो कि विगत 2016 में राज्यपाल उ0प्र0 द्वारा मझवार की पर्यायवाची केवट, विन्द, माझी, निषाद, कश्यप आदि जातियों को पिछड़ी जाति के सूची से हटाकर अनुसूचित जाति का लाभ देने का अध्यादेश जारी किया गया था और इसी सन्दर्भ में उच्च न्यायालय द्वारा इसे केन्द्र सरकार का विषय बताकर अलग से अध्यादेश जारी किया गया था। वर्तमान स्थिति में यह जाति न तो पिछड़ी के और ही अनुसूचित जाति के श्रेणी में रह पायी हैं। जो कि यह मझवार समाज के साथ घोर अन्याय है। इसी विषय को विधानसभा अध्यक्ष के संज्ञान में लाकर इसी सत्र में उक्त जातियों को अनुसूचित जाति का लाभ प्राप्त कराने हेतु प्रस्ताव पारित कराकर केन्द्र सरकार को भेजने का आग्रह किया है।

# 19 वर्ष पूर्व हुये हत्याकांड के चार दोषियों को हुई आजीवन कारावास की सजा

## ● सभी को 50 हज़ार रुपये के अर्थदंड से भी किया दंडित

संवाददाता। श्रावस्ती

**गिलौला**-थाना गिलौला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेतिया मुरार मे 19 वर्ष पूर्व पुत्री के साथ हुए छेड़छाड़ की शिकायत करने गए पिता को चार आरोपियों ने लाठियों से पीट पीट कर हत्या कर दी थी। इस मामले में सोमवार को अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने इस हत्याकांड के चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है साथ ही सभी पर 50.50 हज़ार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सतेंद्र बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना गिलौला क्षेत्र के ग्राम चेतिया मुरार निवासी राम धीरज की पुत्री के साथ 6 अप्रैल 2003 को गांव के ही कुछ लोगो ने छेड़छाड़ किया था घटना के दिन शाम 7 बजे छेड़छाड़ करने वाले के घर जब राम धीरज शिकायत करने पहुंचे तो इस दौरान दुलारे पुत्र स्वामी दयालए बच्छराज पुत्र स्वामी दयालए पतिराम पुत्र स्वामी दयाल व अर्जुन पुत्र पति राम ने राम धीरज को काफी मार पीटा। राम धीरज के शोर मचाने पर उनका बेटा राजेश कुमार बचाने गया तो आरोपियों ने उनको भी लाठी डंडा से मारकर घायल कर दिया।शोर सुनकर गांव के ही शोभाराम पुत्र छेदी ने आकर किसी तरह बीच बचाव कराया। गंभीर रूप से घायल राम धीरज पुत्र बिहारी ने इलाज के दौरान बहराइच जिला चिकित्सालय में दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र शिवशंकर की तहरीर पर अभियुक्त गण के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले की विवेचना हुई व न्यायालय पर आरोप पत्र सभी 4 अभियुक्तों के विरुद भेजा गया। मुकदमे का विचारण अपर जिला सत्र न्यायालय ;त्वरित न्यायालय द्ध पर हुआ। जिसमें अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने अभियुक्त गणों को दोषी करार देते हुए सभी अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।एवं प्रत्येक अभियुक्त को पचास.पचास हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज देव गुप्ता ने बताया कि अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्तों को 2 वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# जिले में केवल एक सीट गोहांड सामान्य छह सीटें आरक्षित,आक्रोश

संवाददाता। हमीरपुर

**जिले में** निकाय चुनाव का आरक्षण की घोषणा होते ही सामान्य वर्ग को जबरदस्त झटका लगा है,नगर पालिका व नगर पंचायत की सात सीटों में केवल गोहांड नगर पंचायत को सामान्य सीट घोषित की गयी है छह सीटों को आरक्षित कर दिया गया है। जिससे सामान्य वर्ग को जबरदस्त झटका लगा है। जानकारी के मुताबिक पिछले नगर निकाय चुनाव में राठ,सुमेरपुर,सरीला कुरारा चार सीटों को सामान्य वर्ग में रखा गया था इस साल में आरक्षण में केवल गोहांड सीट को सामान्य सीट रखा गया है छह सीट हमीरपुर मौदहा,राठ कुरारा सरीला व सुमेरपुर को आरक्षित कर दिया गया है। जिससे पांच साल से तैयारी कर रहे लोगो के चुनाव लड़ने केअरमानो मे शासन ने पानी फेर दिया है।

# ठेकेदार संतोष पांडेय को जिला पंचायत ने किया ब्लैक लिस्टेडः अमृतपाल कौर



संवाददाता। चित्रकूट

**मुख्य विकास** अधिकारी सुश्री अमृतपाल कौर ने बताया कि जिला पंचायत चित्रकूट में निर्माण कार्यों के लिए किये गये अनुबन्ध, अनुबन्ध की शर्तों के उल्लंघन, विभाग की आर्थिक हानि एवं जिला पंचायत की छबि धूमिल करने के कारण ठेकदार संतोष कुमार पाण्डेय को जिला पंचायत विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड किया गया है।

सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि अपर मुख्याधिकारी, जिला पंचायत, चित्रकूट के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 11 नवम्बर, 2022 के अन्तर्गत ठेकदार संतोष कुमार पाण्डेय पुत्र दीनबन्धु पाण्डेय निवासी ग्राम व पोस्ट छीबो, जनपद चित्रकूट द्वारा जिला पंचायत चित्रकूट विभाग में निर्माण कार्यों के लिए किये गये अनुबन्ध, अनुबन्ध की शर्तों के उल्लंघन, विभाग की आर्थिक हानि एवं जिला पंचायत की छबि धूमिल करने के कारण जिला पंचायत विभाग द्वारा उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने उपरोक्त क्रम में जनपद की समस्त कार्यदायी संस्थाओं एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपर मुख्याधिकारी, जिला पंचायत चित्रकूट के उक्त कार्यालय ज्ञाप के द्वारा ठेकेदार संतोष कुमार पाण्डेय पुत्र दीनबन्धु पाण्डेय को ब्लैक लिस्टेड किये जाने के फलस्वरूप सुनिश्चित कर लें कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार से उनकी सहभागिता न की जाये।

# निजामी कमेटी ने शुद्ध शाकाहारी लंगर का किया गया आयोजन



कार्यक्रम में भाग लेते निजामी भक्त

**मौदहा (हमीरपुर)।** बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध सूफी संत हकीमुद्दीन बाबा निजामी कम्हरिया गांव में चल रहे उर्स का आज समापन के दिन जगह जगह लंगर का कार्यक्रम चलता है।इसी क्रम में आज हमीरपुर जनपद के मौदहा नगर में रगौल रेलवे स्टेशन के निकट बाबा निजामी आशिकाने कमेटी के कार्यकर्ताओं के द्वारा शुद्ध शाकाहारी भोजन लंगर का वितरण किया गया है।

कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है। बाबा निजामी के चाहने वालों के लिए हम सभी लोग आपस में चंदा करके लंगर का कार्यक्रम कराते हैं जिसमें ट्रेन से आने वाले दूरदराज से श्रद्धालुओं को इसी तरह के खाने पीने में कोई समस्या उत्पन्न ना हो सके इसलिए पहले दिन से ही चाय ब्रेड बिस्कुट व समापन के दिन रोटी व चने की दाल बनवाकर सभी आए हुए श्रद्धालुओं को वितरण कराया जाता है।

# नई नवेली बहुओं को प्राथमिकता स्तर पर मतदाता बनाये जाने का हो प्रयास-आयुक्त



निर्देश देते मण्डलायुक्त

**संतकबीरनगर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की त्रुटिविहीन मतदाता सूची तैयार करने के लिए प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। इस कार्य में सभी राजनीतिक दल, नागरिक, मीडिया बंधु सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उक्त अपील भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के रोल आब्जर्बर /मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने किया है। वे विकास भवन सभागार में बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि जनपद में महिला मतदाताओं की संख्या कम है इसको सही करने के लिए डिग्री कालेज तथा व्यवसायिक शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अभियान चलाकर मतदाता बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल बूथ लेबल एजेन्ट तैनात करके 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले लोगों का फार्म-6 भरवाकर मतदाता बनवायें। इसके साथ ही मृतक या शिफ्टेड मतदाताओं का नाम सूची से हटवायें तथा सूची में दर्ज त्रुटियों को सही करायें। उन्होंने कहा की सभी बूथ पर बीएलओ मतदाता सूची के साथ उपलब्ध रहेंगे, यह इस अभियान की अंतिम तिथि होगी। उन्होंने अपील किया है कि घर में आयी नई नवेली बहू को प्राथमिकता पर मतदाता बनायें। उन्होंने आर0ओ0 तथा ए0ई0आर0ओ0 को निर्देशित किया है कि अपने बीएलओ या सुपरवाइजर के साथ बैठक करके मतदाता बनाने का कार्य सम्पन्न करायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पंचायत चुनाव की मतदाता सूची से विधान सभा मतदाता सूची का मिलान करके महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम, स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों पर विशेष ध्यान देकर शत प्रतिशत मतदाता बनवायें। इसके पूर्व मण्डलायुक्त ने स्थापित भुजैनी बूथ व तहसील में बीआरसी का निरीक्षण किये, वहां पर रखे रजिस्टर एवं फार्म का अवलोकन किया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि मतदाता कार्ड को आधार से जोड़ने का कार्य चल रहा है।

# अधिसूचना जारी होते ही तुरंत निकालें होर्डिंगः अभिषेक आनंद

## ● डीएम ने निकाय चुनाव को लेकर दिये अधिकारियों को दिशा-निर्देश



निकाय चुनाव बाबत बैठक में बोलते डीएम

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर निकाय चुनाव बाबत अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कहा कि नगरीय निकाय के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को अधिकारी मुस्तैद रहें।

सोमवार को कलेक्टेऊट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने कहा कि जिस अधिकारी को जो दायित्व दिये गये हैं, उसका संवेदनशीलता से पालन करें। संवेदनशील/अतिसंवेदनशील की सूची मुख्यालय को भेजी गई है। सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि बूथों में प्रकाश, पेयजल, टायलेट की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। अधिसूचना जारी होने के दो-तीन घंटे के अन्दर टीम बनाकर होर्डिंग उतरवायें। मतगणना स्थल पर किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने एसडीएम व सीओ को निर्देश दिये कि संवेदनशील बूथों को दो-तीन दिन के अन्दर चेक कर लें। पोलिंग बूथ आबादी से दो-तीन किमी के अन्दर हैं तो ठीक हैं, वहां आवागमन को रास्ता भी देखें। एसडीएम व सीओ को निर्देश दिये कि वार्ड में अभी से चल रही चुनावी चर्चाओं पर नजर रखकर प्रभावी कार्यवाही तक करें, ताकि चुनाव सुचितापूर्ण व निर्भीकता तथा स्वतंत्रता से हो सकें। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि वीडियोग्राफी की चौकस व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में एसपी अतुल शर्मा, सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कंवर बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर राजबहादुर, एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# जनता की समस्याओं का हो त्वरित निदानः डीएम



समस्या सुनते डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में कोविड-19 का पालन करते हुए जनता दर्शन में आए जन सामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें । डीएम ने कहा कि जनता दर्शन में आने वाली शिकायतो का त्वरित निदान कर फरियादियों को राहत पहुंचाने का काम करें। उन्होने जिले के सभी उपजिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप जनता की समस्याओं का तय समय में निस्तारण किया जाये।अनावश्यक फरियादियों को भटकाने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। जनता दर्शन में आने वाली समस्याओं का हर हाल में एक सप्ताह के अंदर निस्तारण किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह अपर जिलाधिकारी न्यायिक रामजन्म यादव उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### आशाबहुओं ने ओपीडी में जड़ा ताला, मचाया उत्पात

**विक्रमजोत/बस्ती।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत पर सोमवार को मानदेय का भुगतान न मिलने से क्षेत्र की आक्रोशित आशा बहुओं ने केंद्र पर जमकर उत्पात मचाया। नारेबाजी करते हुये केंद्र के बैठक कक्ष व ओपीडी में ताला जड़ दिया। स्वास्थ्य कर्मियों की सूचना पर पहुंचे चिकित्साधीक्षक डा आसिफफारुकी ने छावनी पुलिस को सूचित किया। पहुंची पुलिस की मौजूदगी में ओपीडी व बैठक कक्ष का ताला तोड़कर काम शुरू हुआ जिसपर आशा बहुओं व पुलिस कर्मियों के बीच नोंक झोंक भी देखने को मिला। आशा संघ के अध्यक्ष चित्रकला सिंह ने बताया कि आशा बहुओं का भुगतान स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा प्रभावित किया गया है। काफी दिनों से भुगतान न मिलने से आर्थिक स्थित लगातार खराब हो गयी है व स्वास्थ्य कर्मी जिम्मेदारों की सह पर शोषण पर तुले हैं। बताया कि इस सम्बन्ध में चिकित्साधीक्षक को सम्बोधित ज्ञापन बीपीएम जटाशंकर उपाध्याय को दिया गया है निराकार ना होने पर आगामी 7 दिसंबर से हम सभी क्षेत्र की आशा बहुएं केंद्र पर पहुंच कर अनिश्चित काल तक हड़ताल पर रहेंगी। इधर आओ संगठन के पदाधिकारी सुखसागर पांडेय के अलावा क्षेत्र की समस्त आशा बहुयें मौजूद रहीं।

### ठोस एवं द्रव अपशिष्ट प्रबंधन सीखने को बुलंदशहर गए प्रशिक्षु

**बस्ती।** मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेष कुमार प्रजापति ने पंचायत राज विभाग के नव चयनित कंसलटिंग इंजीनियर, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव व सफाई कर्मी सहित कुल साठ व्यक्तियों का प्रशिक्षण दल जनपद बुलंदशहर के ग्राम सहजादपुर कनैनी स्थित ठोस एवं द्रव अपशिष्ट प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र के लिए रवाना किया। इस प्रशिक्षण दल का नेतृत्व सहायक विकास अधिकारी पंचायत बहादुरपुर व कुदरहा कर रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को ठोस व तरल अपशिष्ट की समस्या से मुक्त करने व सामान्य दृश्यमान स्वच्छता का लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से निर्मित होने वाले सोख्ता गड्ढा, खाद गड्ढे, सिल्ट चेंबर, फिल्टर चेंबर, प्लास्टिक बैंक, एफएसटीपी व एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की बारीकियां सीखने तथा इन्हें संचालित करने के गुण सीखने के लिए जनपद से प्रशिक्षणार्थी भेजे गए हैं। इसके पूर्व जनपद स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कराया जा चुका है।

### प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर सचिव ने शासन से कर दी लाखों की डिमांड, पुलिस ने शुरु की जांच

**मुस्करा (हमीरपुर)।** प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर कर के जॉब कार्ड धारी लोगों का डिमांड बनाकर ब्लॉक में भेज देने पर ग्राम प्रधान ने पंचायत सचिव व रोजगार सेवक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। विकासखंड मुस्करा के ग्राम छानी के प्रधान रमेश चंद्र ने बताया कि उनके यहां पर तैनात सचिव सुनील कुमार एवं रोजगार सेवक हरगोविंद ने ग्राम के 18 लोगों को जॉब कार्ड में मजदूरी करते हुए दिखाकर डिमांड बनाकर ब्लॉक में भेज दी जाबकार्ड मैं जिन लोगों के नाम है वह लोग मजदूरी करने लायक ही नहीं है उन सब की उम्र 60 वर्ष से ऊपर की है व उन्होंने कभी गांव में मजदूरी की ही नहीं है। बंधी निर्माण के कराए गए डिमांड लेटर में प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर करके मोहर भी लगा दी जबकि यह हस्ताक्षर प्रधान ने नहीं किए जानकारी होने पर जब प्रधान ने सचिव से इस बारे में पूछा तो सचिव ने कोई जवाब नहीं दिया इसके बाद प्रधान रमेश चंद्र ने कोतवाली मुस्करा में ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार व रोजगार सेवक हरगोविंद के विरुद्ध फर्जी हस्ताक्षर करके रुपए निकालने की शिकायत की है।जिस पर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है तहरीर मिल गई है जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगों ने सड़क जाम की, पुलिस ने जांच शुरु की

**मौदाहा (हमीरपुर)।** नगर के एक लेखपाल ने अपने ही मोहल्ले के तीन भाईयों पर सड़क पर अवरोध उत्पन्न करने के बाद उनके कार्य का विरोध करने पर गाली गलौज करने का आरोप लगा कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है। नगर के सिंचाई विभाग के पीछे रहने वाले लेखपाल राम कुमार सोनी ने पुलिस को बताया कि उसके मोहल्ले के राजकुमार, शहंशाह व खेमचंद पुत्र गण घसीटा ने मुख्य रास्ता पर ईटा आदि रख रास्ता अवरुद्ध कर दिया है जिसका विरोध करने पर दबंग भाइयों ने लेखपाल के साथ गाली गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दी है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपनी व्हाट्सएप सेवा शुरू की

**कानपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष एमआर कुमार ने व्हाट्सएप पर अपने पॉलिसीधारकों के साथ एलआईसी की चुनिंदा इंटरैक्टिव सेवाओं का शुभारंभ किया। जिन पॉलिसीधारकों ने अपनी पालिसियों को एलआईसी पोर्टल पर पंजीकृत किया है, वे व्हाट्सएप से मोबाइल नंबर 8976862090 पर श्भ्पष् कहकर इन सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। ये स्क्रीन पॉलिसीधारकों को सूचीबद्ध सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करेगी।

### विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने में डिजिटल तकनीकी जरूरीः सीडीओ



**उरई (जालौन)।** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव द्वारा शासन, निदेशालय के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रभावी सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के उद्देश्य से विकसित सहयोग ऐप के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ विकास भवन सभाकक्ष उरई में किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यशाला जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद की अध्यक्षता में निदेशालय द्वारा नामित मास्टर ट्रेनर शरद अवस्थी, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेवा एवं सुश्री आकांक्षा सक्सेना, डीएससीओ यूपी टीएसयू द्वारा जनपद के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं समस्त मुख्य सेविकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ कर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कहा गया कि विकास कार्यक्रमों में पारदर्शिता व उत्तरदायित्व बढ़ाने के लिये डिजिटल तकनीकी का प्रयोग कर फील्ड स्तर के कार्मिकों को सशक्त व सक्षम बनाने के लिये शासन द्वारा सहयोग ऐप विकसित किया गया है तथा सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकायें उक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में ससमय प्रतिभाग करते हुये प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि शासन की मंशा के अनुरूप सहयोग ऐप के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण आपके द्वारा किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद द्वारा बताया गया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविकायें आंगनबाड़ी केन्द्रों का प्रभावी सहयोगात्मक पर्यवेक्षण इस सहयोग ऐप के माध्यम से कर सकेंगे, जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां विभाग के लाभार्थियों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य और पोषण सेवायें गुणवत्तापूर्ण तरीके से समुदाय तक पहुंचा सकेंगी। आईसीडीएस के ष्सहयोग ऐपष् को अलाइव एंड थ्राइव के तकनीकी सहयोग एवं यूपीटीएसयू और यूनिसेफ के समन्वय से विकसित किया गया है। जिससे आंगनबाड़ी केन्द्रों के पर्यवेक्षण की गुणवत्ता का रियल टाइम मॉनीटरिंग राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर किया जायेगा। निदेशालय स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद जालौन हेतु नामित मास्टर ट्रेनर शरद अवस्थी, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेवा द्वारा प्रशिक्षण के दौरान समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं मुख्य सेविकाओं को सहयोग ऐप के सफलतापूर्ण क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

### हर घर जल योजना से वसूला जायेगा 50 रुपये यूजर चार्ज

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पेयजल मिशन द्वारा संचालित घर-घर जल योजना के तहत जनपद के विभिन्न विकास खण्ड के अंतर्गत संतृप्त राजस्व ग्रामों में घर-घर तक पाइप लाइन बिछाकर जल आपूर्ति सुनिश्चित कराई गयी है। इस पेयजल योजना का अनुरक्षण संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा सुनिश्चित कराया जाना है। इस हेतु यूजर चार्ज न्यूनतम 50 रुपए शासनादेशानुसार प्रति घर से लिया जाएगा, जो इससे अधिक भी तय किया जा सकता है। इस यूजर चार्ज के कलेक्शन से ही ग्राम में पेयजल आपूर्ति के अनुरक्षण पर इसी मद से व्यय किया जाएगा। अतः संबंधित खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड की संबंधित ग्राम पंचायत की खुली बैठक कराकर पेयजल आपूर्ति अनवरत एवं सुदृढ़ बनाये रखने हेतु एक कार्ययोजना का प्रस्ताव करायेंगे तथा इसका अनुमोदन ग्राम पंचायत की ग्राम पेयजल समिति से करायेगें। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए पृथक-पृथक कार्य योजना बनाकर पेयजल समिति के अनुमोदन के उपरान्त कार्यवाही की एक प्रति इस कार्यालय को भी प्रेषित की जाय। इस ग्राम पेयजल योजना के रख-रखाव एवं आने वाली समस्या के निराकरण हेतु संबंधित ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव (ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी) उत्तरदायी होंगे। हर घर नल जल योजना से संग्रह की गयी धनराशि तथा उस मद से अनुरक्षण पर व्यय की गयी धनराशि का विवरण ग्राम पंचायत द्वारा अनुरक्षित किया जाएगा। संबंधित उप जिलाधिकारी भी अपने परगना क्षेत्र के हर घर जल योजना से संतृप्त राजस्व ग्राम में आयोजित होने वाली किसी एक-दो जन चौपाल की खुली बैठक में प्रतिभाग करेगें और ग्राम पेयजल योजना के अनुरक्षण से संबंधित उक्त प्रस्ताव का नियमानुसार अनुमोदन करायेंगे।

# व्हाइट हाउस के पास प्रदर्शन, चीन को आजाद करो के नारे लगाए

भाषा। वाशिंगटन



चीन में कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लगाई गईं कड़ी पाबंदियों और राजनीतिक बदलाव के लिए जारी प्रदर्शन के समर्थन में अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास रविवार को करीब 200 लोगों ने एकत्रित होकर मोमबत्तियां जलाईं और चीन को आजाद करो के नारे लगाए। फ्रीडम प्लाजा में प्रदर्शनकारियों ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और उनकी सरकार से सत्ता छोड़ने की मांग करते हुए कहा , कोई तानाशाही नहीं, कोई सेंसरशिप नहीं। कुछ लोग हाथ में कोरे कागज लिए नजर आए, जो पार्टी की व्यापक सेंसरशिप के विरोध के प्रतीक थे। कुछ ने चीन को आजाद करो के नारे लगाए। चीन के उरुमची शहर में 25 नवंबर को आग की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत के बाद ए प्रदर्शन शुरू हुए। अधिकरियों ने उन दावों को खारिज कर दिया है कि संक्रमण संबंधी पाबंदियों के कारण दमकल कर्मियों या लोगों को वहां से निकलने नहीं दिया गया। हालांकि संक्रमण को फैलने से रोकने की पाबंदियों से पहले ही परेशान लोग इस घटना के बाद और आक्रोशित हो गए। चीन के एक छात्र ने कहा, जब तक मुझ पर नहीं बीती, तब तक मुझे इन जन-मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं था। कोविड संबंधी नीति वास्तव में अनुचित है। छात्र ने सुरक्षा कारणों के चलते केवल अपना उपनाम लीयू बताया। लीयू ने कहा, अब जब मैं एक ऐसे देश में हूं जहां अभिव्यक्ति की आजादी है, मेरे अधिकारों की रक्षा की जा सकती है तो मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा। उइगर, तिब्बती और अन्य जातीय अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जिन पर कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा कथित तौर पर नजर रखी जाती है।

### हम इज़राइल का समर्थन जारी रखेंगे : ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को कहा कि नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मतभेदों के बावजूद अमेरिका, इज़राइल का समर्थन करने से पीछे नही हटेगा। वाम समर्थित एक समूह से बात करते हुए ब्लिंकन ने कहा कि कुछ दक्षिणपंथियो ने फिलिस्तीनियो और ईरान के प्रति अधिक सहानुभूति रखने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, अमेरिका, इज़राइल का एक पक्का मित्र बना रहेगा...भले ही हम उन मुद्दों को हल करना चाहते है जिनका नेतन्याहू ने विरोध किया है, जैसे इज़राइल-फिलिस्तीनी संघर्ष का समाधान और ठप पड़े 2015 के ईरान परमाणु समझौते की बहाली। उन्होंने कहा, हमारे देशों और दुनियाभर के लोगों के हुई अमेरिका-इज़राइल साझेदारी और अन्य हर एक पहल के वास्ते अमेरिका हमेशा इज़राइल की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। यह एक ऐसी प्रतिबद्धता है जो आज से पहले कभी इतनी दृढ़ नही थी।

## उत्तरी कोरिया ने सीमा पर तोप के गोले दागे : दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने उसकी पश्चिमी और पूर्वी समुद्री सीमा में तोपों से करीब 130 गोले दागे हैं। उत्तर कोरिया के इस कदम से दोनों पड़ोसियों के सबंध और तनावपूर्ण हो गए हैं। चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि तनाव को घटाने के लिए वर्ष 2018 में हुए अंतर कोरिया संधि के तहत उत्तरी हिस्से में बने बफर जोन में संदिग्ध गोले दागे। हालांकि, दक्षिण कोरियाई सीमा में इन गोलों के गिरने की तत्काल कोई खबर नहीं आई है। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि गोले दागने के बाद उत्तरी कोरिया को मौखिक चेतावनी दी गई कि वह समझौते का अनुपालन करे। ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ की ओर से दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनएएं उत्तर कोरिया की सैन्य गतिविधियों पर करीब से नजर रखने के साथ-साथ किसी संभावित आपात स्थिति का जवाब देने के लिए भी अपनी भी मजबूत कर रही हैं।



इंडोनेशिया में ज्वालामुखी के फटने से हुए नुकसान के बाद वहां नागरिक उचित स्थान पर जाते हुए



कैनेडी सेंटर आनर्स के कार्यक्रम में भाग लेते राष्ट्रपति बाइडन व उनकी पत्नी

## कनाडा के ओंटारियो प्रांत में सिख महिला की गोली मारकर हत्या

भाषा। टोरंटो

**कनाडा के ओंटारियो** प्रांत में एक 21 वर्षीय कनाडाई-सिख महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह लक्षित हत्या का मामला प्रतीत होता है। पील्स क्षेत्रीय पुलिस द्वारा रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पीड़िता की पहचान ब्रैम्पटन की पवनप्रीत कौर के रूप में हुई है, जिसे ओंटारियो प्रांत के मिसिसॉगा शहर में शनिवार रात एक अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी थी। टोरंटो सन अखबार के अनुसार, कौर को एक गैस स्टेशन के बाहर गोली मारी गई। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस को रात करीब 10:39 बजे एक महिला को गोली मारे जाने की सूचना मिली। उसे बचाने का प्रयास किया गया लेकिन पीड़िता ने दम तोड़ दिया। पुलिस इसे लक्षित घटना मान रही है। ड्यूटी-इंस्पेक्टर टिम नागतेगल के हवाले से समाचारों में कहा गया है कि कौर को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था। संदिग्ध के बारे में बहुत कम जानकारी दी गई। नागतेगल ने कहा, हम इस समय संदिग्ध आरोपी की लैगिंग पहचना बताने में सक्षम नहीं हैं। अपराधी को घटनास्थल से भागते हुए देखा गया, जिसने गहरे रंग के कपड़े पहने हुए थे। एक चश्मदीद गवाह कार्मेला संडोवाल के हवाले से टोरंटो सन अखबार में कहा गया है।

## चीन ने पाबंदियों में ढील दी, जीरो कोविड कब खत्म होगा इसके सकेत नहीं

भाषा। बीजिंग

**चीन दुनिया के** कुछ सबसे कड़े वायरस-रोधी प्रतिबंधों में ढील दे रहा है और अधिकारियों का कहना है कि वायरस का नया स्वरूप कमजोर है।

अधिकारियों को हालांकि अभी यह स्पष्ट करना है कि शून्य कोविड रणनीति को कब तक समाप्त किए जाने की संभावना है, जिसके चलते लाखों लोगों को उनके घरों तक सीमित रहना पड़ता है। इस नीति के विरोध में हाल में विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं और कुछ लोगों ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग से इस्तीफे की भी मांग की है। बीजिंग और कम से कम 16 अन्य शहरों में सोमवार को यात्रियों को महीनों में पहली बार पिछले 48 घंटों में वायरस परीक्षण के बिना बसों में सवार होने और सबवे में जाने की अनुमति दी गई थी। हांगकांग के पास ग्वांगझू सहित औद्योगिक केंद्रों ने बाजारों और व्यवसायों को फिर से खोल दिया है और संक्रमण वाले इलाकों को छोड़कर आवाजाही पर अधिकांश प्रतिबंध हटा दिए हैं।

### चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का बीजिंग में अंतिम संस्कार किया गया

**बीजिंग।** चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का सोमवार को यहां राष्ट्रपति शी चिनफिंग समेत सत्तारूढ़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी मे अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह 1989 से 2002 तक चीन के राष्ट्रपति और सीपीसी के महासचिव रहे। ल्यूकेमिया से पीड़ित जियांग का 96 साल की उम्र मे 30 नवंबर को शंघाई मे कई अंगों के काम करना बंद करने के कारण निधन हो गया था।

### मेक्सिको की खाड़ी में विमान हादसे में दो लोगों की मौत, एक लापता

**वेनिस।** एक निजी विमान शनिवार रात फ्लोरिडा तट से दूर मैक्सिको की खाड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें दो लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य लापता हो गया। प्रशासन विमान में सवार इस तीसरे लापता व्यक्ति की तलाश में जुटा है। पुलिस ने यह जानकारी दी। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा वेनिस म्युनिसिपल हवाई अड्डे पर एक विमान (इंजन पाइपर चेरोकी) के बारे में संकेत न मिलने पर पूछताछ की।

## जब यूक्रेन के लोगों ने रूस से बचाने के लिए अनाथ बच्चों की पहचान छिपाई

भाषा। खेरसॉन

**फरवरी में यूक्रेन** पर रूस के हमलों की शुरुआत के कुछ ही घंटे बाद देश के दक्षिणी हिस्से में एक बाल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने गोपनीय तरीके से बच्चों को बचाने की योजना बनाना शुरू कर दिया था। उस समय रूसी लोगों पर अनाथ बच्चों को बंधक बनाकर उन्हें रूस भेजने का शक था और इसलिए खेरसॉन शहर में बच्चों के एक अस्पताल के कर्मियों ने अनाथ बच्चों के चिकित्सा रिकॉर्ड में हेरफेर करना शुरू कर दिया ताकि लगे कि वे बहुत बीमार हैं और उन्हें यहां से ले जाना सही नहीं है। डॉ ओल्गा पिलयारस्का ने कहा, हमने जानबूझकर गलत जानकारी लिखी कि बच्चे बीमार हैं और उन्हें यहां से भेजा नहीं जा सकता। हम डरे हुए थे कि रूस के लोगों को पता चल जाएगा लेकिन हमने तय कर लिया था कि किसी भी कीमत पर बच्चों को बचाएंगे।

## नेपाली कांग्रेस प्रतिनिधि सभा में 57 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी, सरकार बनाने के आसार

भाषा। काठमांडू

**नेपाल के संसदीय** चुनाव में प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस 57 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है और उसके सरकार बनाने की संभावना प्रबल हो गई है। संसदीय चुनाव के लिए प्रत्यक्ष मतदान के तहत मतगणना सोमवार को यहां समाप्त हो गई। नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता को समाप्त करने के लिए प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतीय विधानसभाओं के लिए चुनाव 20 नवंबर को हुए और मतगणना एक दिन बाद शुरू हुई। नेपाल की 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुने जाएंगे, जबकि शेष 110 आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से निर्वाचित होंगे। नेपाल के निर्वाचन आयोग के अनुसार नेपाली कांग्रेस ने प्रत्यक्ष चुनाव के तहत प्रतिनिधि सभा की 57 सीट पर जीत हासिल कर ली है, वहीं सीपीएन-यूएमएल को अब तक 44 सीट पर जीत मिली है। प्रत्यक्ष चुनाव में सीपीएन-माओइस्ट सेंटर को 18 सीट मिली हैं, जबकि सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट को 10 सीट पर जीत हासिल हुई है।

इसी तरह राष्ट्रीय स्वतंत्रता पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी ने सात-सात सीटें जीती हैं। इसी तरह लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी को क्रमश:चार और तीन सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। राष्ट्रीय जनमोर्चा, नेपाली वर्कर्स और पीजेंट्स पार्टी तथा जनमत पार्टी एक-एक सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी हैं। पांच सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों को प्राप्त हुई हैं। निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता शालिग्राम पौडयाल ने कहा कि अब तक प्रतिनिधि सभा की 165 निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना पूरी हो चुकी है और मात्र दो सीट पर मतों की गिनती बाकी है। अधिकारी ने कहा कि अनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत दो सीटों पर मतगणना अभी चल रही है। नेपाली कांग्रेस प्रतिनिधि सभा में 89 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर रही है, वहीं सीपीएन-यूएमएल को 77 सीटों पर जीत मिली है। तीसरे स्थान पर सीपीएन-माओइस्ट सेंटर है जिसे 32 सीटों से संतोष करना पड़ा, वहीं आरएसपी 21 सीटों के साथ चौथे स्थान पर रह सकती है।

## काबुल में पाकिस्तानी दूतावास पर हमले के आरोप में आईएस का संदिग्ध सदस्य गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल स्थित पाकिस्तानी दूतावास को निशाना बनाकर पिछले सप्ताह की गई गोलीबारी के मामले में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक संदिग्ध सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। दूतावास की नजदीकी इमारत से चलाई गई गोलियों से पाकिस्तान में नाराजगी पैदा हो गई थी और दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। हमले के समय काबुल में तैनात पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक परिसर के लॉन में टहल रहे थे। वह निहत्थे थे और इस हमले में एक पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी घायल हो गया था। इस्लामिक स्टेट खोरासान के रूप में जाने जाने वाले इस्लामिक स्टेट समूह के क्षेत्रीय सहयोगी और अफगानिस्तान के सत्तारूढ़ तालिबान के प्रतिद्वंद्वी ने शुक्रवार के हमले की जिम्मेदारी ली है। इस्लामिक स्टेट समूह ने कहा कि उसके दो लड़ाकों ने पाकिस्तानी राजदूत और उसके सुरक्षाकर्मि पर तब हमला किया जब वह दूतावास परिसर में थे। हालांकि हमले की विस्तृत जानकारी नहीं दी गई थी। तालिबान सरकार के प्रमुख प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को ट्वीट कर गिरफ्तारी की घोषणा की।

मुजाहिद ने कहा कि संदिग्ध विदेशी नागरिक है और हमले को संयुक्त रूप से आईएस और बागियों ने अंजाम दिया। तालिबान विरोधी गुट को बागी करार देता है।

## ब्याज दरों में 0.35 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान

भाषा। मुंबई

● रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू

**भारतीय रिजर्व बैंक की** मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक सोमवार को शुरू हुई। अनुमान जताया जा रहा है कि एमपीसी महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में 0.25-0.35 प्रतिशत तक की और बढ़ोतरी कर सकती है। बीते दिनों मुद्रास्फीति में नरमी और आर्थिक वृद्धि में कमी के संकेत दिखने लगे हैं, जिसके चलते यह उम्मीद है कि इस बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी सामान्य ही रहेगी। मुद्रास्फीति जनवरी से ही रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। आरबीआई ने मई में अचानक रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। इसके बाद तीन बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.50-0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा चुकी है। इस समय रेपो दर 5.9 प्रतिशत है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास एमपीसी की तीन दिन की बैठक के समापन पर बुधवार (सात दिसंबर) को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। भारतीय स्टेट बैंक ने सोमवार को एक शोध रिपोर्ट में कहा, हमें उम्मीद है कि आरबीआई दिसंबर नीति में दरों में कम बढ़ोतरी करेगा। ऐसा लगता है कि रेपो दर में 0.35 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होगी। हमारा मानना है कि 6.25 प्रतिशत पर रेपो दर स्थिर हो जाएगी। इस शोध रिपोर्ट को एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने लिखा है। कई अन्य विशेषज्ञों ने भी दरों में 0.25-0.35 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना जताई है।


## मजबूत मांग के कारण सेवा क्षेत्र की वृद्धि नवंबर में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंची

भाषा। नई दिल्ली

मजबूत मांग के कारण भारत में सेवा क्षेत्र की वृद्धि नवंबर में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अक्टूबर में 55.1 पर था, और यह नवंबर में बढ़कर 56.4 पर पहुंच गया, जो सेवा गतिविधियों में तेज वृद्धि का संकेत देता है। गौरतलब है कि उच्च परिचालन खर्चों के बावजूद वृद्धि दर तीन महीने के उच्च स्तर पर है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि ताजा मांग सफल विपणन और बिक्री में लगातार वृद्धि के चलते है। सेवा पीएमआई लगातार 16वें महीने 50 अंक से अधिक है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक गतिविधियों में विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से कम अंक का अर्थ संकुचन है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की संयुक्त निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, नए कारोबार और उत्पादन में तेजी से वृद्धि के साथ भारतीय सेवा प्रदाताओं ने मजबूत घरेलू मांग का लाभ उठाना जारी रखा। सर्वेक्षण में कहा गया है, रोजगार एक ठोस गति से बढ़ा है, जो तीन वर्षों में सबसे तेज है।

## उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स में 34 अंक की गिरावट, निफ्टी मे मामूली लाभ

भाषा। मुंबई



**स्थानीय** शेयर बाजारों में मुनाफावसूली से सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच बीएसई सेंसेक्स 34 अंक की मामूली गिरावट के साथ लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में नीचे रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 33.9 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,834.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 360.62 अंक गिरकर 62,507.88 अंक तक नीचे चला गया था।हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 4.95 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 18,701.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, डॉ. रेड्डीज, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। वहीं, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक और पावरग्रिड शामिल हैं। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत बढ़ा जबकि मिडकैप में 0.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार के पिछले दिनों रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंचने के बाद से ही मुनाफावसूली का जोर देखा जा रहा है। इसके अलावा सात दिसंबर को रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा भी आने वाली है। कच्चे तेल की कीमतें तेज होने का भी असर देखा जा रहा है।

### रूसी तेल पर मूल्य सीमा लागू, यूक्रेन को लेकर पुतिन पर दबाव बनाने की कोशिश

**कीव।** पश्चिमी देशों ने सोमवार को रूसी तेल पर 60 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा लागू कर दी और साथ ही कुछ अन्य प्रतिबंध भी लगाने शुरू कर दिए। यूक्रेन को लेकर मास्को पर दबाव बनाने के लिए ए नए कदम उठाए जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, जापान, अमेरिका और 27 देशों के यूरोपीय संघ ने शुक्रवार को रूसी तेल के लिए 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा तय की थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के कार्यालय ने पश्चिमी देशों द्वारा रूसी तेल की कीमत और कम करने की मांग की, जबकि रूसी अधिकारियों ने 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा को मुक्त और स्थिर बाजार के लिए हानिकारक बताया है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इन प्रतिबंधों से रूसी तेल की पहुंच वैश्विक बाजार से कितनी दूर हो सकती है। सोमवार को अमेरिकी मानक कच्चा तेल 90 सेंट बढ़कर 80.88 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

## देश के सात प्रमुख शहरों में 2022 में लोगों की घर खरीदने की क्षमता घटी

भाषा। नई दिल्ली

**देश के सात** प्रमुख शहरों में इस साल आवास ऋण दरों में वृद्धि तथा संपत्तियां महंगी होने से लोगों की घर खरीदने की क्षमता प्रभावित हुई है। संपत्ति सलाहकार जेएलएल इंडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। जेएलएल के अनुसार, मुंबई को छोड़कर अन्य शहरों में किफायत सूचकांक संतोषजनक स्थिति में रहा। वहीं कोलकाता, पुणे और हैदराबाद के देश के सबसे सस्ते आवास बाजार बने रहने का अनुमान है। जेएलएल ने सोमवार को अपना घर खरीदने की क्षमता का सूचकांक (एचपीएआई) पेश किया है। यह सूचकांक बताता है कि क्या कुल शहर के स्तर पर किसी परिवार की आमदनी (औसत वार्षिक आय) मौजूदा बाजार मूल्य पर आवासीय संपत्ति खरीदने के लिए पात्र है। सूची में कोलकाता 193 अंक के अनुमानित मूल्य के साथ शीर्ष सात शहरों में सबसे किफायती आवासीय बाजार है। इसके बाद पुणे 183, हैदराबाद 174, बेंगलुरु 168, चेन्नई 162, दिल्ली 125 और मुंबई का 92 अंक के साथ आखिरी में स्थान है। पिछले साल कोलकाता में एचपीएआई मूल्य 212 अंक, हैदराबाद का 196, पुणे का 195, बेंगलुरु का 185, चेन्नई का 181, एनसीआर का 140 और मुंबई का 100 अंक रहा था। सलाहकार कंपनी ने बताया कि 2022 में आवासीय खरीद क्षमता थोड़ी घटी है क्योंकि मुद्रास्फीति के दबाव ने निर्माण लागत को बढ़ाया है जिससे खरीदारी प्रभावित हुई। वहीं रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में वृद्धि के चलते भी आवास कर्ज महंगा हुआ है। जेएलएल ने कहा कि 2013 और 2021 के बीच सभी भारतीय शहरों में घर खरीदने की क्षमता में लगातार बढ़ोतरी हुई थी।

## सीतारमण ने नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल बड़ी मछलियों पर कार्रवाई करने को कहा

भाषा। नई दिल्ली



**वित्त मंत्री निर्मला** सीतारमण ने सोमवार को प्रवर्तन एजेंसियों से कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल बड़ी मछलियों पर कार्वाई करें। उन्होंने कहा कि यह पता लगाने की जरूरत है कि बहुत मात्रा में नशीले पदार्थों को कौन भेज रहा है। वह राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्व खुफिया अधिकारियों को प्रत्एक मामले को जल्द से जल्द तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से तस्कर कुछ सबूत छोड़ देंगे, जिनके आधार पर मुख्य अपराधी तक पहुंचना चाहिए। सीतारमण ने कहा, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि तस्कर आपसे अधिक चालक न हों। हमें कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। नशीले पदार्थों के पाउच या एक किलोग्राम कोकीन के साथ किसी को पकड़ लेना पर्याप्त नहीं है। देश में नशीले पदार्थों के पहाड़ को कौन भेज रहा है, जो इसके लिए पैसे लगा रहा है... और इसे संभव बना रहा है, उसे पकड़ना होगा। हाल के महीनों में गुजरात के बंदरगाहों पर भारी मात्रा में ड्रग्स पकड़े जाने की पृष्ठभूमि में उनका यह बयान आया है। पिछले हफ्ते गुजरात में लगभग 478 करोड़ रुपए की 143 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई थी। उन्होंने कहा कि डीआरआई द्वारा नशीले पदार्थों की जब्ती की खबरें भी लोगों के मन में सवाल उठाती हैं कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से कितने जेल गए, और वास्तव में इसके पीछे कौन है। वित्त मंत्री ने कहा, आप छोटे-छोटे फेरीवालों, तस्करों, खच्चरों को पकड़ रहे हैं। क्या यह पर्याप्त है? जनता का विश्वास हासिल करने के लिए यह बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है। क्या आप ऐसे मामलों के बड़े संचालकों को पकड़ने में सक्षम हैं, जो पर्दे के पीछे हैं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि डीआरआई अधिकारी को मुख्य अपराधियों तक पहुंचने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक समन्वय पर अधिक जोर देना चाहिए।

### एसबीआई का वैयक्तिक ऋण पांच लाख करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े कर्जदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को कहा कि बड़े आवासीय ऋणों को छोड़कर उसके वैयक्तिक बैंकिंग कर्जों का आकार पांच लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है।,

**सार्वजनिक सूचना**

1) श्री दर्शन लाल गुप्ता, 2) श्री जगदीश लाल गुप्ता और 3) श्री मनोहर लाल गुप्ता की ओर से एतदद्वारा नोटिस दिया जाता है, जो प्लॉट/संपत्ति संख्या सी-1/14, ब्लॉक-सी, मियांवाली नगर, पश्चिम विहार, नई दिल्ली में स्थित के मालिक हैं। दिनांक 04.12.1995 का वह मूल हस्तांतरण विलेख, जो 05.12.1995 को पंजीकृत एसआरओ-I, दिल्ली के कार्यालय में दस्तावेज/पंजीकरण संख्या 18482 के रूप में पंजीकृत है। उक्त संपति को आरबीएल बैंक लिमिटेड वित्तीय सहायता के लिए इसे गिरवी रखने का इरादा रखता है। दिनांक 04.12.1995 का वह मूल हस्तांतरण विलेख, जो 05.12.1995 को पंजीकृत एसआरओ-I, दिल्ली के कार्यालय में दस्तावेज/पंजीकरण संख्या 18482 के रूप में पंजीकृत है, दस्तावेज उपलब्ध नहीं है/गुम हो गए हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का पालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपत्ति के स्वामित्व और/या बंधक बनाने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो एतदद्वारा अनुरोध किया जाता है कि वह 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में नीचे के पते पर सूचित करें।

लुसेम लीगल एलएलपी
कार्यालय संख्या 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली-110049, संपर्क #011-40046316

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that our Pigmy Agent Mr. Sunil Kumar Sood, agent code PDSUSP-3 has resigned from the services on 28 July 2022. All customers belong to him are advised to visit the branch within one month from this notice for balance confirmations. Any difference in balance after this period will not be entertained by the bank.

Sd/-Senior Branch Manager
Canara Bank
64/60-61 Main Narela Road
Alipur, Delhi-110036

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Payal Goyal has acquired the portion of freehold property bearing no. 308/8-A-1, area measuring 60.192 sq. mtrs. out of khasra no. 322, 323 & 324, situated at area of village Chowkri Mabarkabad, abadi known as Shahzada Bagh Indl. Area, Delhi 110035 vide Gift Deed dated 18.02.2019, Doc no. 1681 and Mrs. Ginni Dev attorney holder of Shop bearing area measuring 19.44 sq. yds. on, portion of Plot no. 8-B/2, bearing part of Mpl. no. 308/7, out of khasra no. 322-324, situated in the area of vill. Chowkri Murarkbad, colony known as Sahzada Bagh, Old Rohtak Road, Delhi vide GPA, ATS & will dated 24.03.2000, and Now, Mrs. Payal Goyal and Mrs. Ginni Dev both are intending to sell the above said properties to Mrs. Asha Gupta vide Sale Deed. Further, Mrs. Asha Gupta is mortgaging the above said properties with Fullerton India Credit Company Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

# टीआरएस नेता ने दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में सीबीआई पूछताछ टालने को कहा

**भाषा।** हैदराबाद

**दिल्ली आबकारी नीति** घोटाले के सिलसिले में पूछताछ के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा नोटिस मिलने के बाद तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) की विधान परिषद सदस्य के. कविता ने सोमवार को कहा कि वह व्यस्त कार्यक्रम के कारण छह दिसंबर के बजाय 11 से 15 दिसंबर तक जांच अधिकारियों से मिल सकेंगी। जांच एजेंसी को लिखे एक पत्र में, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी ने कहा कि उन्होंने प्राथमिकी की प्रति की सामग्री के साथ-साथ मामले के संबंध में वेबसाइट पर उपलब्ध शिकायत को देखा है और उनका नाम किसी भी तरीके से कहीं भी नहीं आया है।

उन्होंने सीबीआई को लिखे पत्र में कहा, जैसा कि आपके द्वारा प्रस्तावित किया गया है, मैं अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण छह दिसंबर, 2022 को मिलने की स्थिति में नहीं हूं। मैं आपसे इस महीने की 11, 12 या 14 या 15 तारीख को, जो भी सुविधाजनक हो, हैदराबाद में मेरे आवास पर मिल सकूंगी। कृपया जल्द से जल्द इसकी पुष्टि करें। पत्र राघवेंद्र वत्स, शाखा प्रमुखाडीआईजी, सीबीआई, एसीबी दिल्ली को संबोधित किया गया था।

सीबीआई ने दो दिसंबर को टीआरएस नेता को छह दिसंबर को मामले में पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया। जांच एजेंसी ने उन्हें उस दिन सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए अपनी सुविधा के अनुसार जगह की सूचना देने को कहा। कविता ने एक बयान में कहा था कि उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया था कि वे उनसे उनके हैदराबाद आवास पर मिल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं कानून का पालन करने वाली नागरिक हूं और जांच में सहयोग करूंगी। जांच में सहयोग करने के लिए मैं ऊपर बताई गई किसी भी तारीख को आपसे मिल सकती हूं।

घोटाले में कथित रिश्वत पर दिल्ली की एक अदालत में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर एक रिमांड रिपोर्ट में उनका नाम सामने आने के बाद, कविता ने कहा था कि वह किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। सीबीआई ने 25 नवंबर को इस मामले में सात आरोपियों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दायर किया था। ईडी ने एक आरोपी - अमित अरोड़ा के संबंध में दिल्ली की एक अदालत में दायर रिमांड रिपोर्ट में कहा था, अब तक की गई जांच के अनुसार, विजय नायर ने आप के नेताओं की ओर से साउथ ग्रुप (सरथ रेड्डी, के कविता, मगुन्ता श्रीनिवासुलु रेड्डी द्वारा नियंत्रित) नामक एक समूह से कम से कम 100 करोड़ रुपए की रिश्वत प्राप्त की है।

# डीआरआई ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 405 करोड़ रुपए मूल्य का तस्करी वाला सोना जब्त किया

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान राजस्व खुफिया अधिकारियों ने 405 करोड़ रुपए का तस्करी वाला करीब 833 किलोग्राम सोना जब्त किया जिसका एक बहुत बड़ा हिस्सा पड़ोसी देश म्यामां से आया था। वित्त मंत्रालय की की एक रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने महामारी के दौरान सोने की तस्करी के पैटर्न में बदलाव का पता लगाया क्योंकि 2020-21 तथा 2021-22 के दौरान जब्त किए गए सोना का अधिकतर हिस्सा म्यामां से आया था। उससे पहले 2019-20 में तस्करी के सोने का अधिकतर हिस्सा मध्यपूर्व से आया था। 2021-22 में सोने की तस्करी के 160 मामलों का पता चला तथा डीआरआई अधिकारियों ने 405 करोड़ रुपए का 833.07 किलोग्राम सोना जब्त किया। डीआरआई की भारत में तस्करी, 2021-22 नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी के दौरान भी छिपाने के चतुर तरीकों के जरिए इस तस्करी में संगठित अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट सक्रिय थे। दुनिया में चीन के बाद भारत सोने की खपत वाला दूसरा सबसे बड़ा देश है। भारत का स्वर्ण आयात 2020-21 में 34.62 अरब डॉलर को था जो 2021-22 में बढ़कर 46.14 अरब डॉलर का हो गया। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि कूरियर रूट के जरिए सोने की तस्करी बढ़ गई। तस्कर स्थलीय मार्गों का भी उपयोग कर रहे थे क्योंकि महामारी के दौरान विमान यातायात बाधित हो गया था। तस्करी के सोने का ज्यादातर हिस्सा म्यामां से आया है तथा उसे तस्करी के जरिए मणिपुर में तामू-मोरेह-इंफाल एवं मिजोरम के जोखातवार मार्ग से भारत लाया गया।



तिरूमाला में भगवान वेंकटेश्वर मन्दिर में पूजा अर्चना करती हुई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# 2018 में पंचायत चुनाव का बहिष्कार बड़ी गलती थी: फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2018 में संपन्न पंचायत चुनाव का बहिष्कार करना बड़ी गलती थी और पार्टी को भविष्य में जम्मू-कश्मीर के हर चुनाव में हिस्सा लेना चाहिए। अब्दुल्ला ने इसके साथ ही सरकार और सुरक्षा बलों को चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं करने की चेतावनी दी। नेकां प्रतिनिधियों के सत्र को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि पार्टी ने पंचायत चुनाव (2018) का जो बहिष्कार किया था, वह बहुत बड़ी गलती थी। यह याद रखिए कि हम आने वाले किसी भी चुनाव का बहिष्कार नहीं करेंगे। इसके बजाय उन्हें (चुनाव को) जीतने के लिए लड़ेंगे। इस सत्र में अब्दुल्ला को नेकां का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

अब्दुल्ला के बेटे और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घोषणा की थी कि जम्मू-कश्मीर जबतक केंद्र शासित प्रदेश रहेगा, वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। इस संदर्भ में उन्होंने कहा, पार्टी अध्यक्ष होने के नाते मैं आपको (उमर अब्दुल्ला) निर्देश देता हूं कि आपको चुनाव लड़ना है। अगर हमें उनसे लड़ना है, तो हम सभी को मैदान में उतरना होगा और चुनाव लड़ना होगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, भाजपा कुछ भी कर सकती है, यहां तक वह आपकी निष्ठा को भी खरीदने की कोशिश कर सकती है, लेकिन वह अपने सभी मंसूबों में नाकाम होगी। अब्दुल्ला ने सुरक्षा बलों और सरकार को जम्मू-कश्मीर में होने वाले चुनाव में किसी भी हस्तक्षेप से बचने की चेतावनी दी और कहा कि लोगों को तय करने दें कि किसे मत देना है। अन्यथा ऐसा तूफान आएगा, जिसे आप नियंत्रित नहीं कर पाएंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता ने इसके साथ ही चुनाव में गडबड़ी होने की स्थिति में आंदोलन करने की धमकी दी। उन्होंने कहा, हम अपनी जान को कुर्बान करने के लिए तैयार हैं।

# दीवारों पर ज्वाइन सीएफआई नारे लिखने के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री बोम्मई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को शिवमोगा जिले के शिरालाकोप्पा में विभिन्न स्थानों पर दीवारों पर लिखे गए ज्वाइन सीएफआई (कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया) नारों को संगठन पर प्रतिबंध के बाद एक हताशापूर्ण कार्वाई करार दिया और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्वाई का आश्वासन दिया है। सीएफआई से जुड़ने के आह्वान वाली इस तरह की लिखावट हाल ही में दीवारों पर शहर के विभिन्न स्थानों में देखी गई। बोम्मई ने एक सवाल के जवाब में कहा, पुलिस पहले ही कार्वाई कर चुकी है, दीवारों पर इस तरह की लिखावट एक हताशापूर्ण कृत्य है। इन सभी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने के बाद, वे हताश हो गए हैं और समाज में भ्रम पैदा करना चाहते हैं, जिसकी मैं निंदा करता हूं। संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस घटना के पीछे जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई करेगी। पुलिस ने हाल ही में दीवारों पर संज्ञान लिया और सूचना के आधार पर कर्नाटक सार्वजनिक स्थल (विरूपण निवारण) अधिनियम और सद्भाव में खलल डालने के लिए स्वत:संज्ञान लेकर मुकदमा दायर किया। पीएफआई, कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया सहित आठ संगठनों पर सितंबर में केंद्र सरकार द्वारा पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# कर्नाटक के विवादित क्षेत्रों में मंत्रियों के दौरे पर अंतिम निर्णय शिंदे लेंगे: फडणवीस

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि इस बारे में अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे लेंगे कि कर्नाटक के साथ राज्य के सीमा विवाद का समन्वय करने के लिए नियुक्त मंत्रियों को विवादित क्षेत्रों का दौरा करना चाहिए या नहीं। समन्वय मंत्री नियुक्त किए गए चंद्रकांत पाटिल और शंभूराज देसाई का छह दिसंबर को कर्नाटक के बेलगावी में महाराष्ट्र एकीकरण समिति के कार्यकर्ताओं से मुलाकात का और सीमा मुद्दे पर बातचीत का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, दो मंत्रियों, जिन्होंने पहले विवादित क्षेत्रों का दौरा करने की घोषणा की थी, को स्थानीय लोगों ने डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर आमंत्रित किया है। हमारी राय है कि विवादित क्षेत्रों में इस तरह के दौरे की व्यवस्था करके किसी भी कानूनी पेचीदगी से बचना चाहिए। हालांकि, मंत्रियों के दौरे पर अंतिम फैसला मुख्यमंत्री लेंगे।

बेलगावी, कारवार और महाराष्ट्र तथा कर्नाटक सीमा पर स्थित कई अन्य गांवों पर किस राज्य का प्रशासनिक नियंत्रण होना चाहिए, इसको लेकर विवाद है। यह मुद्दा 1960 में महाराष्ट्र की स्थापना के बाद से उच्चतम न्यायालय में लंबित है। उन्होंने कहा, किसी को भी किसी जगह पर जाने से रोका नहीं जाना चाहिए, क्योंकि हम एक स्वतंत्र देश हैं। हालांकि, विवादित क्षेत्र से जुड़ा मामला अब भी उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और हम चाहते हैं कि इस मामले में आगे कोई जटिलता नहीं आए। यदि मंत्री ऐसा करने का निर्णय लेते हैं तो उन्हें विवादित क्षेत्रों का दौरा करने से कोई भी रोक नहीं सकता है। इससे पहले आज दिन में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा था कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे से कहेंगे कि अपने मंत्रियों को बेलगावी नहीं भेजें, क्योंकि उनके आने से सीमावर्ती जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है।

## क्विक न्यूज

### नवलखा की साथी साहबा हुसैन ने शराब की बोतलें व सिगरेट के पैकेट पुलिस को सौंपे

**मुंबई।** एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में आरोपी गौतम नवलखा की साथी साहबा हुसैन ने शराब की बोतलें और सिगरेट के पैकेट पुलिस को सौंप दिए हैं। एनआईए ने उनके ए सामान उस घर में लाने पर आपत्ति जताई थी, जहां नवलखा को नजरबंद रखा गया है। नवलखा (70) को 19 नवंबर को जेल से रिहा करने के बाद नवी मुंबई के बेलापुर-अग्रोली इलाके स्थित एक मकान में ले जाया गया था, जहां वह एक महीने के लिए नजरबंद रहेंगे। नवलखा के साथ रह रही साहबा हुसैन वहां अपने इस्तेमाल के लिए शराब की दो बोतलें और सिगरेट लाई थीं। नवलखा को वहां लाए जाने से पहले घर की तलाशी लेने आए एनआईए के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी थी। ये सामान उनके लिए ही हैं, नवलखा के लिए नहीं, क्योंकि वह न शराब पीते हैं न सिगरेट।

### जलपाईगुड़ी में बिहार नंबर की गाड़ी से मिले 93.83 लाख रुपए, पांच लोग गिरफ्तार

**जलपाईगुड़ी ( पश्चिम बंगाल )।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में एक वाहन में कथित रूप से 93.83 लाख रुपए नकद मिलने के बाद उसमें सवार पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक गुप्त सूचना के आधार पर रविवार शाम को बानरहाट इलाके में एशियाई राजमार्ग (एएच) 48 पर बिहार नंबर वाली एक एसवीयू को बिन्नागुरी पुलिस चौकी के अधिकारियों ने रोका। जलपाईगुड़ी के पुलिस अधीक्षक बिश्वजीत महतो ने बताया कि गाड़ी की तलाशी लेने पर 93.83 लाख रुपए नकद मिले जिसे पिछली सीट के नीचे स्टेपनी में छिपाकर रखा गया था। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से चार बिहार के निवासी हैं जबकि एक पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले का रहने वाला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह वाहन से नकदी बिहार से असम के गुवाहाटी ले जाई जा रही थी। हमें नकद बरामद करने के लिए स्टेपनी को निकालना पड़ा। पांचों लोग तस्करी के माध्यम से नकदी ले जा रहे थे। प्रारंभिक जांच से खुलासा हुआ कि वे पैसा गुवाहाटी ले जा रहे थे। हम उनके दावे का सत्यापन कर रहे हैं।

### सीमा पार से तस्करी का प्रयास नाकाम, पंजाब में फिर ड्रोन के साथ जब्त की गई हेरोइन

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले में भारत पाकिस्तान सीमा के पास से एक ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। इसी के साथ सीमापार से मादक पदार्थ भेजने की एक और साजिश नाकाम कर दी गई है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब दो बजकर 35 मिनट पर रोरानवाला कलां गांव के पास ड्रोन के उड़ने की आवाज सुनने के बाद बीएसएफ के जवानों ने उस दिशा में गोलीबारी की। बाद में इलाके की तलाशी के दौरान, जवानों को टूटा हुआ क्वाडकॉप्टर (ड्रोन) और मादक पदार्थ का एक पैकेट मिला। तरनतारन जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से रविवार को एक ड्रोन और तीन किलोग्राम हेरोइन मिली थी। तीन दिसंबर को बीएसएफ के जवानों ने तकरीबन 25 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी जिसे फाजिल्का जिले में पाकिस्तान के एक ड्रोन के जरिए गिराया गया था।

### फारूक अब्दुल्ला फिर से नेकां अध्यक्ष चुने गए

**श्रीनगर।** फारूक अब्दुल्ला सोमवार को फिर से एक और कार्यकाल के लिए नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष चुने गए। 85 वर्षीय नेता को यहां नसीम बाग में पार्टी संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के मकबरे के पास आयोजित नेकां के प्रतिनिधि सत्र में सर्वसम्मति से पार्टी का प्रमुख चुना गया। इस दिन शेख अब्दुल्ला की 117वीं जयंती भी मनाई गई। नेकां के महासचिव अली मोहम्मद सागर ने कहा कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि तक केवल अब्दुल्ला का नामांकन प्राप्त हुआ था। फारूक अब्दुल्ला के समर्थन में कश्मीर से कुल 183, जम्मू से 396 और लद्दाख से 25 प्रस्ताव प्राप्त हुए। नेकां पिछला अध्यक्ष चुनाव पांच साल पहले हुआ था।

# भाकपा ने राज्यपाल के पद को खत्म करने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि राज्यपाल के पद को खत्म किया जाए, क्योंकि राजभवन अब भाजपा का कैम्प कार्यालय बन गए हैं। वामपंथी दल ने एक बयान में कहा, भाकपा ने सभी लोकतांत्रिक ताकतों का आह्वान किया है कि वो संघीय ढांचे की रक्षा के लिए साथ आएं। पार्टी ने देश को आगाह किया था कि आरएसएस नियंत्रित सरकार संवैधानिक बुनियाद को कमजोर कर रही है। उसने कहा, राज्यपाल के कार्यालय का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा यह केंद्रीकरण की आरएसएस की विचारधारा से जुड़ा है। केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना जैसे राज्यों में राजभवनों से कैम्प कार्यालयों के तौर पर काम करवाया जा रहा है। भाकपा ने कहा कि इसको देखते हुए राज्यपाल का पद खत्म किया जाना चाहिए।



नई दिल्ली में भाजपा नेता विजय गोयल के साथ गांधी स्मृति पर जर्मनी की विदेश मंत्री अनालेना बेयरबाक

# मां के गर्भ को खेत की तरह नहीं देखा जा सकता: अजमल के बयान पर हिमंत की प्रतिक्रिया

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एआईयूडीएफ सांसद बदरुद्दीन अजमल के महिलाओं तथा हिंदू समाज पर तीन दिन पहले दिए बयान को लेकर सोमवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि किसी मां की कोख को खेत की तरह नहीं देखा जा सकता। शर्मा ने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को अजमल जैसे लोगों के बयानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए जो उनसे अधिक बच्चे पैदा करने को कहते हैं। मुख्यमंत्री ने मुस्लिम महिलाओं को दिए संदेश में कहा कि परिवार को दो बच्चों तक सीमित रखें ताकि उन्हें अच्छी शिक्षा दे सकें।

शर्मा ने बोंगईगांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अजमल की टिप्पणियों पर पलटवार किया। यह क्षेत्र धुबरी के पास है जहां से अजमल लोकसभा में प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को, खासकर मुस्लिम महिलाओं को ऐसे लोगों के बयानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए जिन्हें वोट के लिए उनकी जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे आपका वोट नहीं चाहिए, लेकिन अजमल की बात मत सुनिए। दो से अधिक बच्चे नहीं होने चाहिए ताकि आप उन्हें पढ़ा-लिखाकर बढ़ा करें और उच्च स्तर का खिलाड़ी, डॉक्टर और इंजीनियर बना सकें। एआईयूडीएफ अध्यक्ष अजमल ने शुक्रवार को एक मीडिया संस्थान को दिए साक्षात्कार में महिलाओं तथा हिंदुओं के साथ ही शर्मा के खिलाफ भी टिप्पणी की थी। उनकी इस टिप्पणी को लव जिहाद पर मुख्यमंत्री के बयान का जवाब माना जा रहा है। खबर के अनुसार अजमल ने हिंदुओं को कम उम्र में शादी की सलाह दी थी ताकि मुसलमानों की तरह अधिक बच्चे पैदा करें।

# गहलोत की मीडिया को चेतावनी: यदि ऐसी यात्रा आप नहीं दिखाएंगे तो आप अपना कर्तव्य पूरा नहीं करेंगे

**झालावाड़।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को मुख्यधारा की मीडिया से नाराजगी दिखाते हुए आरोप लगाया कि राष्ट्रीय मीडिया ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का बहिष्कार किया है क्योंकि संपादक और मालिक दबाव में हैं। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मीडिया लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपना कर्तव्य निभाने में पूरी तरह से विफल रहा है और इतिहास उसे माफ नहीं करेगा।

कांग्रेस महासचिव (संचार और मीडिया प्रभारी) जयराम रमेश ने मौके पर मौजूद पत्रकारों का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें दोष नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि वे तो अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। गहलोत ने कहा, मेरा विशेष रूप से राष्ट्रीय मीडिया पर आरोप है कि उसने यात्रा को बहिष्कार कर रखा है। हमारे (पत्रकार) साथी यहां बैठे हुए हैं, इनकी कोई गलती नहीं है।.. आप तो अपना धर्म निभाते हैं लेकिन (आपके) मालिक लोग, सम्पादक दबाव में हैं, उन्होंने बहिष्कार किया है।

उन्होंने कहा कि क्या गजब की यात्रा है, जो सोशल मीडिया देखते हैं, वह गर्व करते हैं कि किस प्रकार से लाखों लोग जुड़ रहे हैं। उनका कहना था कि इसका मतलब यह हुआ कि नेशनल मीडिया जो साथ नहीं दे रहा है उसे सामाजिक सरोकार से मतलब नहीं है.. जिसके लिए मीडिया वह बना है। मीडिया चौथा स्तंभ है .. इसकी अहमियत है। राहुल गांधी की सकारात्मक यात्रा है.. किसी के प्रति कोई दुर्भावना नहीं है। वह सबको गले लगा रहे हैं। अब बताईए इस देश को और क्या चाहिए। गहलोत ने मीडिया को चेतावनी दी, अगर ऐसी यात्रा को आप नहीं दिखाएंगे तो आप अपना कर्तव्य पूरा नहीं करेंगे। कान खोल कर सुन लीजिए.. नेशनल मीडिया वाले भी और स्टेट मीडिया वाले भी। इतिहास आपको माफ नहीं करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया दबाव में है। उन्होंने सवाल किया कि पहले जब भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की यात्रा निकली थी तो क्या पूरे देश के मीडिया ने उसे नहीं उठाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया घरानों के भी हाईकमान होते हैं और मीडिया के लोग भी तबादलों और पोस्टिंग से डरते हैं।उन्होंने कहा, मुझे मालूम है आपका स्थानांतरण एवं पदस्थापना होती है। आप भी तबादला से घबरा जाते हैं। और तो और कोरोना वायरस महामारी के नाम पर तनख्वाह एक लाख से घटाकर 70 हजार.. 30 हजार कर दी गई। मुझे मालूम है कि महामारी खत्म हो जाने के बाद तनख्वाह वापस नहीं बढ़ाई गई। उन्होंने कहा, इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि आप अपने मालिक से कह दीजिए कि हम घबराने वाले नहीं है.. राहुल गांधी का रास्ता सच्चाई का है.. सत्य का रास्ता है.. अहिंसा का रास्ता है..उनका कारवां चल पड़ा है।

# आतंकवादी समूह की धमकी के बाद कश्मीरी हिंदुओं में दहशत

**जम्मू।** कश्मीर घाटी में काम कर रहे कश्मीरी पंडित समुदाय के लोग एक आतंकवादी संगठन द्वारा समुदाय के 56 कर्मचारियों की सूची जारी किए जाने के बाद से दहशत में हैं। आतंकवादियों द्वारा चुन-चुनकर लोगों की हत्या किए जाने के बाद से घाटी में प्रधानमंत्री पुनर्वास पैकेज (पीएमआरपी) के तहत काम कर रहे अनेक कश्मीरी पंडित जम्मू जा चुके हैं और 200 से अधिक दिन से स्थान परिवर्तन की मांग के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। वे यहां पुनर्वास आयुक्त कार्यालय के बाहर डेरा डाले हैं।

लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के एक ब्लॉग में हाल ही में पीएमआरपी के तहत कार्यरत 56 कश्मीरी पंडित कर्मियों की एक सूची प्रकाशित की गई है और उन पर हमले की धमकी दी गई है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों में शामिल रंजन जुत्शी ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, आतंकवादी समूहों ने पहले हमें धमकी भरे खत भेजे, लेकिन इस बार कर्मचारियों की सूची के साथ चेतावनी जारी की गई है। इससे न केवल प्रदर्शनकारी कर्मचारियों में, बल्कि पूरे समुदाय में डर पैदा हो गया है।

ताजा चेतावनी को दुष्प्रचार कहकर खारिज नहीं किया जा सकता क्योंकि उनके (आतंकवादियों के) पास कर्मचारियों की सारी संबंधित जानकारी है। आतंकवादियों को लोगों के नाम लीक होने के मामले में जांच की मांग करते हुए जुत्शी ने कहा कि यह दिखाता है कि आतंकवादियों के तंत्र की जड़ें बहुत गहराई तक हैं और उनके जमीन पर मौजूद समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करके उन्हें नेस्तनाबूद किया जाना चाहिए। सरकार को पता लगाना चाहिए कि किसने आतंकवादियों को अहम जानकारी दी। पुलिस को इस तरह की चीजों को गंभीरता से लेना चाहिए और घाटी में अब भी काम कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चत करनी चाहिए।

# मिट्टी की उर्वरता का क्षरण बड़ी चिंता, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है सरकार: तोमर

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रासायनिक उर्वरकों के अधिक इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरता में आई कमी पर सोमवार को चिंता जताई और कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कदम उठा रही है। मंत्री ने नीति आयोग द्वारा सतत खेती के लिए मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही।

एक सरकारी बयान के अनुसार, तोमर ने कहा कि रासायनिक खेती और अन्य कारणों से मिट्टी की उर्वरता खत्म हो रही है और जलवायु परिवर्तन देश के साथ-साथ दुनिया के लिए भी एक बड़ी चिंता का विषय बनने जा रहा है। मंत्री ने कहा कि मिट्टी में जैविक कार्बन की कमी हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, इस गंभीर चुनौती से निपटने और बेहतर मृदा स्वास्थ्य के लिए हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद है।

तोमर ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए केंद्र राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। सरकार ने कृषि के लिए भारतीय प्राकृतिक कृषि प्रणाली को फिर से अपनाया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती प्रणाली किसानों द्वारा खेती के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक प्राचीन तकनीक है और उस समय लोग यह भी जानते थे कि प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर कैसे रहना है। आंध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु आदि राज्यों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई नवाचार किए हैं।

पिछले वर्ष के दौरान, 17 राज्यों में 4.78 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को प्राकृतिक खेती के तहत लाया गया है। तोमर ने कहा कि केंद्र सरकार ने।,584 करोड़ रुपए के खर्च के साथ एक अलग योजना के रूप में प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन को मंजूरी दी है।

नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत, गंगा के किनारे प्राकृतिक खेती की परियोजना चल रही है, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और सभी कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), केंद्रीय और राज्य कृषि विश्वविद्यालय और कॉलेज सभी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए चौतरफा प्रयास कर रहे हैं। तोमर ने कहा कि केंद्र मृदा स्वास्थ्य कार्ड के जरिए भी काम कर रहा है। दो चरणों में देशभर के किसानों को 22 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। सरकार द्वारा मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना के तहत अवसंरचना विकास भी किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार की मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने का प्रावधान है।

# क्रोएशिया विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में



भाषा। दोहा

क्रोएशिया के गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच ने फुटबॉल विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में शानदार खेल दिखाते हुए तीन गोल बचाए और अपनी टीम को अंतिम आठ में पहुंचा दिया। नियमित समय में स्कोर।-। से बराबर रहा। इसके बाद अतिरिक्त समय में भी दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। पेनल्टी शूटआउट में

## जापान को पेनल्टी शूटआउट में हरा

क्रोएशिया ने जापान को 3-। से शिकस्त दी।

क्रोएशिया की ओर से निकोला व्लासिच, मार्सेलो ब्रोजोविच और मारियो पसालिच गोल करने में सफल रहे तो वहीं जापान के लिए सिर्फ ताकुता असानो ही गोल कर सके। टीम के लिए तुकामि मिनामिनो, कौरु मितोमा और माया योशिदा गोल करने में विफल रहे। क्रोएशिया के लिए मार्को लिवाजा गोल करने से चूक गए। पिछले विश्व कप के दौरान क्रोएशिया की टीम तीन बार अतिरिक्त समय तक चले मैचों को जीती थी और 2018 की उपविजेता ने एकबार फिर ऐसे मैचों में अपनी बादशाहत कायम की। यूरो और विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंटों के नॉकआउट चरण में पिछले आठ में से टीम की यह सातवीं जीत है।

## सेनेगल को 3-0 से हराकर इंग्लैंड क्वार्टर फाइनल में

**अल खोर (कतर)।** इंग्लैंड ने कप्तान हैरी केन के इस साल फुटबॉल विश्व कप में पहले गोल की बदौलत रविवार को यहां सेनेगल को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना फ्रांस से होगा।

केन ने इंग्लैंड की ओर से 52वां गोल दागा और वह देश की ओर से सर्वाधिक गोल के वेन रूनी के रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे है। उन्होंने 11 गोल के साथ बड़े टूर्नामेंटों में अपने देश के शीर्ष स्कोरर के रूप में गैरी लिनेकर को भी पीछे छोड़ दिया। अल बायत स्टेडियम में जोर्डन हेंडरसन और बुकायो साका ने भी इंग्लैंड की ओर से गोल दागे। इन गोल में जूड बेलिंगहैम और फिल फोडेन की भी अहम भूमिका रही। रूस में पिछले विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली इंग्लैंड का सामना अब शनिवार को अल बायत स्टेडियम में ही गत चैम्पियन फ्रांस से होगा। केन ने कहा, हमने मुकाबले का आनंद लिया लेकिन निश्चित रूप से हमारा ध्यान अगले मुकाबले पर है। यह काफी कड़ा मुकाबला होने वाला है। वे गत चैम्पियन है लेकिन यह एक अच्छा मुकाबला होगा। इंग्लैंड और फ्रांस के बीच मुकाबल में टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर काइलियान एमबापे और बेलिंगहैम जैसे उत्कृष्ट खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने का मौका मिलेगा। एमबापे ने पोलैंड के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की 3-। की जीत में दो गोल सहित इस साल विश्व में कुल पांच गोल किए है। बेलिंगहैम ने मौजूदा विश्व कप में एकमात्र गोल ईरान के खिलाफ शुरुआती मैच में 6-2 की जीत के दौरान किया था लेकिन उन्होंने बाकी खिलाड़ियों के गोल में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। बेलिंगहैम ने 38वें मिनट में हेंडरसन को क्रॉस दिया जिन्होंने इसे गोल में पहुंचा दिया। इससे पहले सेनेगल ने गोल करने के अधिक बेहतर मौके बनाए थे लेकिन उसे सफलता नही मिली। इस्माइला सार का करीब से मारा शॉट गोल पोस्ट के ऊपर से बाहर निकल गया जबकि इंग्लैंड के गोलकीपर जोर्डन पिकफोर्ड ने बोलाए दीया के शानदार प्रयास को नाकाम किया। हेंडरसन के गोल में मदद करने के बाद पहले हाफ के इंजरी टाइम में बेलिंगहैम ने इंग्लैंड के हाफ से गेंद को अपने कब्जे में लेकर शानदार मूव बनाया।




### पेले की तस्वीरों को लेकर पहुंचे ब्राजील के प्रशंसक

**दोहा।** दक्षिण कोरिया के खिलाफ सोमवार को होने वाले विश्वकप मैच से पहले ब्राजील के प्रशंसकों की शर्ट, ध्वज और बैनर पर महान फुटबॉलर पेले की तस्वीरों की धूम रही। इन तस्वीरों मे पेले ब्राजील के अपने साथियों के साथ विश्वकप ट्रॉफी लिए हुए है। यह 82 वर्षीय दिग्गज साओ पाउलो मे सांस संबंधी दिक्कतो के कारण अस्पताल में भर्ती है। ब्राजील से सोमवार की सुबह खबर आई कि वह अब पहले से बेहतर है। ब्राजील के फुटबॉल प्रशंसकों के लिए यह जश्न मनाने का कारण था। उन्होंने कतर में अपने इस महान खिलाड़ी के प्रति अपना सम्मान दिखाया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### हथियारबंद लोगों के घर में घुसने के बाद विश्व कप से स्वदेश लौटे इंग्लैंड के स्टर्लिंग

**दोहा।** इंग्लैंड के फारवर्ड रहीम स्टर्लिंग अपने घर मे हथियारबंद लोगो के घुसने के बाद कतर मे विश्व कप में अपनी टीम के शिविर को छोड़कर स्वदेश लौट गए है। मैनचेस्टर सिटी के 27 साल के स्टर्लिंग रविवार को सेनेगल के खिलाफ इंग्लैंड के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नही खेले जिसे उनकी टीम ने 3-0 से जीता। अभी यह भी नही पता चल सका है कि वह शनिवार को फ्रांस के खिलाफ होने वाले वाले इंग्लैंड के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए वापस लौटेंगे या नही। कोच गैरेथ साउथगेट ने कहा, हमें उसे अपने परिवार के साथ समय बिताने और समस्या को सुलझाने के लिए समय देना होगा।

## स्विट्जरलैंड के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में लय हासिल करना चाहेंगे पुर्तगाल के रोनाल्डो



**दोहा।** पुर्तगाल की टीम फीफा विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल मे मंगलवार को जब स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैदान मे उतरेगी तो उसकी उम्मीद अंतिम आठ मे जगह पक्की करने के साथ स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो से बेहतर प्रदर्शन की होगी। मौजूदा विश्व कप मे भाग ले रहे स्टार खिलाड़ियो मे काइलियान एमबापे टूर्नामेंट के शीर्ष गोल स्कोरर बन गए है जबकि दिग्गज लियोनेल मेस्सी ने ज्यादा गोल नही करने के बाद भी अपने खेल से प्रभावित किया है। इस मामले मे रोनाल्डो अभी तक प्रतिभा से न्याय नही कर सके है। रोनाल्डो मौजूदा टूर्नामेंट के अपने शुरूआती मैच मे गोल कर हालांकि पांच विश्व कप मे गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने। लेकिन इसके बाद वह गेंद को नेट में डालने में सफल नही रहे। शायद उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नॉकआउट दौर के लिए बचा के रखा है। विश्व कप में उन्होंने कुल आठ गोल किए है लेकिन इसमे से कोई भी गोल नॉकआउट चरण में नही हुआ है। पांच बार फीफा के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो संभवतः अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे है और वह इसमें खिताब से कम कुछ भी नही चाहेंगे। स्विट्जरलैंड की टीम 1954 के बाद पहली बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल मे पहुंची है लेकिन पुर्तगाल के लिए यह चुनौती आसान नही होगी। यह वही टीम है जिसने पिछले साल यूरोपीय चैंपियनशिप में फ्रांस को अंतिम 16 मैच में हराकर बाहर किया था। स्विट्जरलैंड पिछले कुछ समय से अपने महाद्वीप की सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीमो मे से एक है। पुर्तगाल की टीम ने ग्रुप मे अपने शुरूआती दोनो मुकाबलों को जीत कर प्री-क्वार्टर फाइनल का टिकट कटाया लेकिन ग्रुप के आखिरी मैच मे दक्षिण कोरिया से हार ने उसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया। स्विट्जरलैंड की टीम को जीत दिलाने का दारोमदार काफी हद तक ब्रील एंबोलो पर होगा। उन्होंने ग्रुप चरण में दो गोल किए हैं। पिछले पांच मैचों में इस खिलाड़ी के नाम चार गोल हैं। इस मुकाबले की विजेता टीम क्वार्टर फाइनल में स्पेन या मोरक्को का सामना करेगी।

## फ्रांस की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बने गिरोड



**दोहा।** राष्ट्रीय टीम की ओर से सर्वाधिक गोल दागने वाला खिलाड़ी बनने के बाद ओलीवियर गिरोड की नजरें फ्रांस को लगातार दूसरा फुटबॉल विश्व कप खिताब दिलाने में मदद करने पर टिकी हैं। रविवार को प्री क्वार्टर फाइनल में पोलैंड के खिलाफ 3-। की जीत के दौरान गिरोड ने 52वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर अपने देश की ओर से सर्वाधिक गोल करने के मामले में थिएरी हेनरी को पीछे छोड़ा। गिरोड ने कहा, मै यह गोल (पोलैंड के खिलाफ) करने के लिए बेताब था। इस गोल के बाद मै राहत महसूस कर रहा हूं। , हम अब इसे भूलकर आगे बढ़ सकते है क्योंकि इतने सारे लोग इस बारे मे बात कर रहे है। अब यह हो गया है, यह अच्छी बात है। सबसे महत्वपूर्ण है कि टीम को अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने के लिए और अधिक गोल करना। टीम का लक्ष्य टूर्नामेंट में अधिक से अधिक आगे जाना है। गिरोड ने कतर में फ्रांस के शुरुआती मैच मे ऑस्ट्रेलिया पर 4-। की जीत मे दो बार गोल करके हेनरी के 51 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

### राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग टीम आज जाएगी

**लखनऊ।** पुणे में होने वाली द्वितीय राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप-2022 में उत्तर प्रदेश की फिन स्वीमिंग टीम हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप के लिए चयनित उत्तर प्रदेश की टीम का विदाई समारोह 6 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की फिन स्वीमिंग टीम बुधवार को पुणे के लिए रवाना होगी।

### एआईएमपीएल टी20 टूर्नामेंट 23 से

**लखनऊ।** देश के पत्रकारों की चुनिंदा पांच टीमें लखनऊ में होने वाली अखिल भारतीय मीडिया प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। तीन दिवसीय इस टूर्नामेंट के मुकाबलों का आयोजन 23 से 25 दिसंबर 2022 तक लखनऊ के गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मैदान पर किया जाएगा। लीग आधार पर होने वाला यह टूर्नामेंट सफेद गेंद के साथ रंगीन ड्रेस में खेला जाएगा।

### उप्र को 13वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो में दूसरा स्थान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की ताइक्वाण्डो टीम ने गत तीन से चार दिसंबर 2022 तक आयोजित 13वीं राष्ट्रीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता में 15 स्वर्ण सहित कुल 76 पदक के साथ ओवरऑल उपविजेता रही। देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश ने 15 स्वर्ण,28 रजत व 33 कांस्य पदक जीते। उत्तराखण्ड की टीम ओवरआल विजेता बनी। गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन अरोरा, महासचिव जावेद खान, कोषाध्यक्ष सुश्री हिना हबीब, संयुक्त सचिव रज़ा हुसैन व अमय चौहान ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।


### बाइक साइक्लिंग टीम

**लखनऊ।** आगामी राष्ट्रीय माउंटेन बाइक साइक्लिंग चैंपियनशिप-2022 के लिए चयनित उत्तर प्रदेश की माउंटेन बाइक साइक्लिंग टीम में अंश पाण्डेय, अमृतांश, देव मिश्रा, अरुणाभ सचान व प्रांशु यादव सहित लखनऊ के सात खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के महासचिव आरके गुप्ता ने यह जानकारी दी। टीम में चयनित लखनऊ के खिलाड़ी -जूनियर वर्ग में अमृतांश एवं अंश पाण्डेय, बालक -15 एवं 16 वर्ष में प्रियांशु,बालक -12 एवं 14 वर्ष में देव मिश्रा एवं अमन बाजपेयी, सीनियर पुरुष वर्ग में अभिजीत एवं अरुणाभ सचान।

### लखनऊ जिला क्रास कंट्री टीम का ट्रायल 7 को


**लखनऊ।** लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिले की क्रास कंट्री टीम के चयन के लिए सलेक्शन ट्रायल 7 दिसंबर 2022 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर सुबह सात बजे से आयोजित होगा। सलेक्शन ट्रायल के दौरान अंडर-16 बालक व बालिका वर्ग, अंडर.18 बालक व बालिका वर्ग और अंडर.20 पुरुष व महिला के साथ पुरुष व महिला सीनियर वर्ग की स्पर्धा के लिए चयन होगा। चयन के लिए इच्छुक खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड व मूल जन्म प्रमाणपत्र की प्रति साथ में लाना अनिवार्य होगा।

## दिल्ली रणजी टीम के संभावितों में धवन व इशांत का नाम



भाषा। नई दिल्ली

**भारत के** सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा को 13 दिसंबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के लिए सोमवार को घोषित दिल्ली के 39 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया हैं। धवन भारतीय टीम के लिए अब सिर्फ एकदिवसीय टीम का हिस्सा है। उन्होंने तीन साल पहले प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला था। वह इंडियन प्रीमियर लीग के अलावा सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी और विजय हजारे एकदिवसीय ट्रॉफी जैसे शीर्ष घरेलू टूर्नामेंटों में नियमित तौर पर खेलते रहे हैं। दिल्ली की अंतिम टीम की घोषणा आठ या नौ दिसंबर को होगी। ऐसे में महाराष्ट्र के खिलाफ पुणे में खेले जाने वाले टीम के शुरुआती मुकाबले से पहले उन्हें अभ्यास के लिए मुश्किल से ही समय मिल पाएगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के एक सूत्र ने कहा, शिखर का अनुभव टीम के काम आएगा। हमें उम्मीद है कि वह कुछ मैचों में टीम का हिस्सा होंगे। डीडीसीए द्वारा जारी की गई संभावित सूची के अनुसार 39 सदस्यों को सोमवार सुबह रोशनआरा मैदान में पहुंचना था, लेकिन उनमें से आधे से अधिक नहीं आए। अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा, यश ढुल और मौजूदा सत्र में सीमित ओवरों की घरेलू प्रतियोगिता में टीम का नेतृत्व करने वाले नीतीश राणा भी संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। अंतिम टीम की घोषणा के समय ही रणजी ट्रॉफी के लिए कप्तान के नाम की घोषणा की जाएगी। टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता उनके तेज गेंदबाजों की फिटनेस रही है और प्रबंधन उम्मीद कर रहा है कि सिमरजीत सिंह और प्रदीप सांगवान जैसे खिलाड़ी पूरे सत्र में अपनी फिटनेस बरकरार रखने में सक्षम रहेंगे। दिल्ली ने राणा के नेतृत्व में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन विजय हजारे ट्रॉफी में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। दिल्ली ने आखिरी बार 2007-08 में रणजी ट्रॉफी जीती थी।



### रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए आदित्य श्रीवास्तव को फिर मध्यप्रदेश की कमान



**इंदौर।** मध्य प्रदेश को पिछले सत्र मे रणजी चैम्पियन बनाने वाले कप्तान आदित्य श्रीवास्तव पर चयनकर्ताओ ने एक बार फिर भरोसा जताया है और आगामी सत्र के लिए टीम की कमान उन्हें सौपी है। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि पिछले सत्र में 29 वर्षीय इस बल्लेबाज की अगुवाई वाली मध्यप्रदेश की टीम ने 41 बार रणजी चैंपियन रह चुकी मुंबई को घरेलू क्रिकेट के इस सबसे बड़े मुकाबले में बेंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पटखनी दी थी और मध्यप्रदेश के गठन के साढ़े छह दशक के लम्बे अंतराल के बाद पहला रणजी खिताब अपने नाम किया था। एमपीसीए अधिकारी ने बताया कि रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट मे मध्यप्रदेश की पहली लीग भिड़ंत 13 से 16 दिसंबर के बीच जम्मू-कश्मीर से जम्मू मे होगी। इस प्रतिष्ठित घरेलू स्पर्धा मे मध्यप्रदेश का दूसरा मुकाबला 20 से 23 दिसंबर के बीच चंडीगढ़ से इंदौर में होगा। रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के पहले दो लीग मैचो के लिए मध्यप्रदेश की 15 सदस्यीय टीम इस प्रकार है : आदित्य श्रीवास्तव (कप्तान), रजत पाटीदार (उप कप्तान), यश दुबे,हिमांशु मंत्री, हर्ष गवली, शुभम शर्मा, अक्षत रघुवंशी, अमन सोलंकी, कुमार कार्तिकेय सिंह, सारांश जैन, आवेश खान, कुलदीप सेन, गौरव यादव, अनुभव अग्रवाल और युवराज नीमा।

## शुभमन वनडे विश्वकप 2023 में पारी का आगाज करने के प्रबल दावेदार : युवराज

भाषा। गुरुग्राम

**भारत को 2011** में विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज सिंह का मानना है कि शुभमन गिल 2023 में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में पारी का आगाज करने के लिए प्रबल दावेदार है। गिल बांग्लादेश में चल रही एकदिवसीय श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है लेकिन वह न्यूजीलैंड दौरे पर गई टीम में शामिल थे। युवराज ने दृष्टिहीन टी-20 विश्वकप के उद्घाटन समारोह से इतर पीटीआई से कहा, मेरा मानना है कि शुभमन बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और उसके प्रदर्शन में निरंतरता है। मुझे लगता है कि वह 2023 विश्वकप में भारत की तरफ से पारी का आगाज करने के लिए प्रबल दावेदार है। वर्ष 2019 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले युवराज अपने राज्य पंजाब के युवा क्रिकेटरों के लिए मेंटर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाते रहे और इनमें गिल भी शामिल हैं। कोविड-19 के कारण 2020 में लॉकडाउन के दौरान शुभमन ने युवराज के साथ समय बिताया तथा पंजाब के वर्तमान कप्तान और सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा के साथ भारतीय टीम के इस पूर्व ऑलराउंडर से क्रिकेट के गुर सीखे। युवराज ने कहा, शुभमन बहुत कड़ी मेहनत करने वाला खिलाड़ी है और सभी अच्छी चीजों पर ध्यान देता है। मेरा मानना है कि अगले 10 वर्षों में वह दिग्गज खिलाड़ी बनेगा। युवराज ने टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के प्रदर्शन और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को बर्खास्त किए जाने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह खेल या क्रिकेटर प्रशासक बनने के लिए तैयार हैं। मुझे नहीं पता कि भविष्य के गर्त में क्या छिपा है लेकिन अगर मैं देश में खेल के विकास में योगदान दे सकता हूं तो इसमें मुझे कोई गुरेज नहीं। यह केवल क्रिकेट नहीं बल्कि मैं देश में खेलों के विकास में योगदान देना पसंद करूंगा।



### एआईएफएफ ने 2027 एएफसी एशियाई कप की बोली वापस ली, सऊदी अरब एकमात्र दावेदार बचा

भाष। नई दिल्ली

**भारत ने** सोमवार को 2027 एएफसी एशियाई कप के आयोजन की बोली वापस ले ली और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने कहा है कि इस समय बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करना उसकी रणनीतिक प्राथमिकताएं नहीं हैं। ईरान और उज्बेकिस्तान जैसे देशों के अक्टूबर में दौड़ से हटने के बाद भारत और सऊदी अरब 2027 में होने वाली महाद्वीप की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी के दो दावेदार बचे थे। एफआईएफएफ के तत्कालीन अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने 2020 में भारत की बोली की नींव रखी थी लेकिन कल्याण चौबे की अगुआई वाले मौजूदा प्रशासन का मानना है कि जमीनी स्तर पर काम और युवा विकास के जरिए फुटबॉल ढांचे का आधार खड़ा करना बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी से अधिक महत्वपूर्ण है। कार्यकारी समिति के हवाले से कहा गया, इस महीने घोषित होने वाले महासंघ के रणनीतिक खाके के अनुसार एफआईएफएफ प्रबंधन को लगता है कि बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी महासंघ की रणनीतिक प्राथमिकताओं में फिट नहीं बैठती।

### भारतीय खिलाड़ियों पर मैच फीस का 80 प्रतिशत जुर्माना

भाषा। मीरपुर

**भारतीय** खिलाड़ियों पर बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को यहां खेले गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में धीमी ओवर गति के लिए उनकी मैच फीस का 80 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच एक विकेट से गंवाया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पैनल के मैच रेफरी रंजन मदुगले ने यह जुर्माना लगाया क्योंकि भारत ने निर्धारित समय में चार ओवर कम किए थे। खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के धीमी ओवर गति से जुड़े अनुच्छेद 2.22 के अनुसार निर्धारित समय में ओवर पूरे न करने पर खिलाड़ियों पर प्रति ओवर की दर से उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। आईसीसी के बयान के अनुसार भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यह जुर्माना स्वीकार कर लिया है और इसलिए इस मामले में आगे सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर माइकल गॉ और तनवीर अहमद, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर गाजी सोहेल ने भारतीय टीम पर धीमी ओवर गति के आरोप लगाए थे। दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे बुधवार को खेला जाएगा।

## इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में पाक को हराया

भाषा। रावलपिंडी

**इंग्लैंड ने टेस्ट** क्रिकेट में आक्रामकता की अपनी रणनीति की एक और झलक पेश करते हुए सोमवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन अंतिम सत्र में पाकिस्तान को 74 रन से हरा दिया।

पाकिस्तान को अंतिम सत्र में जीत के लिए 86 रन की दरकार थी जबकि उसके पांच विकेट शेष थे लेकिन एंडरसन (36 रन पर चार विकेट) और रोबिनसन (50 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने उसने अंतिम सत्र में सिर्फ 11 रन पर पांच विकेट गंवा दिए और पूरी टीम 268 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज सऊद शकील ने सर्वाधिक 76 रन बनाए। इसके अलावा इमाम उल हक (48), रिजवान (46) और अजहर अली (40) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। अंतिम सत्र में अपने दूसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर रोबिनसन ने आगा (30) को पगबाधा करके अजहर के साथ उनकी छठे विकेट की 61 रन की साझेदारी का अंत किया। रोबिनसन ने अगले ओवर में अजहर को भी लेग स्लिप में जो रूट के हाथों कैच कराके पाकिस्तान को सातवां झटका दिया।



### आईपीएल 2023 से पहले ग्रीन के काम के बोझ को लेकर चिंतित हैं कोच मैकडोनाल्ड

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले कैमरून ग्रीन के कार्यभार को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने कहा कि इस लुभावनी टी20 लीग में इस ऑलराउंडर के खेलने पर फैसला टूर्नामेंट के करीब आने पर किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ी 23 साल के ग्रीन की इस महीने की नीलामी में आईपीएल फ्रेंचाइजी के बीच काफी मांग होने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) ने मैकडोनल्ड के हवाले से कहा, क्रिकेट के अगले 12 महीनों में उनका (ग्रीन) कुल कार्यभार, क्या यह चिंता का विषय है? हां, मुझे लगता है कि यह हर खिलाड़ी के लिए चिंता का विषय है। हमने इसके बारे में कई बार बात की है। यह देखना काल्पनिक है कि मार्च के अंत में वह कैसा महसूस कर रहा होगा। आईपीएल से पहले उसे बहुत क्रिकेट खेलना है और मुझे यकीन है कि वह अभी फैसला नहीं करेगा।

### पुणेरी पलटन पीकेएल के सेमीफाइनल में

**हैदराबाद।** पुणेरी पलटन ने सोमवार को यहां पटना पाइरेट्स को 44-30 से हराकर पीकेएल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुणे की इस जीत के नायक आकाश शिंदे और मोहम्मद नबीबख्श रहे। शिंदे ने 13 अंक जबकि नबीबख्श ने नौ अंक बनाएं। पुणे की टीम ने शुरू से अपना दबदबा बनाकर रखा और मध्यांतर तक उसने 19-10 से मजबूत बढ़त हासिल कर रखी थी। उसने तीसरे ऑल आउट से अपनी बढ़त 43-19 करके जीत सुनिश्चित की।

### खाई को पाटेगा महिला आईपीएलः हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना जैसी स्टार खिलाड़ियों का मानना है कि महिला आईपीएल से नई खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बदलाव में ढलने में मदद मिलेगी। पहले महिला आईपीएल का आयोजन अगले साल मार्च में करने की तैयारी है। इसमें राष्ट्रीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत और सीनियर सलामी बल्लेबाज स्मृति सहित देश की शीर्ष खिलाड़ियों के अलावा विदेशी महिला स्टार खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगी। हरमनप्रीत ने स्टार स्पोर्ट्स के शो फॉलो द ब्ल्यूज पर कहा, आईपीएल उन खिलाड़ियों के लिए शानदार मंच होगा जो काफी अच्छी हैं। आपको पता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रातों-रात अपना रवैया और मानसिकता नहीं बदली जा सकती। लेकिन आईपीएल में जब उन्हें विदेशी खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा तो उन्हें मंच मिलेगा, उन्हें समझ आएगा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट क्या है। हरमनप्रीत ने कहा, इसलिए जब वे भारतीय टीम के लिए खेलेंगी तो उन पर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं होगा क्योंकि अभी जो खिलाड़ी घरेलू टीम से चुनी जाती हैं, मैं कभी कभी देखती हूं कि उन्हें पता ही नहीं होता कि अपनी रणनीति में बदलाव कैसे करना है।

### महिला अंडर-19 विश्व कप और दक्षिण अंडर-19 द्विपक्षीय दौरे पर भारत की अगुआई करेंगी शेफाली

**नई दिल्ली।** प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को दक्षिण अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी तक होने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के लिए सोमवार को भारत की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने पहले अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के अलावा 17 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम के खिलाफ शुरू हो रही आगामी द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए भी टीम का चयन किया। वर्ष 2019 मे सीनियर टीम की ओर से पदार्पण करने के बाद दो टेस्ट, 21 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली 18 साल की शेफाली दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला मे भी टीम की अगुआई करेगी। सभी पांच टी20 मुकाबले प्रिटोरिया के टुक्स ओवल मे 27, 29 और 31 दिसंबर तथा दो और चार जनवरी को खेले जाएंगे।

### कदम को स्वर्ण, पैरा बैडमिंटन में भारतीय खिलाड़ी चमके

**नई दिल्ली।** पैरा विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सुकांत कदम की अगुआई मे भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने लीमा मे पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण पदक जीते। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कदम ने पुरुष एकल एसएल4 वर्ग के फाइनल मे सिंगापुर के ची हियोंग आंग को 21-14 21-15 से हराया जबकि एसएल3 वर्ग मे निहाल गुप्ता ने फ्रांस के मथीयू थॉमस को 21-16 21-14 से शिकस्त दी। कदम ने खिताब जीतने के बाद कहा, मै नतीजे से काफी खुश हूं, मै कड़ी ट्रेनिंग कर रहा था। मेरे लिए साल अच्छा रहा और उम्मीद करता हूं कि अगले साल भी यह निरंतरता बरकरार रखूंगा। महिला वर्ग में नित्या श्री सुमति सिवन और मनदीप कौर ने क्रमशः एसएच6 और एसएल3 एकल वर्ग में खिताब जीते। नित्या ने पेरू की गुइलियाना पोवेदा फ्लोरेस को 21-6 21-13 जबकि मनदीप ने युक्रेन की ओक्साना कोजीना को 21-11 21-11 से हराया।

### पेले के परिवार ने कहाः कोविड के कारण हुआ संक्रमण, जान को खतरा नहीं

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले की दो बेटियो और एक पोते ने कहा कि तीन बार विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे पेले कोविड-19 के कारण हुए श्वसन संक्रमण के इलाज के लिए मंगलवार से अस्पताल मे भर्ती है। परिवार के सदस्यो ने हालांकि कहा कि इस 82 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी की जान को खतरा नही है। केली और फ्लाविया नैसिमेंटो तथा आर्थर अरांतेस डो नैसिमेंटो ने रविवार रात प्रसारित एक साक्षात्कार में कहा कि पेले को सांस के संक्रमण से पूरी तरह ठीक होने के बाद साओ पाउलो में अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। पेले ही कैंसर के कारण कीमोथेरेपी भी चल रही है। अस्पताल ने शनिवार को कहा कि पेले संक्रमण के इलाज के लिए अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे है और पिछले 24 घंटे में उनकी स्वास्थ्य स्थिति खराब नही हुई है।